वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 17 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 40, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ रुपये घटी

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सेंसेक्स की कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से करीब एक लाख करोड़ की कमी आयी। } 10

शाह ने पुण्यतिथि पर वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनकी मूल्य आधारित राजनीति ने सुशासन की परिकल्पना को धरातल पर उतारा। } 10

सुरक्षित भारत बनाना हम सबका दायित्व : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तेरहवीं बार लाल किले पर फहराया तिरंगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से लगातार तेरहवीं बार तिरंगा फहराया। अपने 76 मिनट के संबोधन में उन्होंने विकसित भारत के अपने सपने को पूरा करने की योजना का देश के साथ साझा की।

उन्होंने कहा कि आज हम सब 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। आज हर दिलों की धड़कन वंदे मातरम के नाद से गूंज रही है। आज हर घर तिरंगा है, हर मन तिरंगा है और देश उत्साह और उमंग के साथ नए संकल्पों को लेकर के आज आगे बढ़ रहा है। आप सबको स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। देश आज उन महान सपूतों का पुण्य स्मरण करता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी पूरी जिंदगी खपा दी। पूज्य बापू समेत सभी स्वतंत्रता सेनानियों को, बलिदान की महान परंपरा जगाने वाले महान क्रांतिकारियों को आज मैं श्रद्धापूर्वक

नमन करता हूं। आज जो इस समारोह में उपस्थित हैं, उन सबके लिए आज एक ऐतिहासिक पल भी है। आजादी के बाद 15 अगस्त को लाल किले पर पहली बार वंदे मातरम गूंज रहा है। आज जब हम देश के लोग वंदे मातरम के 150 वर्ष मना रहे हैं, प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में आपने जब हमें मौका दिया, उसी दिन हमने संकल्प लिया था कि हम देश को नक्सलवाद से मुक्त करेंगे और आज मुझे खुशी है कि नक्सली माओवादी हिंसा आखिरी सांस भी शायद रहने की अब तो ताकत नहीं रही है, पूरी तरह उसे खत्म करने की दिशा में, जहां पर कभी नक्सलवादियों की गोलियां चलती थी, जहां पर कभी धरती रक्त रंजित रहा करती थी, आज उसी नक्सल क्षेत्रों में, उसी इलाकों में, नक्सल मुक्त होने ...शेष पृष्ठ 10 पर

विश्व के नेताओं का पीएम मोदी ने आभार जताया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने के लिए इजराइल के अपने समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू का रविवार को आभार जताया तथा उम्मीद व्यक्त की कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी, जिससे नए अवसर पैदा होंगे एवं लोगों के आपसी संबंध और गहरे होंगे। मोदी ने भारत के स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे समेत अन्य नेताओं का भी आभार ...शेष पृष्ठ 10 पर

मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ घरों में तिरंगा फहराने के महायज्ञ की आज पूर्णाहुति हो रही है। **'हर घर तिरंगा' महा-अभियान में उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागी बने आप सभी प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं।** प्रदेश का नवसामर्थ्य जब विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के रूप में झलकता है, तो मन हर्षित हो उठता है।

जब संकल्प का कोई विकल्प नहीं रह जाता, तभी असंभव लक्ष्य भी सिद्ध हो पाते हैं। स्वतंत्रता दिवस हमें सदैव उन वीरों के ऐसे ही संकल्पों का स्मरण कराता है, जो देश के लिए हंसते-हंसते शहीद हो गए। **बाबू बंधू सिंह, खुदीराम बोस, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह एवं पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' जैसे मां भारती के अनेक वीर सपूतों ने युवावस्था में ही अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया।**

किशोरावस्था और युवावस्था जीवन का एक स्वर्णिम दौर है। **तरुणाई अंगड़ाई लेती है और सपने आकार लेते हैं।** व्यक्तित्व का निर्माण होता है तथा कुछ कर गुजरने की लालसा बलवती होती है। यही समय तय करता है कि हमारी ऊर्जा और सामर्थ्य केवल हमारे अपने भविष्य को आकार देंगे या समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी नई दिशा देंगे।

हमारा गौरवशाली इतिहास ऐसे अनेक दृष्टांतों से परिपूर्ण है, जब भारतीय विभूतियों ने उम्र की सीमाओं से परे जाकर देश और दुनिया को मार्ग दिखाया। **आदि शंकराचार्य ने अल्पायु में ही भारत की आध्यात्मिक चेतना को एक सूत्र में पिरो दिया। स्वामी विवेकानंद ने युवावस्था में ही भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का संदेश विश्व मंच तक पहुंचाया।** इनका जीवन सिखाता है कि उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन संकल्प और सामर्थ्य बड़ा होना चाहिए।

जब मैं 26 वर्ष की अवस्था में पहली बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुआ और सार्वजनिक जीवन का व्रत लिया, तब से अब तक मेरे सामने भी राष्ट्रसेवा एवं जनसेवा के यही आदर्श सर्वोपरि रहे हैं। आज प्रदेश सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव अवसर प्रदान कर रही है। विगत साढ़े नौ वर्षों में शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में अनेक अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। **आवश्यकता है कि किशोर एवं युवा इन अवसरों का लाभ उठाएं। अपने संकल्प को राष्ट्रनिर्माण के वृहद लक्ष्य से जोड़ें और उसे सुदृढ़ करने के लिए नियमित योग एवं व्यायाम को जीवन का अंग बनाएं।** तिरंगे के मूल्यों- शौर्य, शांति और समृद्धि को अपने जीवन में उतारें। **जाति-पाति से ऊपर उठकर एकता एवं समरसता का मार्ग चुनें।**

युवा साथियों, आत्मनिर्माण से राष्ट्रनिर्माण का महती दायित्व आपके कंधों पर है। आपकी ऊर्जा, प्रतिभा, अनुशासन एवं संकल्प से ही विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का लक्ष्य साकार होगा। यही युवा शक्ति उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।

आपका

योगी आदित्यनाथ

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।

युवाओं के लिए लायेंगे नयी यूथ पॉलिसी

युवाओं के हाथ में स्किल, इनोवेशन और एंप्लॉयमेंट देना सरकार का संकल्प

सहज-सरल, लेकिन इरादों के अटल थे पूर्व प्रधानमंत्रीः सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा निवेदित करते हुए लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन निर्विवाद और निष्कलंक रहा। वह भारतीय राजनीति के अजातशत्रु के रूप में राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ निरंतर कार्य करते रहे। सार्वजनिक जीवन की शुरूआत उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा-370 लगाए जाने के विरोध में सत्याग्रह से प्रारंभ की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पं. अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं साहित्य संध्या को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अटल जी के विचारों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम योगी ने कहा कि सांसद, विदेश मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री की अलग-अलग भूमिकाओं में भी उनके लिए सदैव राष्ट्र प्रथम रहा। वह भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, नेता सदन, प्रधानमंत्री समेत किसी भी पद पर रहे हों, लेकिन उनका जीवन का ध्येय केवल राष्ट्र प्रथम था। जब-जब भी आवश्यकता पड़ी, उन्होंने दल से ऊपर देश को महत्व दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जब देश पर इमरजेंसी थोपी थी तो उन्होंने जनसंघ का जनता पार्टी में विलय करते हुए आपातकाल से मुक्ति के आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया था।

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन में आयोजित राजकीय समारोह में प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए नई यूथ पॉलिसी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा प्रतिभावान, परिश्रमी और देश व समाज के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छाशक्ति से भरपूर है। सरकार का संकल्प हर युवा के हाथ में स्किल, इनोवेशन और एंप्लॉयमेंट उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार के बाद उत्तर प्रदेश अब उपद्रव प्रदेश से उत्सव प्रदेश बन चुका है। कभी बीमारू राज्यों में गिने जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में देखा जा रहा है। पॉलिसी पैरालिसिस समाप्त कर प्रदेश को निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि नई यूथ पॉलिसी के माध्यम से युवाओं के स्किल, ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीतापुर में चौकी इंचार्ज निलंबित, एसएचओ के खिलाफ जांच शुरू

सीतापुर। सीतापुर के किशोरी की मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। यूपी में अपराध करेंगे तो कार्रवाई होगी और अपराधियों को बचाने की कोशिश हुई तो जिम्मेदार भी नहीं बचेंगे। कोतवाली देहात क्षेत्र में किशोरी का पेड़ पर लटका शव मिलने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। वहीं पुलिस की लापरवाही पर चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है और एसएचओ के खिलाफ जांच शुरू है। योगी सरकार की निगरानी में पुलिस ने मामले में तेजी से कार्रवाई की है। तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हैंगिंग बताया गया है। जांच में सामने आने वाले हर तथ्य को गंभीरता से लिया जा रहा है। सरकार का रुख स्पष्ट है कि अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून के शिकंजे से बच नहीं सकता।

फिजी से सैन फ्रांसिस्को तक तिरंगे की वैश्विक यात्रा पूरी

नयी दिल्ली। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी तरह का पहला अभियान सूर्यपथ तिरंगा शनिवार को आयोजित किया गया जिसमें पूर्व से पश्चिम तक 50 से अधिक भारतीय दूतावासों ने हिस्सा लिया। इसके तहत तिरंगे की तस्वीरों को अलग-अलग टाइम जोन में डिजिटल रूप से प्रसारित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस अनूठी वैश्विक यात्रा की शुरुआत फिजी की राजधानी सुवा स्थित भारतीय उच्चायोग से हुई और अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर इसका समापन हुआ। इस अभियान में विभिन्न देशों और महाद्वीपों के 54 भारतीय दूतावास और केंद्र जुड़े। इस तरह सूर्य की गति को दुनिया भर में तिरंगे की प्रतीकात्मक यात्रा से जोड़ा गया।

आम नागरिक भटकने को न हों मजबूर : सीएम धामी

मुख्यमंत्री धामी ने नैनीताल क्षेत्र में स्थानीय लोगों से की मुलाकात, विकास कार्यों की ली जानकारी

प्रमुख संवाददाता

नैनीताल (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चोरगलिया क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली। राजकीय इंटर कॉलेज लाखनमंडी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए सरकारी तंत्र के अलग-अलग स्तरों पर भटकना न पड़े, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत को केवल दर्ज करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसके निस्तारण की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर हल होने वाले मामलों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की ओर से उठाए गए विषयों पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश ...शेष पृष्ठ 10 पर

इंडोनेशिया में भूकंप से 51 लोगों की मौत

रुतेंग। पूर्वी इंडोनेशिया में एक दिन पहले आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में मृतकों की संख्या रविवार को चार और शव बरामद होने के बाद बढ़कर 51 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंप के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। अमेरिका भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 5:58 बजे पूर्वी इंडोनेशिया के फ्लोरेस क्षेत्र में आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अमेरिका भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि सुनामी की चेतावनी जारी होने के बाद लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए हालांकि बाद में यह चेतावनी वापस ले ली गई। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप के बाद कम से कम 235 झटके महसूस किए गए।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 4 मजदूरों की मौत

लखनऊ के गोसाईंगंज क्षेत्र में हादसा, मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सुल्तानपुर हाईवे पर गंगागंज के पास ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। हादसे में ट्रॉली के नीचे दबकर 4 मजदूरों की मौत हो गई।

सभी मृतक बाराबंकी जिले के थे ईंट भट्टे पर रोजी-रोटी के लिए मजदूरी करते थे। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार सुबह करीब 4:45 बजे की है। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि हाईवे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई है और उसके नीचे कई लोग दबे हैं। सूचना मिलते ही गोसाईगंज थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। ट्रॉली पर ईंटे लदी होने के चलते उसे हटाने के लिए एनएचएआई की क्रेन

बुलाई गई। एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने चारों घायलों को बाहर निकाला और सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने तीनो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। वही चौथे घायल बलराम रावत को हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक पीतांबर रावत (35), बाराबंकी स्थित कोठी क्षेत्र के अचकामऊ स्थित देशराज के ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर स्वतंत्रता दिवस पर विराज सागर दास ने ध्वजारोहण कर युवाओं को सशक्त भारत बनाने का दिलाया संकल्प

आज का भारत युवाओं का भारत है : विराज सागर दास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी, विराज टॉवर और 8, विक्रमादित्य मार्ग स्थित अपने आवास पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन के अध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट विराज सागर

दास ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया। राष्ट्रगान जन गण मन और वन्दे मातरम् की गूंज ने पूरे परिसर को देशभक्ति के भाव से भर दिया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का भारत युवाओं का भारत है। हमें अपने देश और प्रदेश की उन्नति के लिए सकारात्मक कार्य करने चाहिए ताकि देश के युवाओं की शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार बने और ऐसे भारत की कल्पना को पूरा करने में छात्र-छात्राओं और युवाओं का सहयोग और संकल्प का भाव स्पष्ट रूप से देखा जा सके। हमें भारत को विकासशील देश से विकसित देश बनाने के लिए युवाओं की सकारात्मक सोच और उनके द्वारा किये जा रहे नवाचार पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर विराज सागर दास ने कहा कि यह दिन मेरे लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि मेरे बाबा श्रद्धेय बाबू बनारसी दास जी स्वयं स्वतंत्रता सेनानी थे। मात्र 13 वर्ष की आयु में उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में भाग लेकर राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया था। उनका त्याग, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम आज भी हमारे परिवार की सबसे बड़ी प्रेरणा है। मेरे पिताजी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के संस्कारों और बाबा की विरासत ने मुझे सदैव सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। आज महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को नमन करते हुए यही संकल्प है कि उनके सपनों के समर्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान निरंतर देता रहूं। इस अवसर पर विराज सागर दास ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

संदेश

हम सभी देश की एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों की रक्षा करते हुए विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लें। सुधी पाठकों, अभिकताओं एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

धर्मेन्द्र सिंह
तहसील संवाददाता-सफीपुर

नितिन वर्मा
संवाददाता-शुक्लागंज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील कुमार शुक्ला
समाजसेवी
विकासखण्ड सुमेरपुर, उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

डा. राजेश कुमार वर्मा
सीएचसी अधीक्षक
सफीपुर उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रवींद्र कुमार	विनीत तिवारी	शिव बरन सिंह
ग्राम प्रधान	प्रधान प्रतिनिधि	ग्राम विकास अधिकारी
रैइयामऊ	अटवा मोहाल ओसिया	विकासखंड सफीपुर जिला उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मनींद्र कुमार	अनुराग मिश्रा	विवेक कुमार द्विवेदी
खंड शिक्षा अधिकारी	प्रधान शिक्षक - प्राथमिक विद्यालय अंधेलिया सफीपुर उन्नाव	प्रधान शिक्षक-प्राथमिक विद्यालय कजियाना सफीपुर उन्नाव



सरस्वती मेडिकल कॉलेज
सरस्वती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
सरस्वती कॉलेज ऑफ़ फ़ार्मेसी

पाठ्यक्रम : एम.बी.बी.एस., एम.डी., एम.एस., डी.फार्मा.

एन०एच०२७, लखनऊ-कानपुर राजमार्ग, पो० : आशाखेड़ा, उन्नाव - फोन नं० : 0515-3510001

स्वस्थ नागरिक • सशक्त राष्ट्र • समृद्ध भारत

हमारी प्रतिबद्धता

गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा | उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं | अनुसंधान और नवाचार | समाज सेवा के प्रति समर्पण | 24x7 आपातकालीन सेवाएं

'ज्ञान, सेवा और समर्पण के साथ स्वस्थ भारत की ओर अग्रसर'

क्षेत्रवासियों को **स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएँ।

उपलब्ध सुविधाएँ

आपातकाल चिकित्सा सुविधा
24 x 7 एम्बुलेंस सुविधा

आयुष्मान भारत
योजना से सम्बद्ध

डायलिसिस
सेवा उपलब्ध

ओपीडी 08:00 -02:00 संपर्क सूत्र : 7084222092, 0515-3510001

जनरल फिजिशियन	मानसिक रोग चिकित्सा
बाल रोग चिकित्सा	नेत्र रोग चिकित्सा
महिला एवं प्रसूति रोग चिकित्सा	त्वचा रोग चिकित्सा
हड्डी रोग चिकित्सा	शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन)
दंतरोग चिकित्सा	टीबी (क्षय रोग) एवं छाती रोग चिकित्सा

पैथोलॉजी (सभी जाँचे) ब्लड बैंक सुविधा एक्सरे सुविधा अल्ट्रा साउंड सुविधा
सीटी स्कैन सुविधा आईसीयू सुविधा आईसीसीयू सुविधा पीआईसीयू सुविधा

कार्यालय
नगर पालिका परिषद, देवरिया

"15 अगस्त 2026"

15 अगस्त 2026

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद देवरिया की ओर से सभी सम्मानित नगर वासियों को **हार्दिक शुभकामनायें** तथा उक्त अवसर पर समस्त नगर वासियों निम्न निवेदन है कि-

1. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में अपना योगदान दे।
2. जन्म व मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराते हुए प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
3. ईधर-उधर कूड़ा कर्कट न फेंक कर निर्धारित स्थल पर ही कूड़ा रखें।
4. पालीथीन का प्रयोग न करें। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
5. नाला-नालियों व सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण न करें।
6. पथ प्रकाश बिन्दुओ/जलकल की टोटियों को क्षतिग्रस्त होने से बचायें।
7. पालिका के गृहकर-जलकर दुकान किराया व लाइसेन्स शुल्क आदि का समय से भुगतान करें। ताकि विकास की गति को बढ़ाया जा सकें।
8. यदि आपके भवन का गृहकर जलकर निर्धारित नहीं है, तो पालिका आकर स्वकर निर्धारण योजना का लाभ उठायें।
9. अपने आस-पास जल जमाव न होने दे। जल जमाव की स्थिति में मिट्टी तेल, जले हुए मोबिल आयल आदि का प्रयोग करें। ताकि मच्छरो का लार्वा विकसित न होने पायें।
10. सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र की स्वीकृति के उपरान्त ही भवन का निर्माण करावें।
11. अपने भवन व प्लाट के खाली स्थानो पर पौधारोपण करें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।
12. फास्ट फूड बीमारियों की जड़ है, अतएवं फास्ट फूड के सेवन से परहेज करें।
13. घर में निकलने वाला गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग-अलग रखे तथा कूड़ा गाड़ी आने पर उसे अलग-अलग दे।
14. नगर पालिका सम्बन्धित पथ-प्रकाश, जलापूर्ति, सफाई आदि सम्बन्धी शिकायत टोल फ्री नम्बर 1533 पर या पालिका स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में कर सकते है।

स्वच्छ देवरिया | स्वस्थ्य देवरिया | सुन्दर देवरिया

(संजय कुमार तिवारी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, देवरिया

(अलका सिंह)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, देवरिया

- समस्त मा. सदस्यगण -

पत्रांक : 2287/अधिष्ठान-2026-27/ देवरिया
दिनांक : 14 अगस्त, 2026

कार्यालय नगर पंचायत मौरावां, जनपद- उन्नाव

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आइए, हम सभी मिलकर अपने नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें

नगरवासियों से अपील-

1. नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
3. सार्वजनिक स्थलों/नाली/सड़क आदि पर अतिक्रमण न करें।
4. सभी करों का भुगतान कर नगर पंचायत का आर्थिक सहयोग करें।
5. मार्ग प्रकाश उपकरणों से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।
6. पॉलीथीन का प्रयोग न करें, कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
7. नल को खुला छोड़कर पानी बर्बाद न करें। जल अमूल्य है।
8. 6 वर्ष से अधिक के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश अवश्य कराएं।
9. जन्मद्मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
10. नगर आपका है, इसे स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग करें।
11. जितना संभव हो सके अपने आस-पास वृक्ष एवं पौधे लगायें और वातावरण को हरा-भरा रखें।
12. अनावश्यक वृक्षों को न काटें, वृक्ष हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं।
13. खुले में शौच न करें, घर में आवश्यक रूप से शौचालय बनवाएं।
14. कटे-फटे कपड़ों एवं प्लास्टिक/पेय पदार्थों का उपयोग न करें।
15. निकाय के करों (जलमूल्य, गृहकर आदि) का भुगतान समय-समय पर करते रहें।
16. डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले वाहनों में गीला कचरा हरे डस्टबिन में व सूखा कचरा नीले डस्टबिन में ही डालें।
17. घर में शौचालय न होने की स्थिति में सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें।

संतोष चतुर्वेदी	मधुकर द्विवेदी	विवेक सेठ
अधिशासी अधिकारी	लिपिक	अध्यक्ष
नगर पंचायत मौरावां उन्नाव	नगर पंचायत मौरावां उन्नाव	नगर पंचायत मौरावां उन्नाव

समस्त सदस्यगण-
श्रीमती राजकुमारी, श्री अमरनाथ, श्रीमती प्रिया सेठ, श्रीमती रानी चौरसिया, श्रीमती साधना देवी, श्री सादिक अली, श्री अली इमाम, श्री आशीष, श्री सुल्तान बेग, श्री पंकज, श्री इसरत अली, श्री मकबूल वारिस।

निर्दिष्ट सदस्यगण-
श्रीमती साधना चौरसिया, श्री पंकज अवस्थी, श्री सुमित चौधरी

पत्रांक : मेमो/न.पा.मौ./2026-27 दिनांक : 13.08.2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

नगर गंगाघाट को बनाये नं.-1

'नागरिकों से अपील'

1- पालीथीन की बिक्री व उपयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित है। निरीक्षण के दौरान प्रतिबन्धित पालीथीन की बिक्री व उपयोग पाये जाने पर सामग्री जब्त करते हुये जुमार्ना भी हो सकता है। किसी भी प्रकार के प्लास्टिक/थमाकील के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि का प्रयोग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक है, इसलिए इसका उपयोग कदापि न करें।

2- प्लास्टिक/थमाकील के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि के स्थान पर कपड़े कागज आदि द्वारा निर्मित उत्पाद का प्रयोग, मानवहित, स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कोई भी दुकानदार, थोक विक्रेता, ठेला वालों, फेरी वालों, फल वालों, सब्जी वालों सहित अन्य जनमानस द्वारा प्लास्टिक/थमाकील के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि का प्रयोग/क्रय/विक्रय करते हुए पाया जाता है तो वह ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की नीति के क्रम में नगर पालिका उपविधि के अन्तर्गत पेनाल्टी/जुमार्ना शुल्क वसूल किया जायेगा।

3- नगर पालिका सीमान्तर्गत भवन निर्माण सामग्री (निष्प्रयोज्य सामग्री) को खुली जगहों (खाली प्लॉट एवं सड़क किनारे) पर फेंकने पर एसडब्ल्यूएम नियम 2016 तथा नगर पालिका उपविधि के अनुसार प्रथम बार उल्लंघन करने पर रु 500/- तथा पुनरावृत्ति पाये जाने पर रु 1000/- प्रति प्रकरण जुमार्ना हो सकता है। कोई भी व्यक्ति सी० एण्ड डी० वेस्ट से सम्बन्धित सूचना स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी के मो० नं० 8382035276 पर देकर सीएण्डडी वेस्ट से सम्बन्धित सेवायें नियमानुसार पालिका से प्राप्त कर सकता है। सार्वजनिक मार्ग/नाली पर मलवा डालने पर उपरोक्तानुसार जुमार्ना वसूल किया जायेगा।

कौमुदी पाण्डेय

अध्यक्ष	अधिशासी अधिकारी	समस्त सदस्यगण
न.पा.प. गंगाघाट उन्नाव	न.पा.प. गंगाघाट उन्नाव	न.पा.प. गंगाघाट उन्नाव

पत्रांक : मेमो/न.पा.प. गंगाघाट/स्वतंत्रता दिवस-2026-27 दिनांक : 14 अगस्त, 2026

रिकॉर्ड बारिश, कई इलाकों में घरों व सड़कों पर भरा पानी

- जानकीपुरम में घरों के अंदर घुसा पानी, लोग पहली मंजिल पर पहुंचे
- महानगर, संजयगांधीपुरम में नाले का गंदा पानी घरों में घुसा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रविवार तड़के करीब 3 बजे से सुबह 8 बजे तक हुई मूसलाधार बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। सीजन की रिकॉर्ड बारिश के बाद जानकीपुरम, भूतनाथ, संजयगांधीपुरम, टेढ़ी पुलिया, सचिवालय रोड और इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा समेत कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया।

सबसे ज्यादा असर जानकीपुरम में दिखाई दिया। यहां कई घरों में चार फीट तक पानी भर गया। घरों के मुख्य दरवाजे और ग्राउंड फ्लोर पानी में डूब गए। बेडरूम और किचन तक में पानी पहुंचने के बाद लोग सामान बचाने के लिए पहली मंजिल पर जाने को मजबूर हुए। कॉलोनियों में आवाजाही भी प्रभावित रही। सड़कों पर पानी भरने से कई जगह बाइक के साइलेंसर में पानी घुस गया और वाहन बंद हो गए। लोग बाइक को धक्का देकर ले जाते दिखाई दिए। कई इलाकों में घरों के बाहर खड़ी कारों के पहिए भी पानी में डूब गए। जलभराव के बीच कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे लोगों को पेयजल की परेशानी का सामना करना पड़ा। महानगर सचिवालय कॉलोनी में जल निकासी की स्थिति भी गंभीर रही।

माउंट कार्मल स्कूल के पास नाले का पानी उफनाने से यू-टाइप के करीब 10-12 मकानों में गंदा पानी घुस गया। घरों में रखे बेड, सोफा, फ्रिज और अन्य घरेलू सामान पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक क्षेत्र में करीब आठ महीने से नाले का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन काम पूरा नहीं होने और जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण हर बारिश में जलभराव की स्थिति बन जाती है। घरों में गंदा पानी भरने से दुर्गंध के साथ संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। प्रभावित लोगों ने प्रशासन से तत्काल राहत और स्थायी जल निकासी व्यवस्था की मांग की है। हालात बिगड़ने के बाद नगर निगम की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं।

भूतनाथ मार्केट समेत कई स्थानों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव और जोनल अधिकारी विकास सिंह ने मौके पर पहुंचकर जल निकासी और राहत कार्यों का जायजा लिया। अधिकारियों के अनुसार निचले इलाकों में पंपिंग स्टेशनों को पूरी क्षमता से चलाया जा रहा है।

लखनऊ में अब तक 341.1 मिमी बारिश : मौसम विभाग ने लखनऊ में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। दिनभर बादल छाए रहने और बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है। इस मानसून सीजन में अब तक लखनऊ में 341.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य बारिश का आंकड़ा 433.5 मिमी है। 15 अगस्त को 40.9 मिमी और इससे पहले 4 अगस्त को 40.2 मिमी बारिश हुई थी।

मुख्यमंत्री ने लिया बारिश और जलभराव का संज्ञान : प्रदेश में बारिश और जलभराव से हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को कार्यालयों से निकलकर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जनहानि, पशुहानि और आर्थिक नुकसान का तत्काल सर्वे कराने तथा प्रभावित परिवारों को 24 घंटे के भीतर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील करते हुए बिजली चमकने के दौरान खुले में न निकलने तथा नदियों और जलाशयों से दूर रहने की सलाह दी है।

देश को कमजोर करने वाली ताकतों से रहें सतर्क : सीएम

- आजादी का मतलब केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, अराजकता, गरीबी, अशिक्षा और असमानता से मुक्ति भी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को अपने सरकारी आवास 5, कालिदास मार्ग पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने राष्ट्रनायकों और देश के लिए बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी का अर्थ केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि अराजकता, पिछड़ेपन, गरीबी, अशिक्षा और असमानता से भी पूर्ण मुक्ति है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल समारोह तक सीमित रहने का अवसर नहीं, बल्कि नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और संपूर्ण आजादी के लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प लेने का दिन है।

उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता को लंबे समय तक सुरक्षित और मजबूत बनाए रखने के लिए किसी एक व्यक्ति, जाति या संप्रदाय को नहीं, बल्कि देश के सभी नागरिकों को अपने-अपने क्षेत्र में समान रूप से योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के परिणामस्वरूप 1947 में भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। आज देशवासी जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं, वह भारत माता के महान सपूतों और बलिदानियों की तपस्या का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि भारत अंतरविरोधों और षड्यंत्रों के कारण गुलाम हुआ, लेकिन देशवासियों ने मन और मस्तिष्क से गुलामी को कभी स्वीकार नहीं किया। अलग-अलग क्षेत्रों में समय-समय पर विदेशी दासता के खिलाफ संघर्ष होते रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस के जांबाज इंस्पेक्टर सुनील कुमार के बलिदान को भी याद किया।

उन्होंने कहा कि इंस्पेक्टर सुनील कुमार को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध तथा अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के संकल्प को आगे बढ़ाने में इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रपति के वीरता पुरस्कार से सम्मानित उत्तर प्रदेश के अन्य अधिकारियों एवं जवानों को भी बधाई दी।

प्रेरणा देता है वीरांगनाओं का तप-त्याग : सीएम

- वीरांगनाओं के नाम पर किए गए कार्यों के पीछे का ध्येय है महिलाओं की सुरक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने उन्हें भारत की आजादी के प्रथम स्वातंत्र्य समर 1857 की महान क्रांतिकारियों में से एक बताया। कहा कि वीरांगनाओं का योगदान, तप, त्याग और बलिदान हम सभी को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उनकी 196वीं जयंती है। वर्ष 1857 में वे मात्र 27 वर्ष की थीं। इस छोटी आयु में उन्होंने आजादी के संघर्ष में बलिदान कर मिसाल प्रस्तुत की। आजादी के लिए उनका बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी भारत की आजादी की उन महान नायिकाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने में कोई कोताही नहीं बरती। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ देश की आजादी के लिए युद्ध को लड़ा गया, हर व्यक्ति आज भी बड़ी श्रद्धा से उनकी स्मृतियों को नमन करता है। उनके योगदान के लिए हर भारतवासी नतमस्तक है।

सीएम योगी ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का आदर्श उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणा बन सके, इसके लिए हमारी सरकार ने यूपीपीएसी की तीन नई महिला बटालियन के गठन के कार्य को बढ़ाया और इनका नामकरण/गठन इन्हीं वीरांगनाओं के नाम पर किया। बदायूं में रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर पीएसी की नई वाहिनी का गठन किया। यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहां वीरांगना रानी अवंती बाई की अश्वारोही प्रतिमा की स्थापना की कार्रवाई अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है।

लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी पासी के नाम पर महिला पीएसी की गठित बटालियन का कार्य भी युद्धस्तर पर आगे बढ़ा है। गोरखपुर में वीरांगना झलकारी बाई कोरी के नाम पर पीएसी की नई बटालियन का कार्य तेजी से बढ़ रहा है। इन दोनों बटालियन में भी वीरांगनाओं की अश्वारोही प्रतिमाओं का कार्य आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश में मातृशक्ति की सुरक्षा के प्रश्न उभरते थे, इन वीरांगनाओं के नाम पर किए गए कार्य के पीछे का ध्येय यही है कि उन प्रश्नों पर छाए बादल समाप्त हों। बेटी सुरक्षित हो और सम्मान के साथ सिर उठाकर समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर सके। उसके स्वावलंबन के लिए शासन की योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकें। इसी विश्वास के साथ डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में कार्यक्रमों को बढ़ाया है।

पारा में नगर निगम टीम पर पथराव, तीन सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त

- कई कर्मचारियों को चोटें, 18 भैंसें पकड़कर ठाकुरगंज कांजी हाउस में निरुद्ध

लखनऊ। नगर निगम के जोन-06 अंतर्गत पारा थाना क्षेत्र में रविवार को पशु कल्याण विभाग की टीम की ओर से पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम पर कुछ घोसियों एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों की ओर से पथराव किए जाने की घटना सामने आई। पथराव में नगर निगम के तीन सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई कर्मचारियों को चोटें आईं।

अभियान के दौरान नगर निगम की टीम की तरफ से मौके से 18 भैंसों को पकड़कर ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया। इसी दौरान कुछ लोगों ने अभियान का विरोध करते हुए नगर निगम के सरकारी वाहनों एवं कर्मचारियों पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव के कारण नगर निगम के सरकारी वाहन संख्या यूपी 32 डब्ल्यूएन 6007, यूपी 32 टीएन 7337 एवं यूपी 32 एनएन 2215 के आगे के शीशे टूट गए। लगातार किए गए पथराव में नगर निगम के कई कर्मचारियों के पीठ एवं पैरों पर चोटें आईं। घटना के संबंध में प्रभारी पशु कल्याण, जोन-06 अवधेश कुमार की ओर से थाना पारा में तहरीर दी गई।

तहरीर में सरकारी वाहनों एवं नगर निगम कर्मचारियों पर पथराव कर क्षति पहुंचाने तथा कर्मचारियों को चोट लगने की घटना का उल्लेख किया गया है। तहरीर के माध्यम से पथराव करने वाले घोसियों एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई किए जाने तथा नगर निगम कर्मचारियों एवं सरकारी वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। नगर निगम प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने, कर्मचारियों पर हमला करने तथा सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

कांग्रेस व विपक्ष आरएसएस से सीखें : राजेश्वर

- मजबूत संगठन और समाज से निरंतर जुड़ाव से बनता है स्थायी जनाधार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने संघ की जमीनी सेवा, संगठन निर्माण और सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और विपक्षी दलों को केवल राजनीतिक विरोध तक सीमित न रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को समाज के बीच जाकर निरंतर सेवा कार्य करने और सामाजिक संस्थाओं के निर्माण से सीख लेनी चाहिए।

डॉ. सिंह ने कहा कि राजनीति केवल चुनाव के समय सक्रिय होने का माध्यम नहीं है। स्थायी जनाधार और जनविश्वास 365 दिन की सेवा, मजबूत संगठन और समाज के साथ निरंतर जुड़ाव से बनता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस की एक सदी की यात्रा इसी निरंतरता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आरएसएस करीब 89 हजार दैनिक शाखाओं के माध्यम से 55 हजार से अधिक स्थानों तक पहुंच चुका है। संघ का सामाजिक कार्य केवल शाखाओं तक सीमित नहीं है। विद्या भारती, राष्ट्रीय सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय क्षेत्रों और युवाओं के बीच काम किया जा रहा है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि नकारात्मक राजनीति कोई रणनीति नहीं है। किसी विचारधारा का विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन केवल विरोध के आधार पर राजनीति लंबे समय तक मजबूत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि समाज के बीच जाकर काम करना, संस्थाएं बनाना और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही स्थायी जनविश्वास की नींव है। केरल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां आरएसएस का राजनीतिक प्रभाव सीमित होने के बावजूद बड़ी संख्या में शाखाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह मजबूत सामाजिक और संगठनात्मक संरचना का उदाहरण है।

डॉ. सिंह ने कांग्रेस की स्वयंसेवी परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि 1923 में काकीनाडा में हिंदुस्तानी सेवा दल की पहल हुई थी और 1931 में महात्मा गांधी ने इसे मान्यता दी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी सेवा-दल परंपरा को पुनर्जीवित करना चाहिए और इसे केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष को आलोचना से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं और जरूरतमंदों के लिए सामाजिक संस्थाएं खड़ी करनी चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी से भी सवाल किया कि सरकार से बाहर रहते हुए उसके पास ऐसी कितनी सामाजिक संस्थाएं हैं, जो उन लोगों की भी सेवा करती हों जो शायद कभी उसे वोट न दें। डॉ. सिंह ने कहा कि विपक्ष को आरएसएस की निरंतरता से सीखना चाहिए सेवा निरंतर हो, संगठन मजबूत हो और राजनीति समाज निर्माण का माध्यम बने।

भव्यता और गरिमा के साथ मना 80वां स्वतंत्रता दिवस, देशभक्ति के रंग में रंगी राजधानी

- विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने एक मंच पर दिखाई सांस्कृतिक विविधता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में विधानभवन के सामने 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्यता, गरिमा और देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच आसमान से हुई पुष्प वर्षा ने समारोह की भव्यता को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह करीब 9:15 बजे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुई। भारतखण्डे संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम् की शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद 32वीं वाहिनी पीएसी, 35वीं वाहिनी पीएसी और मिलिट्री बैंड ने अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समारोह की गरिमा बढ़ाई। मुख्यमंत्री द्वारा तिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े जाने के साथ पूरा परिसर भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना प्रमुखता से दिखाई दी। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड, पूर्वांचल, अवध और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लोक संस्कृतियों के साथ जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, गुजरात और बिहार के कलाकारों ने अपनी लोक परंपराओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। गणपति बप्पा मोरया और छठी मैया के लोकगीतों से लेकर विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों तक कलाकारों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत किया। करीब 16 कलाकारों की टीम ने इस प्रस्तुति को तैयार किया। भारतखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कथक एवं लोकनृत्य टीम ने भी शानदार प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की रक्षा और सम्मान के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने शहीद परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि इन परिवारों के वीर सपूतों ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश का मस्तक ऊंचा किया। समारोह में मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद लेफ्टिनेंट हरी सिंह बिष्ट की माता शांति बिष्ट, शौर्य चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट कर्नल अमित मोहिंद्रा के पिता एचएस मोहिंद्रा, शौर्य चक्र से सम्मानित कर्नल भरत सिंह तथा वीर चक्र से सम्मानित शहीद नायक राजा सिंह की पौत्रवधू राजेश्वरी देवी सहित कई वीरों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ऑपरेशन विजय में शहीद मेजर रितेश शर्मा के पिता सत्य प्रकाश शर्मा, ऑपरेशन रक्षक में शहीद नायक अरुण कुमार त्रिपाठी के पिता हवलदार ओमप्रकाश त्रिपाठी, नौसैन्य अभियान में शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर रजनीकांत यादव की माता प्रजेश यादव और विभिन्न सैन्य अभियानों में शहीद जवानों के परिजनों को भी सम्मान प्रदान किया गया। सीआरपीएफ के शहीद रक्षा राम, शहीद दिवाकर तिवारी और लांस नायक शहीद बचान सिंह के परिजनों को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले उत्तर प्रदेश समेत आठ राज्यों के कलाकारों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर संवाद किया और उन्हें सम्मानित किया।

मुख्य सचिव ने आवास पर फहराया तिरंगा : राजधानी लखनऊ में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य सचिव से लेकर नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण और सुएज इंडिया के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को नमन किया। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने अपने शासकीय आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी।

नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल ने राष्ट्रध्वज फहराया। इसके बाद त्रिलोकनाथ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर काकोरी कांड तक लखनऊ के योगदान को याद किया। महापौर ने वीरांगना ऊदा देवी, बेगम हजरत महल, राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां समेत सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण में सचिव विवेक श्रीवास्तव ने प्राधिकरण भवन में ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आजादी दिलाने वाले महान विभूतियों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। भरवारा स्थित 345 एमएलडी एसटीपी परिसर में सुएज इंडिया की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें 600 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने ध्वजारोहण के बाद कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देती है।

लखनऊ सीजी सिटी में अर्बन वेट लैंड के पास निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका 15 अगस्त 2026 से आम जनता के लिए खोल दिया गया। इस मौके पर 3 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी के

कमांडिंग ऑफिसर, कमांडर रोहित सूद ने कैडेट्स की उपस्थित में ध्वजारोहण करके राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में लखनऊ विकास प्राधिकरण के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि 15 अगस्त से संग्रहालय आम लोगों के लिए खोला दिया गया है। उपाध्यक्ष ने कहा कि नौसेना शौर्य वाटिका शहरवासियों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ देश की नौसेना के गौरवशाली इतिहास, शौर्य और पराक्रम को जानने-समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और भारतीय नौसेना के प्रति गौरव की भावना विकसित करने में यह परिसर उपयोगी साबित होगा।

महात्मा बुद्ध मेमोरियल इंटर कॉलेज की तीनों शाखाओं में छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकालकर आपसी भाईचारा, प्लास्टिक उन्मूलन और युवाओं को मोबाइल से दूरी बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। विद्यालय प्रशासन की ओर से डॉक्टर, पुलिसकर्मी और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। सह-संस्थापिका एवं प्रबंधक रीता सिन्हा, अध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर सिन्हा और डॉ. सौमित्र स्वरूप सिन्हा ने ध्वजारोहण कराया और उन्हें देश के गौरव को ध्यान में रखते हुए भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में देशभक्ति का उत्साह : इंटीग्रल

यूनिवर्सिटी में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। चांसलर एवं संस्थापक प्रो. सैयद वासिम अख्तर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने देश की एकता, अखंडता, संविधान के मूल्यों और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया।

ला मार्टिनियर कॉलेज के ऐतिहासिक कॉन्स्टैनशिया के ईस्ट टेरेस पर स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित हुआ। नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली के लॉजिस्टिक्स कंट्रोलर वाइस एडमिरल रजत कपूर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित कॉलेज के पूर्व छात्रों की स्मृति मेंस्मारक पट्टिकाओं का अनावरण भी किया गया।

सिंधी पंचायत मवैया की ओर से सिंधी स्कूल मवैया में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुखी धर्मपाल राजपाल, मुरलीधर आहूजा, अमरनाथ चौधरी, गौतम राजपाल, दीपक लालवानी और जीतू हिरवानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्यालय



में प्रबंध निदेशक संदीप भागिया ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता एवं विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। एमडी ने निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों से पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ काम करने का आह्वान किया।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विशाख जी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की प्रगति के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से पीड़ितों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर उन्हें न्याय दिलाने की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

बादशाहनगर स्थित मनोरंजन संस्थान में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और सीमा पर तैनात जवानों के पराक्रम को नमन किया। उन्होंने रेलकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए उपलब्ध निःशुल्क नृत्य, योग, शूटिंग और ट्यूशन जैसी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि ब्रॉडगेज लाइन पर मंडल का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। इस वर्ष दो नई सवारी गाड़ियां और एक जोड़ी मेल एक्सप्रेस शुरू की गई हैं। कई स्टेशनों पर कोच गाइडेंस, डिस्प्ले बोर्ड और स्वचालित उद्घोषणा प्रणाली भी स्थापित की गई है।

चारबाग स्थित रेलवे स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा मुख्य अतिथि तथा महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निरुपमा वर्मा विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम में रेलवे की राष्ट्रीय एकता और आर्थिक विकास में भूमिका को रेखांकित किया गया। समारोह की शुरूआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान हुआ।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान

(पीजीआई) में निदेशक पद्मश्री प्रो. राधा कृष्ण धीमन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की आजादी के लिए किए गए बलिदानों को याद करने और देश की प्रगति पर चिंतन करने का अवसर है। कॉलेज ऑफ नर्सिंग और कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान के कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने ध्वजारोहण किया और संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 18 नियमित कर्मचारियों को उत्कृष्ट

सेवा के लिए डायरेक्टर अवॉर्ड ऑफ मेरिट प्रदान किया गया। भर्ती मरीजों को फल भी वितरित किए गए। केजीएमयू में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। बड़ी संख्या में चिकित्सक, कर्मचारी और अन्य स्टाफ ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए और राष्ट्र की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बलरामपुर अस्पताल में निदेशक डॉ. बीकेएस चौहान ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली आजादी हमें देश की एकता, अखंडता और सम्मान को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देती है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े होने के कारण अस्पताल कर्मियों की जिम्मेदारी और भी बड़ी है। अस्पताल आने वाला प्रत्येक मरीज उम्मीद लेकर आता है, इसलिए उसकी बेहतर देखभाल करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में सुबह आठ बजे मठ

के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द जी महाराज ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर रामकृष्ण संघ के संन्यासी और बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। इसके बाद रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के प्रकल्प विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सुबह 8:30 बजे ध्वजारोहण हुआ। स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या, संकाय सदस्य तथा एमएससी, बीएससी और जीएनएम की छात्राएं उपस्थित रहीं। समारोह में राष्ट्रसेवा के साथ मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया।

अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी शाखाओं में



ध्वजारोहण विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह, प्रबंध निदेशिका जतिन्दर वालिया और निदेशिका डॉ ब्रह्मजोत कौर ने किया। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर प्रबन्धक सर्वजीत सिंह, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्वतंत्रता प्राप्ति के उन अमर शहीद बलिदानियों को याद कराया जिनके अद्वितीय शहादत से हमें आजाद भारत में स्वच्छन्दता से जीने का अवसर प्राप्त हुआ।

लखनऊ विश्वविद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत गरिमामयी, भव्य और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रभात वेला से ही देशभक्ति के गीतों और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों के बीच स्वाधीनता का महापर्व उल्लासपूर्वक आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कैम्प कार्यालय में विधिवत ध्वजारोहण किया।

बीबीएयू में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण हुआ और सामाजिक परिवर्तनकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स एवं सुरक्षा टुकड़ियों द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गई तथा कुलपति एवं अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ध्वजारोहण के बाद सभी के द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गाया गया। सर्वप्रथम कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह घर की दूसरी मंजिल की छत पर धुले कपड़े सूखने के लिए डालने गई एक 35 वर्षीय महिला हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। आनन फानन लोगों ने गहरु पावर हाउस पर सूचना देकर विद्युत सप्लाई ठप कराई। बाद में उसे वहां से नीचे उतारकर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई। सरोजनीनगर के जयराजपुरी कॉलोनी निवासी संदीप रावत अपनी पत्नी मीरा (35) और छोटे भाई प्रदीप रावत के साथ रहकर घरों में वाई फाई लगाने का काम करता है। संदीप रविवार सुबह घर में सो रहा था और प्रदीप शनिवार को महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन चला गया था।

इस दौरान रविवार सुबह करीब 9 बजे मीरा कपड़े धुलकर अपने मकान की दूसरी मंजिल की छत पर सूखने के लिए डालने गई थी। तभी उसका दुपट्टा मकान की छत पर बनी ईंटों की रेलिंग के बगल से गुजर रही 11000 वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। जिससे मीरा करंट की चपेट में आकर मकान के छज्जे पर जा गिरी और उसका बांया पैर सीधे तार के ऊपर चला गया। विद्युत तार के संपर्क में आते ही मीरा धू धू कर जलने लगी। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया। बाद में आनन-फानन इसकी सूचना गहरु विद्युत पावर हाउस को दी गई। तब विद्युत सप्लाई ठप हुई। लेकिन तब तक महिला बुरी तरह जलकर झुलस चुकी थी। गंभीर हालत में आनन-फानन उसे नीचे उतारकर एंबुलेंस से सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शाम को अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव : मलिहाबाद क्षेत्र में शनिवार रात रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार रात करीब 9 बजे दिलावर नगर और मलिहाबाद स्टेशन के बीच पिलर संख्या 1102/12 के पास शव पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची मलिहाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि व्यक्ति की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक की जानकारी हो तो वह मलिहाबाद थाने या प्रभारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर सूचना दे।

नहर में मिला अज्ञात युवक का शव : पारा थाना क्षेत्र के विक्रम नगर पुल के पास शारदा नहर में शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव उतराता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव काफी पुराना होने के कारण पहचान नहीं हो सकी है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर विक्रम नगर ओवरब्रिज के पास स्थानीय लोगों ने नहर में एक शव तैरता देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाया। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष आंकी गई है। शव कई दिन पुराना होने के कारण अत्यधिक सड़-गल चुका था और शरीर फूल गया था। इस वजह से चेहरे से पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। आशंका है कि युवक की मौत कई दिन पहले हुई होगी और शव बहकर यहां पहुंचा हो। फिलहाल पुलिस सोशल मीडिया पर शव की फोटो प्रसारित कर और आसपास के जिलों में शव की पहचान का प्रयास कर रही है।

नहर में डूबने से अधेड़ की मौत

लखनऊ। मानकनगर थाना क्षेत्र मे बीते पांच दिन पूर्व सोमवार को स्कूल से बेटी को लेकर घर लेकर लौटते समय डीआरएम पुलिया की ओर मुड़ते समय एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से नहर में गिरकर डूबने से अधेड की मौत हो गई। वही मृतक के पिता ने अज्ञात बाइक सवार टक्कर मारने का आरोप लगा शनिवार को स्थानीय मानक नगर थाने मे लिखित शिकायत की है। मानकनगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि कृष्णानगर के खुशी विहार कॉलोनी निवासी मृतक रवि कुमार कुशवाहा (49) के पिता शंकरलाल कुशवाहा के अनुसार बीते 10 अगस्त को उनका मृतक पुत्र रवि बेटी वर्षिता को अवध कोलिजिएट स्कूल, पारा कैंपस से बाइक से घर जा रहा था। आरोप है कि अज्ञात वाहन ने उनके बेटे की बाइक के हैंडल में टक्कर मार दी। जिससे वह नहर के बगल गड्ढे मे जा गिरा और उनके बेटे की नहर मे डूबने से मौत हो गई।

ट्रक की ठोकर बाइक सवार युवक की मौत

लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में शनिवार रात किसान पथ पर हुए हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जीसीआरजी कॉलेज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार हादसा रात करीब 8:30 बजे जीसीआरजी कॉलेज के पीछे किसान पथ पर हुआ। सैरपुर मड़ियांव के बासवान पुरवा निवासी अंकित पुत्र ओम प्रकाश बाइक संख्या यूपी32 जेयू6208 से जा रहे थे।

इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक संख्या जेएच02बीके0597 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर के बाद अंकित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से 100 शैय्या अस्पताल भेजा। अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

शौचालय का छज्जा गिरने से युवक की मौत

लखनऊ। सैरपुर थाना क्षेत्र के साधुपुर गांव में रविवार सुबह शौचालय का छज्जा अचानक गिरने से 40 वर्षीय रमाकर मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान साधुपुर निवासी रमाकर मिश्रा पुत्र ज्ञानेश्वर मिश्रा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह के समय शौचालय का छज्जा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। रमाकर मिश्रा उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिजन रमाकर को तुरंत ट्रामा सेंटर ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सैरपुर पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतक परफ्यूम बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी शोभा के अलावा तीन बच्चे–शिव, लक्ष्मीकांत और रजनीकांत हैं। चार साल पहले मृतक परिवार के साथ रैथा रोड स्थित साधुपुर कॉलोनी में मकान लेकर रहने आया था।

इन्दिरानगर थाने में तैनात दरोगा लापता

लखनऊ। इंदिरानगर थाने में तैनात दरोगा आनंद कुमार मिश्रा 11 अगस्त से लापता हैं। वह दोपहर 12:45 बजे सिविल ड्रेस में घर से थाने जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद वापस नहीं लौटे। पत्नी ने सरोजनीनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस को उनकी आखिरी लोकेशन वाराणसी में मिली है, जिसके बाद टीम उन्हें तलाशने के लिए रवाना हो गई। पुलिस के मुताबिक, आनंद का मोबाइल लगातार स्विच ऑफ मिल रहा था। जांच के दौरान उनकी आखिरी लोकेशन वाराणसी में मिली। इसके बाद पुलिस की टीम उन्हें सकुशल बरामद करने के लिए वाराणसी रवाना हो गई। तहरीर के अनुसार आनंद की पत्नी अंजलि तिवारी भी पुलिस विभाग में दरोगा हैं और डीसीपी मध्य कार्यालय में तैनात हैं।

मोनू हत्याकांड का छठा आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। सैरपुर के बीरमपुर निवासी राज उर्फ मोनू हत्याकांड में फरार चल रहे छठे आरोपी साजन निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सैरपुर पुलिस और डीसीपी उत्तरी की सर्विलांस टीम ने उसे शनिवार को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हीरो स्प्लेंडर बाइक भी बरामद की है। इससे पहले पुलिस पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। एसीपी बीकेटी विकास पांडेय ने बताया कि बीरमपुर निवासी राज 8 अगस्त की रात से लापता था।

लूट के मामले में चार और वांछित गिरफ्तार

लखनऊ। विभूतिखंड में 'होटल तमाशा इन' विक्रांतखंड के पास मई में हुई लूट के मामले में पुलिस ने चार और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, 9 मई की रात आरोपितों ने अपने साथियों की मदद से पीड़ित और उसके दो दोस्तों से मारपीट, गालीगलौज किया था। जान से मारने की धमकी देकर चेन, मोबाइल और नगदी लूट ली थी। मामले में अब तक सात आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इससे पहले 5 जून को पुलिस ने प्रमिश सिंह, सन्नी सिंह और संदीप सिंह को गिरफ्तार कर जल भेजा था। 14 अगस्त को गांडा निवासी अमरजीत सिंह उर्फ गब्बर, अजय कुमार गुप्ता उर्फ शैलेन्द्र सिंह उर्फ शैलेन्द्र कुमार उर्फ शैलू गुप्ता और इंदिरानगर निवासी विवेक सिंह उर्फ छोटे सरकार उर्फ भोले को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 15 अगस्त को बीबीडी निवासी सौरभ सिंह उर्फ प्रिंस उर्फ छोटे राजा उर्फ राजा छोटा को गिरफ्तार कर जल भेजा गया।

राजधानी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

लखनऊ। राजधानी में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जन भवन, लखनऊ में ध्वजारोहण किया तथा सलामी ली। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जन भवन के अधिकारी-कर्मचारियों तथा आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। साथ ही सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर उन्होंने जन भवन में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों ने भी राज्यपाल को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा विभिन्न विश्वविद्यालयों और कालेजों ने भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर आजादी के महत्व को विद्यार्थियों को बताया। इस अवसर पर राजधानी तिरंगे से सराबोर नजर आयी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय पर हुआ ध्वजारोहण

लखनऊ। भाजपा के राज्य मुख्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक राष्ट्रगान किया गया तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संचालन मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ल ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रत्येक भारतीय द्वारा लिए जाने वाले संकल्प का दिन है। इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं है, बल्कि यह हमारे सम्मान, स्वाभिमान, गौरव, गरिमा और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और अमर बलिदानियों के त्याग का स्मरण कराता है, जिनके संघर्ष और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत मिला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के इस पावन पर्व पर हम सभी देश और प्रदेश की उन्नति में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लें। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि आइए, हम अपने तिरंगे का सम्मान बनाए रखें और भारत की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहें।

एलपीएस में मेधावी हुए सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की सभी 10 शाखाओं में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष सम्मान समारोह में कक्षा 9 से 11 तक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 892 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले मेधावी शामिल रहे, वहीं कक्षा 10 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों को उपहार स्वरूप ट्रॉली बैग देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की सभी शाखाओं में प्रधानाचार्यों द्वारा ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों, प्रेरणादायक भाषणों, मनमोहक नृत्य, रिदमिक योग और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को दशार्ते हुए प्रभावपूर्ण नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया। इसके बाद मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विद्युत क्षेत्र के निजीकरण का विरोध होगा: फेडरेशन

लखनऊ। ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के 54वें स्थापना दिवस पर फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे एवं सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव ने देशभर के पावर इंजीनियरों से एकजुट, सजग और तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्युत क्षेत्र के सार्वजनिक स्वरूप को कमजोर करने वाले प्रत्येक प्रयास का सभी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फेडरेशन विद्युत क्षेत्र के सार्वजनिक स्वरूप की रक्षा के लिए, पावर इंजीनियरों, कर्मचारियों, उपभोक्ताओं, किसानों और समाज के अन्य वर्गों को साथ लेकर अपना लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखेगा। 54वें स्थापना दिवस पर फेडरेशन ने पुनः संकल्प लिया कि सार्वजनिक विद्युत व्यवस्था की रक्षा, उपभोक्ता हितों की सुरक्षा, कर्मचारियों के हितों का संरक्षण तथा राष्ट्रीय विद्युत परिसंपत्तियों के निजीकरण का विरोध पूरी दृढ़ता से जारी रहेगा।

युवती का कराया धर्म परिवर्तन

लखनऊ। चौक के थवई टोला निवासी युवती का धर्म परिवर्तन कराया गया। उससे पहले कलमा पढ़वाया गया। इसके बाद निकाह कर लिया। आरोपी शादीशुदा होने के बाद भी गुमराह कर निकाह किया। जानकारी होने पर विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर युवक उसके भाई व दो बहनों पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थवई टोला निवासी युवती के मुताबिक एक साल पहले ए-चैट ऐप के जरिए उसकी पहचान शाहरुख खान उर्फ रफ्तार से हुई थी। शाहरुख ने दोस्ती के बाद उससे शादी करने की इच्छा जताई। युवती ने धर्म अलग होने की बात कहते हुए शादी से इनकार किया तो शाहरुख ने भरोसा दिलाया कि धर्म परिवर्तन नहीं कराया जाएगा और दोनों अपने-अपने धर्म को मानेंगे।

निकाह के नाम पर कलमा पढ़वाया

युवती के मुताबिक बाद में शाहरुख ने दुबई से लौटकर लखनऊ में निकाह करने और उसे अपने साथ दुबई ले जाने का भरोसा दिया। उसने एक परिचित के माध्यम से उसे कलमा पढ़वाया और कहा कि निकाह के लिए दोनों का एक धर्म का होना जरूरी है। इसके बाद कथित तौर पर 786 मेहर तय कर उसे निकाह कुबूल करवाया गया। करीब एक साल तक शाहरुख उसे अपनी पत्नी बताकर पति जैसा व्यवहार करता रहा। शाहरुख लखनऊ आने और शादी करने का आश्वासन देता रहा। उसने युवती को आधार कार्ड भी दिया और सरनेम बदलने के लिए कहा। बाद में युवती को पता चला कि शाहरुख का परिवार वहां किराये के मकान में रहता है।

इस पर उसे शक हुआ। युवती के मुताबिक उसने शाहरुख की बहन और मां से शादी के बारे में जानकारी ली। मां ने बताया कि शाहरुख का एक वर्ष पूर्व शाजिया नाम की युवती से ऑनलाइन निकाह हुआ था, अभी उसकी रुखसती नहीं हुई है। आरोप है कि भाई ने उससे शाहरुख द्वारा इलाज के लिए दिये गये 20 हजार रुपये वापस मांगे। इसके बाद व्हाट्सएप पर गालियां व आपत्तिजनक मैसेज भेजे। युवती ने बताया कि 3 मई को उसने चौक थाने में शाहरुख और उसके भाई के खिलाफ प्रार्थना-पत्र दिया था।

जियो टैगिंग के विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिया धरना

लखनऊ। जियो टैगिंग की व्यवस्था के विरोध में रविवार को लखनऊ किराना कमेटी और लखनऊ गल्ला खाद्य व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किराना बाजार, राजाबाजार और सुभाष मार्ग स्थित राम मंदिर के पास व्यापारियों ने बाजार बंद कर सांकेतिक धरना दिया। व्यापारियों ने जियो टैगिंग व्यवस्था को अव्यावहारिक बताते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि लगातार नए नियमों के कारण व्यापारी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जियो टैगिंग व्यापार को सरल बनाने के बजाय अधिकारियों के स्तर पर अनावश्यक कार्रवाई का रास्ता खोल सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन को प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। अमरनाथ मिश्र ने कहा कि इस संबंध में मंडी समिति के निदेशक को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। समाधान नहीं होने पर व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसीपी चौक को सौंपा। लखनऊ गल्ला खाद्य व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि परचून और थोक व्यापार में प्रत्येक गेट पास के गंतव्य तक पहुंचने पर जियो टैग के माध्यम से निस्तारण की व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है।

ईगल पेंट फैक्ट्री में भीषण आग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग थाना क्षेत्र के तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया मेंशनिवारे र रात ईगल पेंट फैक्ट्री में लगी आग ने दमकल विभाग की नींद उड़ा दी। फैक्ट्री में पेट्रोल, केरोसिन और पेंट के कंटेनर रखे होने के कारण धमाके का खतरा मंडरा रहा था। दमकलकर्मियों ने कंटेनरों को पहले ठंडा किया, फिर अंदर घुसकर आग पर काबू पाया। 8 फायर टैंकर और एसडीआरएफ की मदद से 3 घंटे के बाद आग बुझाई जा सकी। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

रात 10:32 बजे फायर स्टेशन आलमबाग को सूचना मिली कि तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ईगल पेंट फैक्ट्री से आग की ऊंची लपटें और काला धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही आलमबाग, सरोजनीनगर, पीजीआई, चौक और हजरतगंज से कुल 8 फायर टैंकर मौके पर पहुंचे। चौक फायर स्टेशन के प्रभारी अधिकारी पुष्पेंद्र यादव ने मोर्चा संभाला दमकलकर्मियों ने देखा कि आग वाले हिस्से के ठीक बगल में पेट्रोल, केरोसिन और पेंट से भरे कंटेनर रखे हैं। अगर आग वहां तक पहुंचती तो बड़ा विस्फोट हो सकता था। इसे देखते हुए टीम ने सबसे पहले कंटेनरों पर लगातार पानी की बौछार कर उन्हें ठंडा करना शुरू किया। साथ ही आग को फैलने से रोकने के लिए फैक्ट्री को चारों तरफ से घेरा गया। बगल की फैक्ट्री की छत से भी फायर फाइटिंग की गई। ऊपर से फोम और नीचे से पानी की मार कर आग को काबू करने की कोशिश हुई। अंदर धुआं और तापमान ज्यादा होने के कारण दमकलकर्मियों ने बीए सेट पहनकर बेसमेंट में प्रवेश किया। वहां आग के मुख्य स्रोत को ढूंढकर पानी और फोम से बुझाया गया। स्थिति को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर बुलाई गई। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

करीब 3 घंट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। फैक्ट्री के अंदर अब भी धुआं होने के कारण कूलिंग की कार्रवाई जारी है। फैक्ट्री के मालिक अंकुश अग्रवाल पुत्र सुरेश चंद्र अग्रवाल बताए गए हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। अग्निशमन विभाग नुकसान का आकलन कर रहा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। समय रहते आग बुझ जाने से एक बड़े हादसे को टाल दिया गया।

नेपाल से आने वाली बसों का चालान नहीं हो पा रहा, परिवहन विभाग के सामने तकनीकी पेच

लखनऊ। नेपाल से उत्तर प्रदेश आने वाली यात्री बसों के खिलाफ यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने में परिवहन विभाग को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदेशी पंजीकरण वाली इन बसों का चालान करने की प्रक्रिया सामान्य भारतीय वाहनों से अलग होने के कारण प्रवर्तन टीमों के सामने तकनीकी और प्रक्रियागत दिक्कतें आ रही हैं। इसका फायदा उठाकर नियम तोड़ने वाले कुछ बस संचालकों पर तत्काल कार्रवाई नहीं हो पा रही है। परिवहन विभाग की टीमों द्वारा ओवरलोडिंग, परमिट, फिटनेस, दस्तावेज और यातायात नियमों की जांच के दौरान नेपाल नंबर की बसें भी सामने आती हैं। हालांकि इनके पंजीकरण और वाहन संबंधी विवरण भारतीय परिवहन व्यवस्था के पोर्टल पर उसी तरह उपलब्ध नहीं होने से ई-चालान प्रक्रिया प्रभावित होती है। कई मामलों में वाहन के कागजात की मौके पर जांच के बाद भी जुमार्ने की कार्रवाई पूरी करने में समय लग जाता है। अधिकारियों के मुताबिक भारत-नेपाल के बीच यात्री और पर्यटकों की आवाजाही के लिए बसों का संचालन निर्धारित नियमों और परमिट के आधार पर होता है। ऐसे में किसी भी वाहन के खिलाफ कार्रवाई से पहले उसके परमिट, रूट और अन्य दस्तावेजों का सत्यापन जरूरी है। यही प्रक्रिया प्रवर्तन टीमों के लिए चुनौती बन रही है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नेपाल से आने वाली बसों की जांच में नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया जाता है। जरूरत पड़ने पर वाहन को रोककर दस्तावेजों की जांच और नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। विभाग अब ऐसी बसों के संबंध में स्पष्ट और आसान ऑनलाइन प्रक्रिया विकसित करने पर जोर दे रहा है, ताकि नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्रवाई हो सके और यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहे।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर

पत्रांक-266/न.प.तम्बौर/2026-27 दिनांकः 14/08/2026

स्वच्छ तम्बौर सुंदर तम्बौर हरित तम्बौर विकसित तम्बौर

नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर की ओर से समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। इस राष्ट्रीय पर्व को स्वच्छ, सुंदर सुरक्षित, अनुशासित एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाने हेतु नागरिकों से निम्नलिखित सहयोग की अपील की जाती है-

1. हर घर तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराएँ और उसकी गरिमा बनाए रखें।
2. कूड़ा सड़क नाली या सार्वजनिक स्थान पर न डाले ।
3. कचरा पृथक्करण गीला, सूखा, सैनिटरी एवं विशेष देखभाल कचरा अलग-अलग रखें।
4. SWM Rules, 2026 कचरे का स्रोत पर पृथक्करण, पुनर्चक्रण एवं वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित करने में सहयोग करें।
5. सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें और कपड़े/जूट के थैले अपनाएँ।
6. संपत्ति कर समाधान योजना के अन्तर्गत 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026 तक संपत्ति कर जमा कर 1 अप्रैल 2026 तक देय ब्याज से मुक्ति का लाभ प्राप्त करें और अपने बकाये का समाधान कराएँ।
7. संपत्तिकर का समय से भुगतान, नगर के विकास एवं बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए नियमित रूप से संपत्तिकर जमा करें।
8. संपत्तिकर समस्या का समाधान कर निर्धारण, बिल, नामांतरण अथवा अन्य समस्या के समाधान हेतु नगर पंचायत में निर्धारित प्रक्रिया से आवेदन करें।
9. सड़क, फुटपाथ, नाली एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करें।
10. नालियों की स्वच्छता, नालियों एवं सीवर में कूड़ा-प्लास्टिक न डालें।
11. सड़क, स्ट्रीट लाईट, नाली एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को क्षति न पहुँचाएँ।
12. पानी की बाबादी रोकें और जल संरक्षण को बढ़ावा दें।
13. पौधे लगाएँ और उनकी नियमित देखभाल करें।
14. ध्वनि प्रदूषण से बचें, ध्वनि एवं आतिशबाजी से संबंधित निर्धारित नियमों का पालन करें।
15. नाली, सड़क, जलापूर्ति, जलभराव व साफ-सफाई संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 1533, सीवर सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नं. 14420 पर या पंचायत में स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में करें।

(सुभाष चन्द्र सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तम्बौर
अहमदाबाद

समस्त सभासदगण
नगर पंचायत तम्बौर
अहमदाबाद

(तय्यबुन निशा)
अध्यक्ष
नगर पंचायत तम्बौर
अहमदाबाद

होटल बुकिंग के नाम पर 94 हजार की ठगी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी की ओमेक्स रेजिडेंसी-2 निवासी वरिष्ठ नागरिक सतीश कुमार श्रीवास्तव साइबर ठगी का शिकार हो गए। पीड़ित के अनुसार 11 अगस्त को सोमनाथ के लिए होटल बुक करने के दौरान एक नंबर से कॉल आई। आरोपी ने भरोसे में लेकर मोबाइल पर तीन क्यूआर कोड भेजे और बार-बार स्कैन कराए। इसके बाद 11-12 अगस्त की रात 11 बजे से 2 बजे के बीच यूनियन बैंक खाते से 11 बार में कुल 94,296 रुपये निकाल लिए गए।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार नंबर 372282119456 है जिसमें सतीश चंद्र साहू अंकित है, पैन नंबर BRNPS3680p है जिसमे सतीश चंद्र गुप्ता अंकित है। मेरा सही नाम सतीश चंद्र गुप्ता होना चाहिए। **सतीश चंद्र गुप्ता निवासी पैगंबरपुर तहसील रोड सलोंन जनपद रायबरेली।**

नौकरी का झांसा देकर 4.65 लाख ठगे

लखनऊ। ओमान में प्रतिष्ठित कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी का झांसा देकर एजेंसी मालिक ने एक युवक से 4.65 लाख रुपये ऐंठ लिए। उसके बाद विजिट वीजा थमाकर उसे भेज दिया। नौकरी न मिलने पर पीड़ित स्वदेश लौटा। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने धमकाया। बाजारखाला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मॉडल हाऊस निवासी मोनिस हसन ने पुलिस को बताया कि वे खाड़ी देश में नौकरी के लिए प्रयासरत थे। वर्ष 2022 में राजाजीपुरम पत्थरकटा निवासी इरफान खान के कार्यालय में संपर्क किया। आरोपी ने खाड़ी देश की एक कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी के लिए पांच लाख रुपये की मांग की। पीड़ित ने 30 मार्च से 1 दिसंबर 2022 तक कई बार में 4,50,206 रुपये खाते व 15 हजार रुपये नकद दिए। आरोपी ने विजिट वीजा थमाकर उसे ओमान भेज दिया। वहां पहुंचने पर पता चला कि पद खाली नहीं है। पीड़ित विदेश में कई दिनों परेशान घूमता रहा। किसी तरह वह भारत लौटा।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

लखनऊ। पारा क्षेत्र के खुशहालगंज में रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मोहान रोड पर करीब 45 मिनट तक प्रदर्शन कर यातायात बाधित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया और जाम खुलवाया। ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। काकोरी थाना क्षेत्र के पलेहदा गांव निवासी अरुण कुमार लोधी रविवार को फूल बेचकर अपनी स्प्लेंडर बाइक से घर लौट रहे थे। खुशहालगंज के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और अरुण गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायल अरुण को संभाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा। अस्पताल में उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

आलमबाग चौराहे पर अंडरग्राउंड फॉल्ट, घण्टों बिजली गुल

- **भिलावा में आकाशीय बिजली से फुका ट्रांसफार्मर, बिजली गुल**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग चौराहे के पास रविवार सुबह अंडरग्राउंड केबल में फॉल्ट हो गया। वही दूसरी तरफ आलमबाग के भिलावा रेलवे कॉलोनी में रविवार सुबह करीब 10:30 बजे भारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 630 केवीए का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया जिससे करीब 400 घरों के उपभोक्ता को बिजली आपूर्ति बाधित होने के चलते परेशानी का सामना करना पडा।

आलमबाग चंदर नगर उपकेंद्र मे तैनात जेई आशीष कुमार ने बताया आलमबाग चौराहे पर अंडरग्राउंड केबिल फॉल्ट के चलते नटखेडा रोड पर विधुत आपूर्ति बाधित थी जिसे ठीक करा विधुत सप्लाई सुचारु रूप से शुरू करा दी गई है। आलमबाग के भिलावा रेलवे कॉलोनी में रविवार सुबह करीब 10:30 बजे भारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 630 केवीए का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। इससे करीब 400 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

सूचना पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल कराई। करीब चार घंटे तक कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बाधित रही। वही नटखेडा रोड युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष अरोड़ा सहित अन्य व्यपारियों का कहना था नटखेड़ा रोड आलमबाग मे आए दिन अंडरग्राउंड फॉल्ट की समस्या बनी हुई है जिसके चलते व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसके लिये बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है।

15 अगस्त पर नादरगंज के औरंगाबाद, प्रधानलॉन और औरंगाबाद जागीर में 11 केवी फाल्ट होने पर घण्टो बिजली कटौती रही, कई बार पावर हाऊस फोन किया गया लेकिन कोई सही जानकारी नही मिल सकी। पावर हाऊस के कर्मचारियों ने बताया कि कर्मचारी कम होने के कारण दूसरी जगह फाल्ट समय पर ठीक नही हो पा रहा है।

हरियाली तीज सुहागिनों ने किया सोलह श्रृंगार, गायी कजरी, रखा व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सावन माह के हरियाली तीज पर रविवार को सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार रच कर पति की दीघार्यु और यशस्वी जीवन के लिए व्रत रखा। पर्व को लेकर पहली बार ससुराल आई नव विवाहिताओं में जबरदस्त उत्साह है। तीज पर्व पर महिलाएं सजधज कर खास हरे रंग की साड़ी पहने मेहंदी लगाकर परम्परागत कजरी गाती रही।

हरियाली तीज के त्योहार पर अधिकांश महिलाओं ने सुबह से ही पूजा-अर्चना की तैयारिया शुरू कर दी। सुहागिन महिलाओं एवं युवतियों ने सोलह श्रृंगार एवं हरे रंग के वस्त्र धारण कर सर्व प्रथम बालू एवं मिट्टी से माता पार्वती एवं भगवान शंकर की प्रतिमाएं बना कर विधि विधान से पूजन कर परिवार में सुख, समृद्धि एवं शांति आने की कामना की।

पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं ने सामूहिक रुप से एकत्र होकर एक दूसरे के पैरों में सुहाग का प्रतीक महावर एवं मेहंदी लगाकर श्रावण मास को लेकर अनेक मल्हारें गाईं। कुछ महिलाओं ने घरों में झूले का आनंद लिया। महिलाओं ने घरों में धूमधाम से हरियाली तीज मनाने को लेकर मेहंदी, रंगोली, गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया। महिलाओं ने माता गैरा की कहानियां एक दूसरे को सुनाईं। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए दिनभर व्रत-उपवास रखती हैं। वहीं अच्छे पति की कामना के लिए अविवाहित युवतियां भी इस व्रत को रखती हैं। पर्व को छोटी तीज और श्रावण तीज के नाम से भी जाना जाता है।

सुहागिनों ने की शिव-पार्वती की आराधना: अखंड सुहाग की कामना का पर्व तीज रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखा। गली-मुहल्लों में मंगल गीत गूंजते रहे। महिलाओं ने शाम में सोलह श्रृंगार कर अपने पति के सौभाग्य और दीघार्यु के लिए भगवान शंकर और मां पार्वती की पूजा की। इस दौरान शिव-पार्वती की कथा सुनी और रतजगा कर शिव-पार्वती के गीत गाए। बड़ी संख्या में युवतियों ने भी अच्छे वर के लिए उपवार रखा और पूजा की। गोमती नगर के विशाल खंड.1 स्थिति विशालेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को विशालेश्वर महिला समिति की ओर से हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। किसी ने सावन गीतों पर डांस किया तो किसी ने अपनी सुरीली आवाज से मधुर गीत गाकर लोगों का दिल जीत लिया। महिलाओं ने सावन की रिमझिम बारिश..., शिव शंकर चले कैलाश बुंदियां पड़न लगीं जैसे एक से बढ़कर गीत गाकर उत्सव मनाया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन हुआ।

मनकामेश्वर में धूमधाम से मना तीज उत्सवः डालीगंज के प्राचीन शिवायलय श्रीमनकामेश्वर मठ-मंदिर में रविवार को श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज के अगुवाई में हरियाली तीज उत्सव धूमधाम हुआ। तीज पर मंदिर प्रांगण में झूला डाला गया। श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने भगवान शंकर और माता पार्वती की षोड्सोपचार पूर्वक पूजा की और झूला झूलीं महिलाओं ने सावन के गीत गाए। उत्सव में महिलाएं हरी साड़ियां पहन कर आई थीं। आकाशवाणी दूरदर्शन और आईसीसीआर की गायिका संगीता श्रीवास्तव ने कजरी, सावन, झूला लोकगीत अरे रामा कृष्ण बने मनिहारी की ओढ़ लीन्ही साड़ी रे हरि, झूला पड़ा कदंब की डरिया झूले, राधानंदकिशोर, बूंदन बरसन लागी हिमाचल नगरी, रिमझिम बरसे हो बदरवा झूम झूम के,....के गीत गाये। उनके साथ में शंकर दुबे, अनूप गुप्ता, मोहन देशमुख ने वाद्ययंत्रों पर संगत की। उत्सव में मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पाण्डेय, सुनीता गुप्ता, मोनी, पूजा, प्रियंका, वंदना ने भी गीत गाए और झूला झूली।

श्री श्याम श्रावणी तीज उत्सव में पूरवी अग्रवाल बनीं तीज क्वीन

लखनऊ। श्री श्याम मंदिर, गोमती तट पर आयोजित श्री श्याम श्रावणी तीज उत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और श्रृंगार के साथ उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में आयोजित तीज क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री स्वाती सिंह, बिंदु बोरा, डॉ. रोहाणी सेठी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना मिश्रा एवं वीना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पूरवी अग्रवाल ने तीज क्वीन का खिताब अपने नाम किया। उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में होंडा एक्टिवा स्कूटर प्रदान किया गया। वहीं रिचा प्रथम रनरअप रहीं, जिन्हें एलईडी टीवी पुरस्कार स्वरूप दिया गया। आकृति अग्रवाल ने द्वितीय रनरअप का स्थान प्राप्त किया और उन्हें हाउस ऑफ गिनीजा की ओर से आकर्षक गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में संजना और प्रीति भी टॉप-5 में स्थान बनाने में सफल रहीं। दोनों को सम्मान स्वरूप 10-10 ग्राम की चांदी का सिक्का प्रदान किया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका बिंदु बोरा, स्मिता अग्रवाल, तुषा अरोड़ा और निकिता अग्रवाल ने निभाई। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के पारंपरिक परिधान, श्रृंगार, आत्मविश्वास और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।

खुशहाल लाइफ में नव अंशिका हरियाली क्वीन बनी सुरभि सिंह

स्वीट 60 का ताज रचना मिश्रा को मिला

लखनऊ। हरियाली तीज के पावन अवसर पर रेल विहार कॉलोनी की महिलाओं और नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से रविवार 16 अगस्त को हरियाली उत्सव सीजन फाइव - खुशहाल लाइफ का आयोजन गोमती नगर विराज खंड स्थित हैनीमैन चौराहा में किया गया। इसमें सौन्दर्य और टैलेंट के एक से बढ़कर एक दिलचस्प प्रतियोगिताएं आकर्षण का केन्द्र बनी। कार्यक्रम के आरंभ में नीशू त्यागी, नीरा लोहानी, सीमा भट्ट, विमला राव, रचना सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, प्रभा मायर, नम्रता, संगीता कुमार द्वारा मंगल दीप प्रकाशित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में साल 1958 से 2000 तक के मशहूर बालीवुड सांग्स पर मनभावन लोक गायन व नृत्य प्रस्तुतियां भी देखने को मिली।

हरियाली उत्सव सीजन फाइव- खुशहाल लाइफ की शुरूआत पारंपरिक रूप से गणेश वंदना से हुई। इसे मायरा द्वारा प्रभावी रूप से पेश किया गया। अवसर सावन में आयोजित होने वाली हरियाली तीज का था इसलिए विशेष प्रस्तुति के रूप में नीशू त्यागी ने साल 1961 में आई फिल्म 'सेनापति' के लोकप्रिय गीत हिंडोला झूला झूलन आई बलमा पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके उपरांत सावन माह में गाए जाने वाले प्रसिद्ध ऋतुगीत-कजरी, के अंतर्गत हरे रामा भीजत मोर चुनरिया की प्रस्तुति को खासा सराहा गया। सीमा भट्ट ने अपने पिया की मैं तो बनी रे जोगनिया पर नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। 'कृष्णावतारम' फिल्म के मशहूर गीत प्रेम की लीला पर रचना मिश्रा ने नृत्य कर शिव के प्रिय माह सावन में लोगों को कृष्ण भक्ति से सराबोर कर दिया। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए आराधना सिंह ने साल 1991 की फिल्म 'लम्हे' का प्रसिद्ध सदाबहार गीत मोरनी बागा मा बोले पर मनभावन नृत्य किया। सविता गुप्ता ने ओल्ड मेलोडी के क्रम में साल 1958 में आई फिल्म 'सोलवां साल' के सदाबहार गीत है अपना दिल तो आवारा पर सुंदर भाव नृत्य किया। मीत कौर ने माहौल में जोश भरते हुए साल 1994 में आई बॉलीवुड फिल्म 'अंजाम' के सुपरहिट सांग चने के खेत में पर डांस किया। नीतू वर्मा के पारंपरिक भोजपुरी नृत्य के बाद उर्वशी ने साल 1966 में आई फिल्म 'मेरा साया' के लोकप्रिय गीत झुमका गिरा रे के माध्यम से बरेली के बाजार का जीवंत नजारा पेश किया। साल 1993 की फिल्म 'दामिनी' के रोमांटिक सांग बिन साजन झूला झूलूं पर रूबी ने नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। आयोजन को एक और मोड़ देते हुए पूनम श्रीवास्तव ने मशहूर हरियाणवी गाने गजबन पानी पर जोशीला नृत्य कर तालियां बटोरीं। मीणा जी के सुंदर गीत के उपरांत सुधा तिवारी ने साल 1998 में आई फिल्म 'चाइना गेट' के गीत छम्मा छम्मा पर जोशीला डांस किया वहीं सारिका ने साल 2000 के मशहूर हिंदी एल्बम गीत इश्क हुआ के लोकप्रिय गीत चूड़ी भी ज़िद पे आई है पर मनभावन डांस किया। सुरभि के राधा डांस के साथ ही कई अन्य दिलचस्प प्रस्तुतियों ने आयोजन को यादगार बनाया।

नव अंशिका फाउण्डेशन की अध्यक्षा नीशू त्यागी के अनुसार हरियाली उत्सव सीजन फाइव - खुशहाल लाइफ में नव अंशिका हरियाली क्वीन 2026 सुरभि सिंह और रचना मिश्रा स्वीट सिक्सटी हरियाली क्वीन 2026 चुनी गईं। इसके साथ ही पूजा ओझा बेस्ट हेयर स्टाइल, सीमा भट्ट ड्रेस, आर्ची स्माइल, मीना सिंह पर्सनैलिटी, उर्वशी तिवारी परफार्मेंस, रूबी सिंह मेकअप, रचना मिश्रा डांस, सुधा तिवारी टैलेंट, प्रीति तिवारी मेंहदी, प्रीति सिंह सुंदरी, प्रतिभा मायर कजरा, शाहीन खान चूड़ी श्रृंगार, वंदना यादव एक्सप्रेशन, सविता गुप्ता सिंगर, पूनम पांडेय फुटवियर क्वीन चुनी गईं।

52 जनसमस्याओं पर कार्रवाई

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित आपका विधायक, आपके द्वार अभियान के 179वें सप्ताह के तहत न्यू गुड़ौरा में जनसुनवाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर में कुल 52 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। इनमें पेंशन, सड़क-नाली, स्ट्रीट लाइट, आयुष्मान कार्ड, आवास, राशन कार्ड, विद्युत, सीवर लाइन और अन्य जनसमस्याएं शामिल रहीं। इनमें तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शांति देवी, सरस्वती और मिथलेश रावत के आयुष्मान कार्ड तत्काल बनवाए गए। निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 75 लोगों की जांच हुई। इनमें 60 जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। युवाओं और बच्चों को खेलों से जोड़ने के लिए 191वें बॉयज और 129वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। खिलाड़ियों को क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और कैरम किट वितरित की गईं। शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए सोनाली वर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, सोनाली रावत और ईशा खरे को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। अभियान का उद्देश्य जनसमस्याओं के समाधान के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

सावन का तीसरा सोमवार आज, शिवालयों में गूंजेगा बम-बम भोले

लखनऊ। भगवान शिव का प्रिय महीना यानी सावन सोमवार, 30 जुलाई से शुरू हो चुका है। सावन सोमवार के दिन भक्तों द्वारा व्रत आदि भी किया जाता है। ऐसे में 17 अगस्त को सावन के तीसरे सोमवार का व्रत किया जाएगा। आप इस दिन सरल विधि से शिव जी की पूजा कर उनकी कृपा के पात्र बन सकते हैं। सावन सोमवार के दिन सुबह जल्दी उठकर भगवान शिव का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। इसके बाद मंदिर जाकर या घर पर ही आप पूजा कर सकते हैं। इसके लिए हाथ में अक्षत तथा फूल लेकर दोनों हाथ जोड़ें और भगवान शिव का आह्वान करें। इसके बाद इन फूलों को शिव जी को समर्पित कर दें। सबसे पहले शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। इसके बाद सफेद चंदन से भगवान को तिलक लगाएं। अब शिवलिंग पर सफेद पुष्प, धतुरा, बेल-पत्र, भांग आदि अर्पित करें और दीप जलाकर भगवान शिव की आरती करें। बेलपत्र चढ़ाते समय ध्यान रखें कि शिवलिंग पर हमेशा 3 पत्तों वाला बेलपत्र चढ़ाना चाहिए। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि बेलपत्र साबुत होना चाहिए। बेलपत्र को हमेशा चिकने सतह की ओर से शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए। पूजा के बाद पूरे दिन का उपवास रखें। इसके बाद शाम के समय शिव जी के समक्ष दीपक जलाएं और भगवान शिव को प्रसाद अर्पित करें। पूजा के बाद आप प्रसाद और कुछ फल ग्रहण कर अपना व्रत खोल सकते हैं।

सावन सोमवार पर करें ये तीन उपाय : धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अगर आप पैसों की तंगी का सामना कर रहे हैं, तो सावन के तीसरे सोमवार पर शिवलिंग पर दूध चढ़ाएं। माना जाता है कि इससे धन आगमन के स्रोत बनते हैं। सावन सोमवार पर गन्ने के रस से भगवान शिव का अभिषेक करें। माना जाता है कि इससे कार्यों में सफलता के योग बनते हैं। इस दौरान बेलपत्र को शिवलिंग पर चढ़ाने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। सावन सोमवार का व्रत करने से व्यक्ति को मनचाहा जीवनसाथी प्राप्त हो सकता है। यदि आपके वैवाहिक जीवन में कोई समस्या आ रही है तो आप सावन सोमवार का व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करें. कार्यों में सफलता, रोग, दोष, कष्ट आदि से मुक्ति, धन, सुख, समृद्धि आदि की प्राप्ति के लिए सावन सोमवार का व्रत रखना चाहिए।

पूजन विधिः सावन के तीसरे सोमवार पर सुबह ही स्नान कर लें। इसके बाद पूजा स्थान पर सभी पूजन सामग्रियों को एकत्रित कर लें। इसके बाद शुभ मुहूर्त के अनुसार दूध से शिव जी का अभिषेक करें। घी का दीपक जलाएं। फिर उन्हें चंदन, फूल, बेलपत्र, भांग की पत्तियां, शमी के पत्ते और मिठाई चढ़ाएं। इसके बाद धूप-दीप अर्पित करें। अब शिव चालीसा का पाठ करें। यदि आपका व्रत है, तो सोमवार व्रत कथा का पाठ करें। अंत में भोलेनाथ की आरती करें।

श्रृंगार संग होगा देवों के देव महादेव का जलाभिषेक

लखनऊ। सावन माह के तीसरे सोमवार को लेकर राजधानी के सभी शिव मंदिरों में तैयारी पूरी हो गई हैं। देर रात से ही मंदिर रोशनी से जगमगा उठे। श्रद्धालुओं की कतार भी रात से लग गई। राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में रात 12 बजे कपाट खुल जाएंगे। इस मौके पर राजधानी में कहीं भस्म आरती तो कहीं जलाभिषेक किया जायेगा। वहीं महाकाल मंदिर में उज्जैन स्थित महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती होगी। आरती के बाद भक्त जल व दुग्धाभिषेक कर सकेंगे। चौक स्थित कोतवालेश्वर मंदिर में रोज की तरह जलाभिषेक से पूजन की शुरूआत होगी। बाबा का फल फूल और मेवे से श्रृंगार होगा। सुबह और शाम भोलेनाथ की भव्य आरती होगी। उधर, सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग के कपाट सुबह पांच बजे खुल जाएंगे। भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार होगा। भक्त भोलेनाथ, मां पार्वती और गणेश जी के एक साथ दर्शन कर सकेंगे। डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में देर रात से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। 51 लीटर दुग्ध से भोलेनाथ का अभिषेक होगा। भोर में चार बजे भोलेनाथ की आरती के साथ मंदिर के कपाट खुलेंगे। भोलेनाथ नग जणित पगड़ी पहन कर दर्शन देंगे। भक्त, जल, दुग्ध, बेलपत्र, धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ का पूजन करेंगे।

मनकामेश्वर मंदिर : मनकामेश्वर मंदिर में सुबह 5 बजे भक्तों के लिए कपाट खोल दिए जाएंगे और पूरे सावन भर यही समय रखा जाएगा। सुबह 50 बजे से लेकर शाम 6:30 बजे तक भक्त शिव शंकर का रुद्राभिषेक कर सकेंगे। सोमवार को ज्यादा भीड़ होने की वजह से इस दिन मंदिर में खास व्यवस्था होगी। महिला और पुरुषों के लिए अलग लाइन होगी। महिला और पुरुष अलग-अलग कोने से भोलेनाथ को जल अर्पित कर सकेंगे, इसके बाद एक घंटे के लिए 8 बजे रात में मंदिर को बंद किया जाएगा। इसमें आरती की जाएगी, इसके बाद 9 से दोबारा भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए जाएंगे, जो कि रात 12 बजे तक खुले रहेंगे।

श्री महाकाल मंदिर, राजेंद्र नगरः श्री महाकाल मंदिर राजेंद्र नगर में सुबह 4 बजे कपाट खुल जाएगा, जिसमें पुजारी पूजा करेंगे। अखंड ज्योत जलाई जाएगी, जो पूरे सावन माह भर जलेगी। यहां पर 24 घंटे भक्तों के कपाट खुले रहेंगे। सुबह 6:30 बजे से लेकर करीब 12 बजे तक भक्त रुद्राभिषेक कर सकेंगे, फिर 1 बजे से लेकर करीब 3 बजे तक उन भक्तों को समय दिया जाएगा जिन्होंने एडवांस बुकिंग की है। शाम 4 बजे बाबा का श्रृंगार होगा और शाम 5:30 भक्तों के लिए दोबारा कपाट खोल दिए जाएंगे, इसके बाद रात 8 बजे आरती होगी। इसके बाद मंदिर भक्तों के लिए रात 12 बजे तक खुला रहेगा। सुबह के 5 बजे महाआरती होगी। भस्म आरती रोज प्रातः 4 बजे होगी, जो पूरे सावन महीने भर चलती रहेगी, साथ ही महादेव को छप्पन भोग का प्रसाद भी चढ़ाया जाएगा। चैपटिया स्थित प्राचीन बड़ा शिवाला में सावन के तीसरे सोमवार पर भी भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार होगा। तथा आचार्यो द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। नादान महल रोड पर स्थित सिद्धनाथ मन्दिर सजावट व भोलेनाथ का श्रृंगार देखने वाला होता है। प्राचीनकाल से चला आ रहा यहां का रुद्राभिषेक प्रसिद्ध है।

नाग पंचमी आज, विधि-विधान से होगी नाग देवता की पूजा

लखनऊ। नाग पंचमी हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसे हर वर्ष सावन मास में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। इस दिन नाग देवताओं की पूजा की जाती है और उन्हें दूध अर्पित किया जाता है। आमतौर पर यह पर्व हरियाली तीज के लगभग दो दिन बाद पड़ता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन नागों की विधिपूर्वक पूजा करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और परिवार को सर्पदंश के भय से सुरक्षा मिलती है। इस अवसर पर विशेष रूप से 12 प्रमुख नागों की आराधना की जाती है, अनन्त, वासुकी, शेष, पद्म, कम्बल, कर्कोटक, अश्वतर, धृतराष्ट्र, शंखपाल, कालिया, तक्षक और पिंगल। वर्ष 2026 में नाग पंचमी 17 अगस्त को मनाई जाएगी। इस दिन पूजा का शुभ समय सुबह 05:51 बजे से 08:29 बजे तक रहेगा। पंचमी तिथि 16 अगस्त 2026 को शाम 04:52 बजे से आरंभ होकर 17 अगस्त 2026 को शाम 05:00 बजे तक रहेगी। नाग पंचमी के मौके लोग भगवान शिव के मंदिर में जाकर नाग देवता को दूध अर्पण करते हैं। इसके अलावा कुछ लोग मिट्टी से निर्मित सांपों की भी पूजा करते हैं, उन्हें अलग-अलग रंगों में रंगकर सुंदर-सुंदर रूप और आकार देते हैं। नाग देवता की इस प्रतिमा को एक आसन पर रखा जाता है और दूध अर्पित किया जाता है।

नाग पंचमी की पूजा का शुभ मुहूर्त : पंचांग के अनुसार नाग देवता की पूजा के लिए अत्यंत ही शुभ माने जाने वाली श्रावण मास के शुक्लपक्ष की पंचमी इस साल 16 अगस्त 2026, रविवार की शाम को 04:52 बजे प्रारंभ होकर अगले दिन 17 अगस्त 2026 को सायंकाल 05:00 बजे तक रहेगी. ऐसे में उदया तिथि के आधार पर नाग पंचमी का पावन पर्व 17 अगस्त, 2026 सोमवार को मनाया जाएगा. हिंदू मान्यता के अनुसार सोमवार के दिन यह पावन पंचमी पड़ने पर और भी ज्यादा शुभ और फलदायी हो गई है. पंचांग के अनुसार नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा के लिए सबसे उत्तम मुहूर्त 17 अगस्त को प्रातःकाल 05:51 से लेकर 08:29 बजे तक रहेगा।

दादी के मनमोहक भजन सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● श्री झुनझुनु वाली दादी का दो दिवसीय झूला उत्सव सम्पन्न

लखनऊ। श्री दादी परिवार लखनऊ की ओर से दो दिवसीय झुला उत्सव के दूसरे दिन झुंझुनूं वाली दादी का झूला उत्सव शनिवार 15 अगस्त को होटल रेंगनेंट निरालानगर मे धूमधाम से मनाया गया। झूला उत्सव की शुरूआत दादी मां की पूजा-अर्चना करने के बाद प्रातः 10 बजे श्री नारायणी चरित्र मानस महामंगल पाठ से शुरू हुआ। दादी के इस पाठ को जयपुर के सोनम-रवीश सोनी ने अपने मधुर स्वरों में सम्पन्न कराया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे हैदराबाद से पधारी प्रियंका गुप्ता ने भजनों की वर्षा की।

श्री दादी परिवार के महामंत्री सुनील तुलस्यान ने बताया कि पूरे दिन दादी मां के भक्त छप्पन भोग, सवामानी एवं पवन मिश्रा ने भजन सुनाकर दादी को खूब रिझाया। 'नाचो गाओ खुशी मनाओं झूमो रे सब आज दादी आई है' के भजनों पर लोग खूब झूमे।

इस मौके पर दादी परिवार के संरक्षक विधायक डा. नीरज बोरा, श्री दादी परिवार के महामंत्री सुनील तुलस्यान, भारत भूषण गुप्ता, संजीव अग्रवाल, पुष्पा डालमिया, गिरजा शंकर अग्रवाल, पदम बंसल, संजय बंसल, आशीष अग्रवाल व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल व सदस्य आशुतोष तुलस्यान, मनीष तुलस्यान, नरेश बंसल, राजेश चंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमन जैन, गौरव अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल समेत सैकडों भक्त मौजूद रहे।

2378 महिलाओं ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

बाबू स्टेडियम में रही सावन गीतों की गूंज

लखनऊ। सावन की हरियाली आज यहां केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अटल बिहारी हाल में अनूठे रिकॉर्ड में तब्दील हो गयी। यहां 23 सौ 78 महिलाओं एक एक सी हरी साड़ी और साज-सज्जा में सावन और झूला गीतों पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए थिरकती झूमती नजर आयीं।

आयोजन में इन्टरनेशनल बुक आफ रिकार्ड की प्रतिनिधि प्रीति सिंह ने रिकार्ड की घोषणा करते हुए आयोजक शिवी शिल्प ग्राम की अध्यक्ष पुनीता भटनागर को प्रमाण पत्र प्रदान किया। 'घर-घर हरियाली' आयोजन में रतन सिस्टर्स ईशा-मीशा रतन ने गणेश वंदना प्रस्तुत की तो प्रसिद्ध लोक गायिका रीना टण्डन और सखियों ने आओ मिलकर दिया जलाये..., पेड़वा ना काटो, हरे हरे बाग मा अमवा की डार झूला पड़ा.... और खनन खनन खनके कंगनवा.... जैसे गीतों की एक के बाद एक प्रस्तुति दी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने संस्कारों से जुड़े इस रिकार्ड को गर्व का विषय बताते हुए रिकार्डधारी महिलाओं के संग ही लखनऊ वासियों को बधाई दी।

संयोजक पुनीता भटनागर ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड की महिलाएं भी हिस्सा रहीं।

अतिथियों में गुरुकुल उज्जैन गुरुकुल की शाम्भवी माई, गोरखपुर की गायिका उर्मिला और पार्षद दुर्गेश कश्यप भी उपस्थित थे। ज्योति किरन रतन ने बताया रिकार्ड के अवसर पर शामिल सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था में चारू भटनागर, रूपाली भटनागर, दीपाली, अजीत श्रीवास्तव, महेन्द्र और अमृत का सहयोग रहा।

ट्रामा सेन्टर में गंभीर मरीजों को नहीं करना होगा लम्बा इंतजार

कैज्युअल्टी में जूनियर रेजिडेंट डाक्टरों की कमी दूर करने की कवायद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रामा सेंटर में गंभीर मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए एक तरफ संस्थानों की बढ़ोतरी की जा रही है तो दूसरी तरफ कैजुअल्टी में जूनियर रेजिडेंट डाक्टरों की कमी दूर करने की कवायद शुरू हो गयी है। इसी क्रम में 16 जूनियर रेजिडेंट डाक्टरों के साक्षात्कार हो चुके हैं। अब उनके नौकरी ज्वाइन करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। संभावना है कि एक सप्ताह के अंदर सभी रेजिडेंट डाक्टर ड्यूटी संभाल लेंगे, इससे मरीजों को गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।

ट्रामा सेंटर में चार से अधिक बेड में कैजुअल्टी में 44 बेड की व्यवस्था है। जरूरत पड़ने पर मरीजों का स्ट्रेचर पर उपचार शुरू हो जाता है। यहां प्रतिदिन 250 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण ज्यादातर बेड लगातार भरे रहते हैं। बेड खाली नहीं होने पर कई मरीजों का इलाज स्ट्रेचर पर ही करना पड़ता है।

ट्रॉमा सेन्टर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रेमराज सिंह के अनुसार प्रतिदिन प्रदेश के अलग-अलग जिलों से गंभीर मरीज पहुंचते हैं, इनमें सड़क हादसों, गंभीर चोट और अन्य आपात स्थितियों में मरीजों को तत्काल इलाज की जरूरत होती है। ऐसी हालत में रेजिडेंट डाक्टरों की कमी का सीधा असर मरीजों पर पड़ता है। डाक्टरों की कमी होने पर जांच, मरीजों की निगरानी और इलाज शुरू करने में समय लग जाता है।

16 डाक्टरों के आने के बाद कैजुअल्टी में रेजिडेंट की संख्या करीब 42 हो जाएगी, इससे गंभीर मरीजों की जांच और इलाज में तेजी आने की उम्मीद है। वर्तमान में डाक्टरों की कमी के कारण कैजुअल्टी पर मरीजों का दबाव बढ़ रहा है। डॉ. प्रेमराज सिंह के मुताबिक कैजुअल्टी में प्राथमिक इलाज व जांच के बाद मरीजों को संबंधित विभागों के वार्ड में शिफ्ट कराया जाता है। समय पर जांच व इलाज से मरीजों को शिफ्ट करने में मदद मिलेगी।

पीजीआई के ट्रामा सेन्टर में अधूरा इलाज करके मरीज रेफर

लखनऊ। पीजीआई के ट्रामा सेंटर में छाती में चोट और सांस लेने में दिक्कत से जूझ रहे मरीज को रविवार होने के कारण चेस्ट ड्रेन यानी (आईसीडी) न लगाने की बात कहकर दूसरे अस्पताल जाने को कह दिया गया। परिजन गंभीर अवस्था में मरीज को लेकर निजी अस्पताल चले गए हैं। इंदिरानगर के रहने वाले त्रिभुवन प्रसाद को शनिवार रात छाती में चोट के बाद पीजीआई के ट्रामा सेंटर लाया गया, जहां जांच में निमोथोरेक्स की पुष्टि हुई। रेजिडेंट डाक्टर ने सुबह बताया कि मरीज को तुरंत आईसीडी यानी छाती में ट्यूब डालकर हवा निकालनी होगी लेकिन इसके बाद कहा गया कि कोई डॉक्टर ट्यूब लगाने नहीं आएगा, आप किसी अन्य अस्पताल ले जाएं। पीड़ित परिजन रातभर ट्रामा सेंटर में इंतजार करते रहे। सांस लेने में दिक्कत बढ़ने के बावजूद कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया गया। परेशान होकर परिजनों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। परिजनों ने मांग की है कि मामले की जांच हो और दोषी डाक्टरों पर कार्रवाई की जाए। वहीं अस्पताल प्रशासन से संपर्क करने पर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया।

यूपी की कानून व्यवस्था में बढ़ा लोगों का भरोसा : नाना पाटेकर

लखनऊ। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा की। लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के थीम गीत खाकी का सितारा के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 25 करोड़ की आबादी और विविधताओं वाले प्रदेश में प्रभावी कानून व्यवस्था बनाए रखना आसान काम नहीं है। इसके लिए मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी है। नाना पाटेकर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस को आधुनिक संसाधन, नई तकनीक और आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को शासन की प्राथमिकताओं में शामिल किए जाने के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने पिछले कई दशकों में उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय बदलाव देखा है। कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है और प्रशासनिक व्यवस्था में भी सुधार दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यशैली में निर्णय लेने की स्पष्टता नजर आती है। नाना पाटेकर ने कहा कि केवल पुलिस बल की संख्या बढ़ाने से सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। इसके लिए मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नीति के साथ पुलिस को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस जितनी आधुनिक होगी, नागरिक उतना सुरक्षित महसूस करेगा और नागरिक जितना जागरूक होगा, अपराधियों के लिए अपराध करना उतना ही कठिन होगा।

संक्षेप

फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

आजमगढ़। नगर कोतवाली की पुलिस ने रोडवेज के पास से रविवार को छह साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी लुटेरा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद हुआ। फरवरी 2020 में फ्लिपकार्ट कार्यालय में तमंचा दिखाकर छह लाख 31 हजार 702 रुपए की लूट की घटना में वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी राजू पोखरपट निवासी खाजो लोहरपिया थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार किया है।

शराब की दुकान से 2.53 लाख रुपये की चोरी

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र में देसी शराब की एक दुकान का ताला टूटने और दुकान के भीतर रखी नकदी गायब हो गया। दुकान संचालक की ओर से पुलिस को दिए गए तहरीर में बिक्री की रकम में से 2 लाख 53 हजार 265 रुपये चोरी होने का दावा किया गया है। दुकान संचालक के अनुसार, 15 अगस्त की रात दुकान को सामान्य रूप से बंद किया गया था। इसके बाद करीब 12:30 बजे सेल्समैन जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। ताला टूटा देखकर उसने तत्काल दुकान संचालक को इसकी जानकारी दी। अंदर जाकर देखने पर सामान को देखा गया और नकदी की जांच की गई। इसी दौरान बिक्री की रकम में से बड़ी धनराशि गायब होने की बात सामने आई। दुकान संचालक ने अपनी तहरीर में कुल 2,53,265 रुपये की नकदी चोरी होने का उल्लेख किया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि डायल-112 के माध्यम से पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान का निरीक्षण कर घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी ली। मौके की स्थिति को देखते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाने का प्रयास भी किया गया। दुकान और आसपास के क्षेत्र में मौजूद संभावित सुरागों की जांच की जा रही है। घटना के बाद पुलिस की जांच का मुख्य बिंदु दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे और घटना के समय आसपास की गतिविधियां हो सकती हैं।

ऑटो पलटा, तीन महिलाओं सहित पांच घायल

सोनभद्र। कलवारी - खलियारी स्टेट हाईवे पर बने गड्ढे यात्रियों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। इससे अब तक कई लोगों की जान भी जा चुकी है। फिर भी जिम्मेदार संस्था इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। गड्ढा भरने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। जबकि इस मार्ग से सावन भर कांवरियों का आना-जाना लगा रहता है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को चन्दौली जनपद के चकिया से कई श्रद्धालु सीएनजी आटो पर सवार होकर गुप्तकाशी के नाम से विख्यात घोरावल के शिवद्वार उमा-महेश्वर धाम दर्शन-पूजन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र के जैत गाँव के पास मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे के कारण आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे तीन महिलाओं सहित पाँच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। चिख पुकार सुन आसपास के लोग तथा राहगीर मदद कर घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेज दिये। समाचार लिखे जाने तक घायलों के नाम व पते की जानकारी नहीं हो सकी थी। यह घटना रविवार को पूर्वाह्न की बतायी जा रही है।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र में वाराणसी-रीवा राष्ट्रीय मार्ग पर बसही गांव के पास बीते गुरुवार की शाम तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी। जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक की बीएचयू में इलाज के दौरान रविवार को ? दोपहर में मौत हो गई। युवक की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के बसही गांव निवासी नईम अहमद के 38 वर्षीय पुत्र शकील अहमद के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद देर शाम परिजन घर लेकर पहुंचे। मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया। बीते गुरुवार के क्षेत्र के पतुलकी-छाहुर गांव में किसी काम से नईम अहमद गया हुआ था, देर शाम वापस लौटते समय राष्ट्रीय मार्ग पर तीव्र गति से सामने से आ रहे दूसरे बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई थी।

जिले में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

सोनभद्र। जिले में 80 वां स्वतंत्रता-दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ सरकारी संस्थानों प्राइवेट प्रतिष्ठानों एवं स्कूल कालेज में मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी।

इसके उपरांत गांधी उद्यान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं वीर बलिदानियों के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रसेवा को कृतज्ञतापूर्वक नमन किया।

इस गरिमामयी अवसर पर अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे और राष्ट्र की एकता, अखंडता, समृद्धि एवं प्रगति के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

यह तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि असंख्य बलिदानों, स्वाभिमान और एकजुट भारत की गौरवगाथा है।

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवाचार करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विकसित सोनभद्र के निर्माण और जनपद को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित सोनभद्र का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ करेगा। विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने तथा जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। आज का संकल्प आने वाले सोनभद्र की दिशा तय करेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे परंपरागत कार्यप्रणाली के साथ-साथ नवाचार और नई सोच को अपनाते हुए जनपद के विकास को गति दें तथा ऐसा सोनभद्र बनाने में योगदान करें, जहां प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं, अवसर और सम्मान प्राप्त हो।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विकसित सोनभद्र के संकल्प को धरातल पर उतारने, विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सामूहिक शपथ ली। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विशिष्ट स्टेडियम परिसर में भव्य एवं गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन से हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि राज्य मंत्री संजीव कुमा गोंड जी ने विशिष्ट स्टेडियम परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी उपस्थित लोगों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने स्टेडियम परिसर में उपस्थित जनमानस को भावविभोर कर दिया। देशभक्ति गीतों एवं नृत्य की प्रस्तुतियों के दौरान पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन ने बच्चों की प्रतिभा, उत्साह एवं शानदार प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री श्री संजीव कुमार गौड़ ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि 15 अगस्त केवल एक पर्व नहीं, बल्कि देश के अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। देश को स्वतंत्र कराने के लिए, हमारे वीर सेनानियों ने अनेक कठिनाइयों का सामना किया और अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके संघर्ष एवं बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

हर्षोल्लास से मना आजादी का पर्व

जौनपुर। जनपद में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के उपरांत शुरूआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् गायन से हुई। जो स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार गाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के उपरांत तिरंगे को सलामी दी गई तथा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पंचप्रण के अंतर्गत देश की एकता, अखंडता एवं एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया एवं मोबाइल फोन के संतुलित उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक आज जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसका उपयोग विवेकपूर्ण एवं सकारात्मक तरीके से किया जाना चाहिए। युवाओं को रील एवं सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के बजाय शिक्षा, कौशल विकास, रचनात्मक गतिविधियों एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ना आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानंद झा, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, वीर शहीदों के बलिदान तथा राष्ट्र निर्माण में नागरिकों एवं सरकारी कार्मिकों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। संचालन आशीष त्रिपाठी ने किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा गांधी तिराहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और बाबा साहब भीम राव आम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया।

गोकुल एकेडमी पर शान से लहराया तिरंगा

जौनपुर। नगर के मोहल्ला सिपाह स्थित गोकुल एकेडमी पर 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मना या गया। ध्वजारोहण श्री पारस नाथ यादव के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात बच्चों द्वारा मनमोहक ढंग से रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जिसने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। अमर शहीदों को नमन करते हुए प्रस्तुत किए गए गीत एवं अन्य कार्यक्रमों ने जहां देश के प्रति एकजुटता भाईचारा और आपसी सौहार्द्र की मिसाल पेश किया वहीं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया नाटक भावविभोर करता नजर आया। आजादी के पावन पर्व पर छात्र एवं शिक्षक सभी पूरे उत्साह से गदगद नजर आए। प्रबंधक अरुण कुमार यादव ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों को न्यौछावर कर चुके समस्त वीर सपूतों को नमन श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आजादी एवं उसके महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम के सराहनीय योगदान में सहयोगी रहे शिक्षकों को धन्यवाद अर्पित किया तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्रधानाचार्या विनीती मौर्या ने आजादी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को देश हित में अपनी सहभागिता निभाकर अच्छा नागरिक बनकर देश का नाम रोशन करने एवं बुराई से दूर रहने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर आयुष कुमार यादव अधिवक्ता उच्च न्यायालय ,सुधीर कुशवाहा ,नीरज कुमार, अल्का कुशवाहा, ,मेहनाज जैदी, समरीन फात्मा , तंजीला फात्मा , पूजा चैहान, जोहा जैदी, आकांक्षा विश्वकर्मा, तन्जीम फातमा, शनीला परवीन , कमलेश यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

सबमर्सिबल पंप बनाने के दौरान करंट लगने से युवक की मौतम

मीरजापुर। जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र के सहेवा गांव निवासी 30 वर्षीय राजमिस्त्री रिंकू बियार उर्फ महेश की सबमर्सिबल लगाने के दौरान उसमें उतर रहे करंट की चपेट में आ जाने से चंदौली जिले के सिंघीताली में मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी होने पर परिजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। अलीनगर थाने की पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था एवं शनिवार को सिंघीताली फेज दो में बन रहे नई कंपनी में काम करने गया हुआ था। उसकी पत्नी सविता, पिता श्यामलाल बियार एवं माता राधिका बेसुध हो गई। मृतक को चार पुत्रियां संध्या, श्वेता, साक्षी, राधा एवं एक पुत्र अंश है।

सुरम्य संगीत से सजा स्वतंत्रता दिवस समारोह

जौनपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सुरम्य संगीत क्लासेज में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने अपने मधुर सुरों, मनमोहक प्रस्तुतियों और देशभक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में जहां उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास दिखाई दिया, वहीं उनके स्वरों में देश के प्रति प्रेम और सम्मान की भावनाएं भी स्पष्ट रूप से झलकीं। प्रज्ञा मिश्रा ने कहा कि ह्लसंगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। हमारा प्रयास है कि बच्चों को संगीत के साथ-साथ अपनी संस्कृति, देश और राष्ट्रधर्म से भी जोड़ा जाए। ऐसे आयोजन बच्चों को मंच देने के साथ उनमें जिम्मेदारी, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण की भावना विकसित करते हैं।

परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ कर हिंदू समाज को संगठित करने का आह्वान

मीरजापुर। विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत की दो दिवसीय प्रांत योजना बैठक का समापन सुरभि शोध संस्थान रामबाग चुनार में रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें आगामी छह माह की संगठनात्मक कार्ययोजना पर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए लखनऊ क्षेत्र के संगठन मंत्री गजेंद्र ने कहा कि भारतीय समाज की मूल शक्ति परिवार व्यवस्था है। इसे सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाए रखना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए समाज और शासन, दोनों स्तरों पर गंभीरता से समाधान के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार प्रबोधन एवं पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण के लिए कार्यकताओं को समाज के बीच जागरण अभियान चलाना होगा। धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी चुनौतियों के प्रति हिंदू समाज को जागरूक और संगठित करने की आवश्यकता है। क्षेत्र संगठन मंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अशोक सिंघल की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर संगठन ने पूरे देश में एक करोड़ हित चिंतक बनाने का संकल्प लिया है। हिंदू समाज को संगठित करने, सनातन मूल्यों की रक्षा करने तथा राष्ट्रीय हित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सभी कार्यकताओं को संकल्पित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि स्थापना दिवस, दुर्गा अष्टमी और गीता जयंती सहित विभिन्न कार्यक्रमों की समाज के सहयोग से व्यापक योजना बनाई जाए, ताकि इनके माध्यम से हिंदू समाज में जागरण और संगठन की भावना को मजबूत किया जा सके। उन्होंने पूज्य संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650 वीं जन्मशती के अवसर पर सामाजिक समरसता, समानता, आध्यात्मिक चेतना और मानव मयार्दा के उनके संदेशों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने पर भी जोर दिया।

आन बान शान से लहराया तिरंगा

जिला संवाददाता

आजमगढ़। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंज उठा।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में आजमगढ़ के सेनानियों और नायकों का भी अप्रतिम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के असहयोग आंदोलन के आह्वान पर आजमगढ़ के स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों से अंग्रेजी वस्त्र निकालकर जला दिए थे। यह इस बात का प्रमाण है कि उस दौर में लोगों के लिए देशहित रोजी-रोटी से भी बड़ा था।

नमक सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोड़कर अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दिए जाने के महज तीन दिन में आंदोलन की खबर आजमगढ़ पहुंच गई थी। कालीचैरा में सूर्यकांत सिंह सहित अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने नमक कानून तोड़ा, नमक बनाया और कई दिनों तक स्थानीय स्तर पर तैयार नमक बाजार में बेचा। इस आंदोलन में भी आजमगढ़ के कई लोगों को जेल जाना पड़ा। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन-1942 में आजमगढ़ के लोगों की भूमिका को याद करते हुए कहा कि अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत का डटकर मुकाबला किया और कई लोगों ने गोलियां खाकर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। सूबेदार अहीर, रघुवर दयाल श्रीवास्तव और लालचंद तिवारी सहित अनेक सेनानियों के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ उदाहरण हैं, जबकि आजादी की लड़ाई में इस मिट्टी के अनगिनत लोगों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र भारत में स्वतंत्र रूप से जीवन जी रहे हैं, उसके पीछे वीर सेनानियों का त्याग, तपस्या, संघर्ष और बलिदान है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनके परिजनों का कोई काम किसी विभाग में लंबित हो तो उसका तत्काल और सहजता से निस्तारण किया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। यही स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जर्जर नहर पुल हादसे को दे रहा दावत

मीरजापुर। जिले के राजगढ़ विकास खंड क्षेत्र के लूसा ग्राम पंचायत में घाघर नहर पर बना पुराना पुल पिछले करीब पांच वर्षों से जर्जर हालत में है और अब टूटने के कगार पर पहुंच गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल दोनों तरफ से फट चुका है, बावजूद इसके सिंचाई विभाग की ओर से पुल पर न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए कोई ठोस व्यवस्था की गई है। बताया जाता है कि उक्त पुल का निर्माण वर्ष 1947 से पहले अंग्रेजों के शासनकाल में कराया गया था। लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण पुल की हालत लगातार खराब होती गई। वर्तमान में पुल की स्थिति इतनी जर्जर है कि भारी वाहनों के गुजरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद पुल से भारी वाहनों का आवागमन जारी है। ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भी इसी पुल से आवागमन करते देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई विभाग ने पुल के पास केवल चेतावनी बोर्ड लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। कई बार संबंधित अधिकारियों को पुल की बैरिकेडिंग कर आवागमन रोकने की सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण रमेश, दीना, गुड्डू, राजू, शिवम, महेश समेत अन्य लोगों ने बताया कि पुल की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल पुल पर बैरिकेडिंग कर भारी वाहनों का आवागमन रोका जाए और नए पुल का निर्माण कराया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसडीओ उमेश दूबे ने बताया कि पुल का जल्द निर्माण कराने का प्रयास किया जाएगा। यह कब तक शुरू होगा बता पाना मुश्किल रहा है, शायद किसी हादसे के बाद शुरू हो ऐसी आशंका जताई जा रही है।

संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

आजमगढ़। जनपद के पवई थाना क्षेत्र के बलईपुर गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव से करीब 500 मीटर दूर चकरोड पर 48 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक के सिर पर चोट के गंभीर निशान पाए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या और हादसा, दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है। मृतक की पहचान बलईपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार गौड़ (48), पुत्र बलराम गौड़ के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि 14-15 अगस्त की रात किसी समय प्रमोद की मौत हुई होगी। शनिवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं शौच के लिए निकलीं तो बलईपुर से सलारपुर जाने वाले चकरोड पर शव पड़ा देखा। महिलाओं के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव की पहचान प्रमोद के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के भाई अनूप कुमार गौड़ ने पवई थाने में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई। सूचना पर थानाध्यक्ष मनीष पाल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद क्षेत्राधिकारी फूलपुर किरन पाल सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। एसओजी टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद के एंगल को भी खंगाल रही है। हालांकि अभी तक हत्या की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मृतक के शराब पीने की बात को भी जांच का हिस्सा बनाकर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि सिर की चोट किसी हमले के कारण लगी या गिरने से आई। सीओ फूलपुर किरन पाल सिंह ने बताया कि मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का स्पष्ट कारण सामने आएगा। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि मृतक की पत्नी की वर्ष 2003 में ही मौत हो चुकी थी। उसके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

परिचालक पर बच्ची से यौन शोषण का आरोप

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ स्थित सनबीम स्कूल की प्ले ग्रुप की चार साल की बच्ची के साथ स्कूल बस के परिचालक पर यौन शोषण का आरोप लगा है। जिस बस में बच्चों की सुरक्षा के लिए जीपीएस ट्रैकर लगा था, उसी में घटना होने की बात सामने आई है। मेडिकल जांच की रिपोर्ट में बच्ची के साथ अपराध किए जाने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद परिजन मासूम के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। बच्ची पढ़ने के लिए स्कूल नहीं गई और सहमी हुई है। सीओ सदर परमानंद कुशवाहा ने बताया कि मामले में डीएनए टेस्ट के लिए नमूना संकलित कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जल्द ही मामले में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। आरोपी को सजा दिलाने के लिए मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराए जाने की कोशिश की जाएगी। बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर बच्ची का मेडिकल कराया गया, जिसमें घटना की पुष्टि हुई है। आरोपी का डीएनए परीक्षण कराने के लिए नमूना लिया गया है और मामले की जांच जारी है। स्कूल प्रबंधन ने घटना के संबंध में कुछ भी बोलने से इनकार किया है। आरोपी की पत्नी ने अपने पति को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। बताया गया कि घटना बीते मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद हुई। पुलिस के मुताबिक बस प्ले ग्रुप से कक्षा दो तक के बच्चों को लेकर निकली थी। चार साल की बच्ची को घर पहुंचाने के बाद परिचालक चला गया। परिजनों के सामने पहुंचते ही बच्ची रोने लगी और पूछने पर कंडक्टर अंकल का नाम लेने लगी। बच्ची की हालत देखकर परिजन उसे तत्काल स्कूल लेकर पहुंचे और घटना की जानकारी दी। स्कूल की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। बस की फोरेंसिक जांच भी कराई गई है। मामले में डीएनए रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

पानी भरे गड्ढे में डूबने से किशोर की मौत

जौनपुर। बरसठी थाना के सिरौली गांव में शनिवार देर शाम पानी से भरे गड्ढे में डूबने से किशोर की मौत हो गई। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब आठ बजे गड्ढे के किनारे उसके कपड़े मिलने के बाद परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद पानी में तलाश की गई और काफी प्रयास के बाद 16 वर्षीय गोविंदा गौतम का शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोविंदा के घर नहीं लौटने पर परिजन और ग्रामीण उसे खोज रहे थे। इसी दौरान गड्ढे के पास उसके कपड़े मिले। इसके बाद परिजनों ने पानी में उतरकर उसकी तलाश शुरू की। काफी देर की खोजबीन के बाद शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दिन पहले गोविंदा ने इसी गड्ढे में कुछ लड़कों को नहाते हुए देखा था। आशंका है कि वह भी नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया। गोविंदा कमलेश गौतम का बड़ा बेटा था। उसका छोटा भाई विक्रम उर्फ कल्लू है। परिजनों के अनुसार, गोविंदा की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं थी और वह अक्सर गांव में घूमता रहता था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है।

सपाइयो ने मनायी अवंती बाई लोधी की जयंती

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र प्रथम महान स्वतंत्रता सेनानी सौर्य और साहस की मिसाल वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती मनाई गई एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि प्रथम महान स्वतंत्रता सेनानी सौर्य और साहस के मिशाल विरांगना रानी अवंती बाई लोधी देश की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और कम उम्र में ही वीरगति को प्राप्त हो गई। उन्होंने क्रांति संदेश यह था कि अंग्रेजों से लड़ने के लिए तैयार हो या चूड़ियां पहन कर घर बैठो। उन्होंने 1857 की क्रांति के दौरान राक्षस को और स्थानी सरदारों के यही संदेश भेज कर जागरूक किया था। संगोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल अनिल प्रधान अशोक पटेल सत्यम पांडे हरिशंकर विश्वकर्मा पीयूष सरवजीत यादव अजीत कुमार मौर्य अतुल दुबे राजनाथ बृजेश सिंह जगत पटेल के साथ दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

उचित दर विक्रेताओं को अतिरिक्त लाभांश वितरण की घोषणा-आज

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में प्रदेश में कार्यरत उचित दर विक्रेताओं को राज्य सरकार के बजट से अतिरिक्त लाभांश वितरण की घोषणा के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद सोनभद्र में उक्त कार्यक्रम का 17 अगस्त को प्रातः 10 बजे से विधानसभा-वार आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के सुचारु एवं सफल संचालन के लिए विधानसभा-वार नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है। विधानसभा-वार नामित नोडल अधिकारी नामित किया गया है जिसमे विधानसभा राबर्ट्सगंज उपजिलाधिकारी (न्यायिक), राबर्ट्सगंज। विधानसभा घोरावल उपजिलाधिकारी, घोरावल। विधानसभा ओबरा उपजिलाधिकारी, ओबरा। विधानसभा दुद्धीरू उपजिलाधिकारी (न्यायिक), दुद्धी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सभी नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निदेर्शों के अनुपालन में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में 17 अगस्त को प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करें।

दो बाइकों में टक्कर, एक की मौत

आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के बयासी गांव के पास रविवार की दोपहर दो बाइकों में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। बेलहथा गांव निवासी 20 वर्षीय मयंक बाइक से जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे मयंक और उसकी बाइक पर बैठा एक अन्य युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलं को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने मयंक का मृत घोषित कर दिया।

संक्षेप

रंगेश्वर महादेव मंदिर में उमड़े भक्त

मथुरा। पवित्र सावन माह के पावन अवसर पर हरियाली तीज और 80वें स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर ऐतिहासिक रंगेश्वर महादेव मंदिर में देवाधिदेव महादेव का हरी भांग का अलौकिक श्रृंगार अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान और दर्शन का लाभ उठाने के लिए स्थानीय भक्तों और मित्र मंडली ने भारी संख्या में शिरकत की। धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी लालूराम और पंडित श्याम बिहारी के आचार्यत्व में पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने देररात तक बाबा के दर्शन पाकर अपने को लाभान्वित किया। इस धार्मिक आयोजन के दौरान प्रमुख रूप से भगत मोनू बंसल, हर्षित अग्रवाल, कुश वालिया, सुशील स्टूडियो, लखन यादव, अमर सैनी, नीरज चतुर्वेदी सोनू नागर, अंशुल मास्टर, अमन शुक्ला सहित समस्त मित्र मंडली और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पाच्चजन्य प्रेक्षागृह में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

मथुरा। डैंपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत भव्यता, गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने शिरकत की, जिनकी अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंत्रीजी ने पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। आगमन पर एनसीसी बैंड दलों द्वारा धुनें बजाकर और पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सेनानियों के परिजनों (लोकेंद्र सिंह, रूपेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, गुलकंदी देवी, उदयवीर सिंह, जगवीर सिंह व लाखन सिंह) को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों, कंसल्टिंग इंजीनियरों, सफाई कर्मचारियों तथा विभिन्न स्कूलों की प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि सरकार के नेतृत्व में आम जनमानस निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। अधिकारी अपनी कुर्सी को अधिकार के साथ एक जिम्मेदारी समझें और जरूरतमंद व्यक्ति को कार्यालय से सम्मान दिलाएं, यही सुशासन और लोकतंत्र का मूल उद्देश्य है। सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना और एकजुट होकर कार्य करना अति आवश्यक है।

सोनल शाह ने द्वारकाधीश मंदिर में किये दर्शन

मथुरा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह अपने परिवार के सदस्यों के साथ धार्मिक यात्रा पर मथुरा पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन-पूजन के उपरांत मंदिर के महाप्रबंधक अशोक कुमार शर्मा ने पारंपरिक रीति-रिवाज से सोनल शाह को दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने उन्हें ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

संस्कृति विवि में देशभक्ति और उल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

मथुरा। संस्कृति विविमें 80वां स्वतंत्रता दिवस विवि के खुले मंच पर अत्यंत गरिमामय एवं देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों एवं विवि परिवार में राष्ट्रप्रेम, एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय कर्तव्यों की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. एम. बी. चेट्टी के ध्वजारोहण के साथ हुआ। विवि के छात्र कल्याण विभाग के डीन डॉ डीएस राठौर एवं रजिस्ट्रार मनीष मिश्रा के साथ कुलपति डॉ चेट्टी ने एनसीसी कैडेट्स का निरीक्षण किया तथा एनसीसी दल ने उन्हें गरिमापूर्ण गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया

देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में वंदे मातरम के प्रस्तुति ने पूरे परिसर को राष्ट्रप्रेम की भावना से भर दिया। जैसे ही राष्ट्रीय ध्वज ने खुले आकाश में अपनी शान बिखेरी, उपस्थित सभी लोगों ने गर्व और सम्मान के साथ राष्ट्रीय गान गाया। इस दौरान पूरा परिसर जय हिंद और राष्ट्रप्रेम से भरे नारों से गुंजायमान हो गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा अनुशासन, समर्पण और सैन्य भावना का शानदार प्रदर्शन करते हुए मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। कैडेट्स के कदमों की एकरूपता और आत्मविश्वास ने उपस्थित दर्शकों को प्रभावित किया। मार्च पास्ट ने युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। खुले मंच से निदेशक कैम्पस, डॉ. राजनीश त्यागी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा को केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम न मानकर समाज और राष्ट्र के विकास से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति डॉ. एम. बी. चेट्टी ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व और उसके साथ जुड़ी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन, एकता और समर्पण के साथ देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथों में है और युवाओं की सकारात्मक सोच एवं कर्मठता ही भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दी गईं। गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध संस्कृति, विविधता और राष्ट्रीय एकता का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। विश्वविद्यालय परिवार ने स्वतंत्रता के मूल्यों, एकता, अखंडता, समानता और राष्ट्रसेवा को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

फर्जी सिम, आधार कार्ड गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

मथुरा। थाना कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम और एस.ओ.जी. टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक बड़े ऑनलाइन साइबर ठगी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने गिरोह के 05 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, सिम कार्ड और अन्य सामान बरामद किया है।

थाना कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम और एस.ओ.जी. टीम मुखबिर की सूचनानुसार मोती मंजिल के सामने चाय के खोखे के पास से निसार पुत्र अली मोहम्मद निवासी घाटिया नीचे मोहल्ला लेबडा, थाना कांमा, जनपद डीग (राजस्थान), खालिद पुत्र जोरू निवासी पोखर के पास, विशम्भरा, थाना शेरगढ़, जनपद मथुरा,

इंसाफ पुत्र नसरू निवासी गली मोहल्ला, विशम्भरा, थाना शेरगढ़, तालिम पुत्र उम्मर निवासी खेरीज मोहल्ला, विशम्भरा, थाना शेरगढ़, तोफीक पुत्र आशु निवासी बड़ी तकिया के सामने, विशम्भरा, थाना शेरगढ़ गिरफ्तार कर लिया आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 9 कूटरचित आधार की छायाप्रति, 76 फर्जी सिम कार्ड, 08 मोबाइल फोन, 01 बुलेरो कार बरामद किए है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपित सभी मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में साइबर ठगी का कार्य करते थे। लोगों को धोखे में रखकर फर्जी यूपीआई के माध्यम से खातों में पैसे ट्रांसफर कराए जाते थे। फर्जी तैयार कार्ड निकालने के लिए फर्जी तैयार किए जाते थे। अभियुक्त अपने मोबाइल फोन में फर्जी सिम डालकर नंबर बदल-बदलकर ट्रू कॉलर, फोन पे, गूगल पे और पेटीएम आदि पर नंबर सर्च कर व्यक्ति के नाम की जानकारी करते थे। इसके बाद वे फोन उठाने वाले व्यक्ति का परिचित बनकर या किसी की ईमेल आईडी चोरी कर उसके सभी मोबाइल नंबर हैक कर कर लेते थे। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप डीपी से पीड़ित की फोटो चुराकर फर्जी मोबाइल नंबरों पर व्हाट्सएप आईडी बनाते थे और परिचितों से मजबूरी बताकर उधार पैसों की मांग कर ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लेते थे और ठगी की गई रकम को वे आपस में बांट लेते थे। सभी का अपराधिक इतिहास है। इस शातिर गिरोह को पकड़ने वाली संयुक्त टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा (थाना कोतवाली), उ.नि. संजीव कुमार (चैकी प्रभारी कृष्णानगर), उ.नि. महावीर सिंह (स्वाट प्रभारी), उ.नि. संदीप कुमार, उ.नि. मुश्ताक मेहदी सहित अन्य पुलिसकर्मी और स्वाट/एसओजी टीम के सदस्य शामिल रहे।

तिरंगा यात्रा निकाल कर दिया आजादी का संदेश

टूंडला। कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के एनसीसी एवं एन.एस.एस के छात्र छात्राओं ने 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा यात्रा रैली निकालकर आजादी का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने शिक्षकों के साथ हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम अध्यक्ष उमाशंकर बाबा ने ध्वजारोहण किया एवं मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। एनसीसी कैडेटों ने आए हुए अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया छात्र, छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश भक्ति राष्ट्र प्रेम, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का संदेश दिया प्रधानाचार्य रंगेश उपाध्याय ने छात्र छात्राओं को एवं विद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन हिमांशु भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य देवी राम तिवारी दौलत राम शर्मा ताराचंद श्याम सुंदर पचौरी राजेंद्र मुंशी जी सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

हरी घटा में विराजे ठाकुर श्रीकेशवदेवजी घटा को देखकर अभिभूत हुए श्रद्धालु

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर विराजमान ठाकुर श्रीकेशवदेवजी महाराज के दिव्य गर्भगृह जगमोहन एवं नित्य मण्डप को लता-पता, हरे वस्त्र प्रकाश आदि से भव्य हरी घटा का स्वरूप प्रदान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर परंपरागत रूप से आयोजित होने वाली घटाओं की श्रृंखला में आज श्रावण शुक्ल तृतीया/हरियाली तीज तदनुसार दिनांक 15/08/2026 शनिवार को विशिष्ट घटा दर्शन में हरी घटा के मध्य विराजमान होकर ठाकुर श्रीकेशवदेवजी महाराज ने भक्तों को दर्शन दिये। श्रीकेशवदेवजी मंदिर के अन्दर सजी हरीप्टा की मनोहरी झॉकी से जन्मभूमि प्रांगण का माहौल उत्साहजनक बना दिया। मनोहारी हरी पोशाक धारण कर भगवान जहाँ भक्तों को साक्षात दर्शन दे रहे थे, वहीं प्रिया-प्रियतम दिव्य झूले में विराजमान होकर श्रावण मास के आनन्द से भक्तों को सराबोर कर रहे हैं। मंदिर परिसर में वन्य जीवों, मोर आदि पक्षियों की प्रतिकृति लगाकर संपूर्ण मंदिर प्रांगण को सुन्दर और दिव्य स्वरूप प्रदान किया गया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुप्रसिद्ध हरी घटा के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से पधारे श्रद्धालु ऐसी मनोहारी दर्शन कर भाव से राधे-राधे का उद्घोष करने लगे।

संस्कृति विवि में धूमधाम से मनाया गया तीज उत्सव, शुभांगी सक्सेना बनीं तीज क्वीन

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। संस्कृति विवि के संतोष मेमोरियल ऑडिटोरियम में हरियाली तीज के पावन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं तीज उत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और गरिमा के साथ किया गया। इस अनूठे आयोजन में भारतीय परंपरा, आधुनिकता और नारी शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार की महिला संकाय सदस्यों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विवि की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा, जिन्होंने भारतीय संस्कृति में तीज पर्व के महत्व और नारी शक्ति के सामर्थ्य पर प्रकाश डाला। जिसमें विशिष्ट अतिथिअभिनेत्री चेट्टी की गरिमामयी उपस्थिति है। डीन एकेडमिक्स डॉ. रेनु गुप्ता द्वारा सीईओ महोदया के स्वागत के साथ कार्यक्रम का औपचारिक आगाज हुआ। डॉ. गरिमा गोस्वामी के मनमोहक नृत्य, डॉ. रीना रानी की पारंपरिक प्रस्तुति और सुश्री रितिका की सुरीली गायकी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। डॉ. अनुपम और अन्य प्रतिभागियों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। रेडियो सिटी के प्रसिद्ध एंकर शिवम और होटल मैनेजमेंट की सहायक प्रोफेसर श्रीमती शुभांगी सक्सेना ने संयुक्त रूप से मंच का कुशल संचालन किया, जिनकी जुगलबंदी ने पूरे सभागार को बांधे रखा। पारंपरिक परिधानों में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया, और अंत में ओपन डीजे की धुनों पर सभी ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही। कड़े मुकाबलों और जजों के निर्णय के आधार पर शुभांगी सक्सेना (सहायक प्रो., होटल मैनेजमेंट विभाग) को तीज क्वीन घोषित किया गया। सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने उन्हें तीज क्राउन पहनाकर सम्मानित किया। इस भव्य आयोजन का सफल व सुचारू समन्वय डॉ. दुर्गेश वाधवा तथा एओ विवेक सर के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन ग्रुप फोटोग्राफी और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसने पूरे परिसर को तीज के उल्लासपूर्ण रंगों से सराबोर कर दिया।

तीज के रंग, तिरंगे के संग कार्यक्रम का आयोजन हरियाली तीज व स्वतंत्रता दिवस का अनूठा संगम

फिरोजाबाद। पंचमुखी महादेव मंदिर पुरानी तहसील, फिरोजाबाद में हरियाली तीज एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तीज के रंग, तिरंगे के संग कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। सावन की हरियाली, भारतीय लोकसंस्कृति, नारी सम्मान और राष्ट्रप्रेम को एक सूत्र में पिरोता यह आयोजन महिला एकता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर उदाहरण बना। कार्यक्रम का संचालन पं.कमलकांत जी ने किया तथा अध्यक्षता आशा बंसल ने की। आयोजन एवं व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने में शिवांगी शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने में मीरा शर्मा, सुमन गुप्ता साधना गुप्ता एवं अनीता गुप्ता ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं मीरा ने स्वरचित गीत एवं स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक, रचनात्मक एवं संदेशपरक बनाया। कार्यक्रम में रीना गुप्ता वर्षा गुप्ता आशा गुप्ता, रमन गुप्ता पूनम शर्मा, मोहिनी शर्मा, ऋचा गुप्ता, सीमा गुप्ता, निर्मला झा एवं मिलन गुप्ता सहित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कजरी, मल्हार, सावनी लोकगीत, हिंडोला और लोकनृत्य की प्रस्तुतियों ने सावन की लोकपरंपराओं और भारतीय लोकविरासत को जीवंत कर दिया। स्लोगन प्रतियोगिता में नारी सम्मान, महिला एकता, देशभक्ति एवं हरियाली संरक्षण जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई। महिलाओं ने संदेश दिया कि हरियाली केवल तीज के श्रृंगार का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति, जीवन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। लोकगीतों और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश भी दिया गया। 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगे के सम्मान, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और देश के प्रति कर्तव्य की भावना को कार्यक्रम में विशेष स्थान दिया गया। हरियाली तीज की लोकपरंपरा और स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रभाव का यह संगम इस संदेश के साथ संपन्न हुआ कि नारी का सम्मान, प्रकृति का संरक्षण, संस्कृति की विरासत और राष्ट्र की गरिमा इन सभी को साथ लेकर ही समाज का सशक्त भविष्य बनाया जा सकता है।

मथुरा रिफाइनरी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया आयोजन

मथुरा। रिफाइनरी में राष्ट्र प्रेम की भावना को बढ़ावा देते हुए 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुकुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, मथुरा रिफाइनरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ की गयी। इसके उपरांत मुकुल अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर मथुरा रिफाइनरी के सभी मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, कमांडेंट (सीआईएसएफ), ऑफिसर्स एसोसिएशन व कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि, कई गणमान्य अतिथि, सरपंच, पार्षद व प्रबुद्धजन के अलावा बड़ी संख्या में इंडियन ऑयल परिवार के सदस्य व बच्चे भी उपस्थित थे। श्रीअग्रवाल ने परेड का निरीक्षण किया और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी विविधता का सम्मान करते हुए राष्ट्र की एकता को बढ़ावा देना है और वर्ष 2047 तक अपने राष्ट्र को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य करना है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दीर्घ सेवा पुरस्कार, प्रतिभा सम्मान पुरस्कार, सामूहिक उपलब्धि पुरस्कार और कर्मचारियों को उनके बेहतरीन कामों के लिए विशेष प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डीपीएस एवं केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सीआईएसएफ जवानों ने डॉग शो और सिक्योरिटी ड्रिल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

डंपर की टक्कर में बच्ची समेत दो की मौत, गुस्साई भीड़ ने लगाया जाम

मथुरा। थाना सदर बाजार क्षेत्र के कस्बा औरंगाबाद में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने कहर बरपाया। मिट्टी के खाली एक तेज रफ्तार डंपर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़े और मोटरसाइकिल सवार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में एक मासूम बच्ची और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद से इलाके में कोहराम मचा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह करीब 8:10 बजे कुछ लोग और बच्चे बुक स्टोर की दुकान से सामान ले रहे थे और दो मोटरसाइकिलें वहां मौजूद थीं। इसी दौरान मथुरा की तरफ से आ रहे बेकाबू डंपर ने पांच लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान आयरा (आयु लगभग 6-7 वर्ष), निवासी बाजार औरंगाबाद, थाना सदर बाजार, प्रशांत कुंतल (आयु लगभग 20 वर्ष), निवासी श्रीजी विहार कॉलोनी, थाना सदर बाजार है। इसके अलावा प्रशांत की 52 वर्षीय मां गीता देवी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद चालक डंपर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। इस भीषण हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने न्याय और सुरक्षा की मांग को लेकर औरंगाबाद रोड पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब डेढ़ घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सूचना मिलते ही थाना सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को समझा-बुझाकर शांत कराया और यातायात सुचारू रूप से शुरू करवाया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी ने किया, पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी वि० एवं रा० कल्पना जायसवाल के साथ तहसील सिरसागंज के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय गुरैया सुहेलपुर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पंडाल के निर्माण में सेफ्टी ऑडिट की बात कही, उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं एवं छात्रों के उदयगिरि हॉस्टल, शिवालिक हॉस्टल, नीलगिरी हॉस्टल अरावली हॉस्टल में जाकर बच्चों से वार्ता की और उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। छात्र-छात्राओं ने बताया कि यहां पर किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है, डीएम ने पढ़ाई के लिए एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी छात्रछात्राओं को प्रेरित किया और उनको स्वतंत्रता के मूल्यों को समझाया। डीएम ने विद्यालय में खराब हैंडपंपों की मरम्मत के लिए जल निगम को निर्देशित किया, डीएम ने बच्चों को कृमि मुक्ति अभियान के तहत कीड़ों की दवा खिलाने की भी जानकारी ली और छूटे हुए बच्चों को दवा खिलाने के निर्देश दिए। डीएम ने सुरक्षा की दृष्टि से पूरे विद्यालय में पैदल चलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के लिए भी प्रेरित किया, जिलाधिकारी ने कक्षा 12 की छात्रा माही बघेल के बर्थडे पर बधाई दी। डीएम ने विद्यालय परिसर में फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश वन विभाग और उद्यान विभाग को दिए, जिलाधिकारी ने मैस में जाकर बच्चों के साथ भोजन खाकर भोजन की गुणवत्ता को परखा। अंत में डीएम तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया, इस दौरान उप जिलाधिकारी सिरसागंज, तहसीलदार प्रिंसिपल डॉक्टर अरविंद कुमार उपाध्याय डॉ. हैदर अली आदि उपस्थित रहे।

फिरोजाबाद में देशभक्ति के उल्लास के साथ मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

फिरोजाबाद। देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को पूरे जनपद में हर्षोल्लास गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक हर वर्ग के लोगों ने राष्ट्रीय पर्व में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जनपद के प्रमुख सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और पुलिस प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान, देशभक्ति कार्यक्रम, पौधरोपण व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम संतोष कुमार शर्मा ने एडीएम वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल, एडीएम न्यायिक अरविंद द्विवेदी, एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएम ने कहा कि लगभग 200 वर्षों की परतंत्रता के बाद इंडियन इंडिपेंडेंस एक्ट 1947 के तहत देश को आजादी मिली। स्वतंत्रता के बाद भारत ने सुई निर्माण से लेकर अंतरिक्ष तक शानदार यात्रा तय करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने लोकतंत्र में लगातार अपनी आस्था व्यक्त की है, जिससे भारतीय लोकतंत्र दिन-प्रतिदिन मजबूत हुआ है। भारत संचार, तकनीक, ग्रीन डेवलपमेंट सतत विकास और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं, महिलाओं, बालिकाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाएं संचालित कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण

शिक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के साथ युवाओं की भागीदारी और विकसित भारत के संकल्प को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान करते हुए डीएम ने कहा कि सीमा पर युद्ध लड़ने का अवसर भले ही न मिले, लेकिन अपनी दैनिक कार्यशैली में जनहित और आत्मसंयम की भावना से कार्य करना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को आत्ममूल्यांकन करना चाहिए कि उसके कार्य से कितने नागरिकों को लाभ मिला और उसने अपने कर्तव्य के साथ कितना न्याय किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल ने कहा कि स्वतंत्रता के मूल्य और महत्व को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करना चाहिए। तभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी और अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता ने भी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को जिलाधिकारी ने शॉल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम ने किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में शहीदों की स्मृति में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन फिरोजाबाद में भव्य एवं गरिमापूर्ण मुख्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने डीएम संतोष कुमार शर्मा, एसएसपी आदित्य लांग्हे, सीडीओ शत्रोहन वैश्य, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और पुलिस बल ने मुख्य अतिथि को गरिमापूर्ण सलामी दी। समारोह में वंदे मातरम्-का सामूहिक गायन हुआ और पूरा पुलिस लाइन परिसर देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत नजर आया। मुख्य अतिथि मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों एवं वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि उन महान बलिदानियों को याद करने का अवसर है, जिनके त्याग और संघर्ष के कारण आज देशवासी स्वतंत्र राष्ट्र में स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं।

ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में आसमानी घटा के अद्भुत दर्शन, भक्तों में छाया उल्लास

मथुरा। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में सावन मास के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों और उत्सवों की श्रृंखला में अनूठी छटा देखने को मिल रही है। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने जानकारी दी कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के मार्गदर्शन में किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए आज ठाकुर जी महाराज आसमानी घटा में विराजमान हुए। इस दौरान संपूर्ण मंदिर प्रांगण को आकर्षक आसमानी कपड़ों और रंग-बिरंगी लाइटों व लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया। पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार, ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने के भाव के तहत उन्हें घटा और हिंडोले में विराजमान कराया जाता है। मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि घटा से तात्पर्य ठाकुर जी को बाहर के सुहाने मौसम की अनुभूति करवाना है। सावन मास में यह विशेष क्रम लगातार जारी रहेगा।

अधर में एफसीआरए बिल

विपक्ष के भारी विरोध के बीच केन्द्र सरकार को विदेशी अंशदान विनियामक अधिनियम अर्थात एफसीआरए को संसद के मानसून सत्र में पास कराने से पीछे हटना पड़ा। सरकार इसे संयुक्त संसदीय समिति को सौंपने के लिए तैयार हो गयी और इस तरह यह कानून फिलहाल लटक गया है। बेशक जेपीसी में भाजपा-एनडीए सांसदों का बहुमत होगा और अध्यक्ष भी उन्हीं का होगा, लेकिन विमर्श, सार्वजनिक प्रतिक्रियाओं, प्रभावित क्षेत्रों-संगठनों के तर्क और पक्ष-विपक्ष की टकरावपूर्ण राजनीति के मद्देनजर बिल पर सम्यक विचार करने में 4-6 महीने का वक्त लगना स्वाभाविक है। जेपीसी की रिपोर्ट के बाद भी संसद में सहमति बन पाएगी और बिल सहजता से पारित होगा, इसके आसार बहुत कम हैं। हालांकि इस कानून में संशोधन करना और उसे सख्ती से लागू करना इसलिए बेहद जरूरी है, क्योंकि एफसीआरए के जरिए देश की सुरक्षा, संप्रभुता, लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिशें जारी रही हैं। पीएम मोदी के ही खिलाफ दुराग्रही अभियान, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समर्थक पत्रकारिता-लेखन और नवजात कॉकरोच जनता पार्टी आदि को भी विदेशी पैसा मिलता रहा है। यह कोई छिपा हुआ रहस्य नहीं है, बेशक कोई कुछ भी स्पष्टीकरण देता रहे या दावे करे, लेकिन विदेशी फंडिंग मिलती रही है। इसका उपयोग भारतीय हितों के खिलाफ भी होता रहा है। अमरीका, ब्रिटेन के कौन-कौन से फाउंडेशन और संगठन भारत में देश-विरोधी हरकतों को पैसा दे रहे हैं, उनके ब्यौरे स्पष्ट हैं। भारतीय स्टेट बैंक और केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास तमाम रिकॉर्ड दर्ज हैं। अमरीकी फंडिंग भारत में उसके तमाम संगठनों के जरिए मिलती रही है और इसमें तो कुछ बहुत ही कुख्यात हैं। एफ सी आर ए में स्पष्ट प्रावधान है कि राजनेता, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार, जज-न्यायाधीश, सरकारी कर्मचारी और पत्रकार आदि विदेशी अंशदान नहीं ले सकते। इस प्रावधान का उल्लंघन किया जा रहा है और मीडिया में वेबसाइट,

पोर्टल, प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ दुराग्रही अभियान वाले लोगों, पत्रकारों को और नवजात कॉकरोचों को भी विदेशी फंडिंग मिल रही है। गृह मंत्रालय ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उनमें 15,491 डॉलर कॉकरोच के नाम भी दर्ज हैं। इस सूची में राहुल गांधी समर्थक संगठन का नाम भी है। भारत में औसतन 18,500-22,963 करोड़ रुपये सालाना की विदेशी फंडिंग आती रही है। इसके लिए कुल 52,159 एनजीओ पंजीकृत किए गए थे। उनमें से अब 14,455 ही सक्रिय हैं। 22,498 एनजीओ के लाइसेंस पूर्व में ही रद्द कर दिए गये हैं और 15,206 संस्थाओं के लाइसेंस डीम्ड एक्सपायर्ड श्रेणी में पहुंच गये हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि पांच साल की अवधि पूरी होने के बाद लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया। अमरीका के संगठनों, सांसदों और ईसाई प्रतिनिधियों ने एफसीआरए संशोधन बिल का सबसे अधिक विरोध किया है। अमरीकी कांग्रेस में यहां तक धमकी दी गई कि यदि यह संशोधन बिल भारतीय संसद में पारित किया जाता है, तो रणनीतिक साझेदारी के संबंध प्रभावित होंगे। क्या अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ऐसा जोखिम उठा सकते हैं? भारत में भी कांग्रेस समेत लगभग सभी विपक्षी दलों ने बिल के विरोध का एलान किया है। उन्होंने बिल को अल्पसंख्यक-विरोधी करार दिया। ईसाई समुदाय के प्रतिनिधि गृहमंत्री अमित शाह से मिले। उन्हें आश्वस्त किया गया कि बिल किसी के भी खिलाफ नहीं है। अलबत्ता विदेशी फंडिंग को अधिक पारदर्शी, जवाब देह, निश्चित काम के लिए अंशदान और देशहित सुनिश्चित करने की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, लिहाजा यह बिल जरूरी है। यह भी साफ किया गया कि विदेशी फंडिंग किसी भी तरह के धर्मान्तरण के लिए नहीं होगी। इस तरह देखा जाये तो एफसीआरए कानून राष्ट्रहित को पोषित करने वाला है। इसलिए यह जरूरी है कि इस बिल को पास कर कानून का रूप दिया जाये ताकि देशविरोधी साजिशों पर लगाम लगे।

विचार

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

-कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

-महर्षि अरविन्द.

आत्मा अमर है, नउसका जन्म है नमृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

-श्रीमद्भागवतगीता.

विकसित भारत और आजादी का सफर

मनोज बाजपेयी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए एक फिर विकसित भारत का संकल्प दोहराया। अपने 76 मिनट के लंबे संबोधन में प्रधानमंत्री का सर्वाधित जोर आजादी की 100वीं वर्षगांठ अर्थात 15 अगस्त 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर केन्द्रित रहा। यह बड़ा, दूरगामी और आजादी के वास्तविक सपने को साकार करने वाला संकल्प है। इसलिए इसके लिए पूरे देश को एकजुटता के साथ देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा। अगले दो दशक में देश की अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर या इससे भी आगे ले जाना होगा ताकि भारत कम से कम मध्यम आया वाला देश बन जाये। फिलहाल भारत की अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर से कुछ अधिक है और दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब अगर चार ट्रिलियन से इसे 30-32 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाना है तो दीर्घकालीन उच्च एवं सतत् विकास दर्ज करने के साथ ही अर्थव्यवस्था में छिपी हुई कमजोरियों को तलाशना होगा और उनको दूर करना होगा। इससे हमारी अर्थव्यवस्था बार-बार दुनिया में उत्पन्न होने वाले भू-राजनीतिक तनावों से कम से कम प्रभावित होगी।

ऊर्जा, रेयर अर्थ मैग्नेट, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल आदि क्षेत्रों में देश आयात पर निर्भर है और इस कारण भारत का निर्यात तेजी से बढ़ने के बावजूद वास्तु व्यापार में बहुत अधिक घाटा हो रहा है। ऊर्जा के मामले में आयात पर हमारी निर्भरता के कारण बार-बार हमारी अर्थव्यवस्था संकट में पड़ जाती है। अचानक क्रूड की कीमतें बढ़ने लगती हैं, विदेशी मुद्रा बाहर जाने लगती है, रुपया टूटने लगता है और महंगाई बढ़ने लगाती है। इसका समग्र असर देश की आर्थिक प्रगति पर भी पड़ता है और लोगों के सामने जो चुनौतियों उत्पन्न होती हैं वह अलग। इसलिए विकसित भारत की यात्रा में जो चुनौतियों हैं उनका समाधान तलाशना जरूरी है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता, वस्तु व्यापार में होने वाले घाटे को सीमित करना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर फोकस बढ़ाकर और सेमीकंडक्टर, चिप्स की दौड़ हमने जो पूर्व में गलतियां की उनको पीछे छोड़कर इस प्रौद्योगिकी में तेजी से आगे बढ़ना होगा, तभी देश लंबे समय तक विकास की ऊंची गति को बनाये रख सकता है। जब हम विकसित भारत का संकल्प ले रहे हैं तब यह भी जरूरी है कि हम आजादी के समय की परिस्थितियों और लगातार परिवर्तन के दौर गुजरते हुए इस मुकाम तक पहुंचने की अपनी यात्रा पर भी विहंगम दृष्टि डालें। 1947 का भारत आज के भारत से बिल्कुल अलग था। अर्थव्यवस्था कमजोर थी, उद्योग सीमित थे, गरीबी व्यापक थी और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहद कम थीं। शिक्षा की स्थिति भी चिंताजनक थी। 1951 की पहली जनगणना में देश की साक्षरता दर केवल 18.33 प्रतिशत थी।

विमर्श

बड़ी आबादी गांवों में रहती थी और जीवन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में गुजरता था। देश के सामने भूख, बीमारी, बेरोजगारी और अशिक्षा से लड़ते हुए एक आधुनिक राष्ट्र का निर्माण करने की चुनौती थी। इन कठिन परिस्थितियों के बीच भारत ने लोकतंत्र को अपना रास्ता चुना। संविधान बना और प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार दिया गया। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, अमीरी या गरीबी के आधार पर मताधिकार में कोई भेद नहीं किया गया। 1951-52 के पहले आम चुनाव ने दुनिया को चकित कर दिया। जिस देश की बड़ी आबादी निरक्षर थी, उसी देश ने करोड़ों लोगों को मतदान की प्रक्रिया में शामिल करके यह साबित किया कि लोकतंत्र केवल शिक्षित और संपन्न समाजों की व्यवस्था नहीं है। भारतीय लोकतंत्र की यात्रा हालांकि हमेशा सरल नहीं रही। 1975 का आपातकाल नागरिक स्वतंत्रता, प्रेस की आजादी और राजनीतिक असहमति की कठिन परीक्षा था। लेकिन 1977 के चुनाव ने साबित किया कि भारत का मतदाता सत्ता बदलने की शक्ति रखता है। यही लोकतंत्र की असली ताकत है यानी अंतिम निर्णय जनता के हाथ में रहना। स्वतंत्रता के बाद भारत को अपनी सीमाओं की रक्षा की चुनौती भी लगातार झेलनी पड़ी। 1947-48 का भारत-पाकिस्तान युद्ध, 1962 में चीन के साथ युद्ध, 1965 और 1971 के युद्ध तथा 1999 का कारगिल संघर्ष और बीते साल चार दिनों तक चला ऑपरेशन सिंदूर, हमारे राष्ट्रीय इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय हैं। 1971 के युद्ध ने दक्षिण एशिया का राजनीतिक भूगोल बदल दिया और बांग्लादेश का जन्म हुआ। कारगिल ने भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को फिर देश के सामने रखा। ऑपरेशन सिंदूर ने प्रौद्योगिकी आधारित युद्ध में भारत के सामर्थ्य को प्रमाणित किया। इन संघर्षों के बीच भारत ने अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत किया। आज वैश्विक कूटनीति और सामरिक क्षमता में भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। लेकिन भारत की कहानी केवल युद्धों की कहानी नहीं है। यह निर्माण और आत्मनिर्भरता की कहानी भी है। हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न संकट से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिस भारत को कभी विदेशों से अनाज मंगवाना पड़ता था, वही आगे चलकर खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना। उद्योग, बैंकिंग, परिवहन और संचार के क्षेत्रों में भी व्यापक परिवर्तन हुए। विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जिनकी कल्पना 1947 के भारत में कठिन थी। अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा, औषधि निर्माण और चिकित्सा विज्ञान में देश ने अपनी क्षमता साबित की। चंद्रयान-3 की सफलता ने भारतीय वैज्ञानिक प्रतिभा को विश्व के सामने नई ऊंचाई दी। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत पहला देश बना। यह उपलब्धि उस भारत की यात्रा का प्रतीक है, जिसने कभी मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष किया था और आज अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने की दिशा में अग्रणी देशों के साथ खड़ा है। आर्थिक क्षेत्र में 1991 का संकट निर्णायक मोड़ साबित हुआ। आर्थिक सुधारों के बाद उद्योग, व्यापार और निजी क्षेत्र के विस्तार को गति मिली। सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण, सेवा क्षेत्र और विनिर्माण ने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी।

आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। फिर भी विकास की चमक के पीछे कुछ कठोर सवाल मौजूद हैं। गरीबी में कमी आई है, जीवन प्रत्याशा बढ़ी है और करोड़ों लोगों का जीवन स्तर सुधरा है, लेकिन बेरोजगारी, रोजगार की गुणवत्ता, किसानों की आय, महंगाई और आर्थिक असमानता अब भी चुनौती हैं। बड़ी अर्थव्यवस्था होना महत्वपूर्ण है, लेकिन विकास की असली कसौटी यह है कि उसकी रोशनी समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति तक कितनी पहुंची है। यह दरअसल हमारे सामने बड़ी चुनौती है और इन चुनौतियों के समाधान में ही बड़े अवसर निहित हैं। हम रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए विकास को तेज करेंगे तो विकसित भारत का संकल्प मजबूत होगा। आर्थिक असमानता को कम करने के लिए समावेशी विकास की तरफ बढ़ेंगे, तो हमारी अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। हमारे सामने जो चुनौतियां हैं, उनके समाधान का हमारा संकल्प जितना मजबूत होगा, विकसित भारत की यात्रा भी उतनी ही सुगम होगी।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

> राष्ट्र के सामने जो चुनौतियां हैं, उनके समाधान में ही बड़े अवसर निहित हैं। हम रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए विकास को तेज करेंगे तो विकसित भारत का संकल्प मजबूत होगा। गरीबी और आर्थिक असमानता को कम करने के लिए समावेशी विकास की तरफ बढ़ेंगे, तो हमारी अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। हमारे सामने जो चुनौतियां हैं, उनके समाधान का हमारा संकल्प जितना मजबूत होगा, विकसित भारत की यात्रा भी उतनी ही सुगम होगी।

सोशल मीडिया

मां शीतला अथिति गृह कौशम्बी में जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। केशव प्रसाद मौर्य

पूरा देश देख रहा है कि झारखंड में छात्र शांति पूर्ण और अनुशासित संघर्ष कर रहे हैं, न गाली गलौज, न अभद्र भाषा, न अज्ञान पेमेंट से महंगा भोजन, न पिकनिक जैसा माहौल। सुधांशु त्रिवेदी.

2005 में केजरीवाल जी ने आरटीआई आंदोलन चलाया था। फिर स्वराज अभियान, अन्ना आंदोलन आम आदमी पार्टी, 21 साल का सफर एक साथ कभी संघर्षों से भरा, कभी खुशियों से। संजय सिंह.

साधना के प्रकार

हमारी अवांछनीय आदतें कष्ट का कारण बनती हैं। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

अंतर्दृष्टि

रिश्वत का समाजवाद

व्यंग्यलोक

सरकारों ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। इसमें कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। समाजवाद का अर्थ अब अमीर-गरीब की खाई को पाटना भर नहीं है, अपितु हर क्षेत्र में हर नागरिक को समान रूप से कार्य करने का अधिकार मिल जाये तो यह भी समाजवाद ही है। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत सार्वजनिक हो जाती है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिख रहा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हें। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन से दोस्ती रखना गर्व की बात मानी जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बीपीएल हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। गरीबी मिटाते-मिटाते नेता अमीर हो गये, लेकिन इन गरीबों की गरीबी अभी तक भी इनका पीछा नहीं छोड़ रही।

पूरन सरमा

इस बार महिला हॉकी टीम से देश को बहुत उम्मीदें हैं

महिला हॉकी विश्व कप

सारिम अन्ना

झारखंड की ब्यूटी डंगडुंग भारतीय महिला हॉकी टीम की उन चंद युवा खिलाड़ियों में से हैं, जो नीदरलैंड्स व बेल्जियम में अपना पहला विश्व कप खेल रही हैं। इस प्रतियोगिता में वह अन्य खिलाड़ियों की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास कर रही हैं। गौरतलब है कि 2026 महिला एफआईएच (इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन) हॉकी विश्व कप बेल्जियम के वेव्रे और नीदरलैंड्स के एमस्टेलवीन में संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, 14 अगस्त से और इसका समापन 30 अगस्त 2026 को होगा। इस प्रतियोगिता में 16 टीमें हैं और 9 बार का विजेता नीदरलैंड्स अपने खिताब का बचाव करने की कोशिश में है। क्वालिफिकेशन प्रतियोगिताएं 2026 के शुरूआत में सम्पन्न हुई थीं, जिनमें से एक प्रमुख क्वालीफायर की मेजबानी हैदराबाद, भारत ने की थी, जिसमें इंग्लैंड के विरुद्ध एक कड़े मुकाबले के बाद भारत रनर-अप रहा और इस नाते भारत ने भी क्वालीफाई किया।

हॉकी का पहला महिला विश्व कप 1974 में खेला गया था और 1986 से यह हर चार साल के अंतराल पर खेला जा रहा है। महिला विश्व कप को अब तक सिर्फ 4 टीमों ने ही जीता है, जिनमें नीदरलैंड्स ने रिकॉर्ड 9 बार और अर्जेंटीना, जर्मनी व ऑस्ट्रेलिया ने दो-दो बार। भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में रहा था, जब वह चैथे स्थान पर रहा। लेकिन इस बार उसे पहले से अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। खिलाड़ियों ने अच्छी तैयारी की है। भारतीय टीम में सिर्फ युवा शक्ति ही नहीं बल्कि अनुभव का भी अच्छा मिश्रण है। मसलन, जब निक्की प्रधान ने 2018 में पहली बार विश्व कप में प्रवेश किया था, तो उनके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती शायद यह थी कि हॉकी के सबसे बड़े मंच पर खेलना कैसा होगा। वर्षों बाद झारखंड की यह डिफेंडर अपना तीसरा विश्व कप खेल रही हैं और उनकी भूमिका बदल गई है। एक समय जो उन्हें अनुभव चाहिए था, वह अब अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ मिलकर युवा पीढ़ी तक पहुंचा रही हैं। भारतीय टीम में सबसे ज्यादा खिलाड़ी हैं, जो 200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। इतना अनुभव इस विश्व कप में किसी अन्य टीम के पास नहीं है। सविता पुनिया 300 से अधिक मैच खेल चुकी हैं, जबकि नेहा गोयल, नवनीत कौर, निक्की व सुशीला चानू के पास भी 200 से अधिक मैचों का अनुभव व्यक्तिगत तौरपर है। भारतीय टीम के औसत अंतर्राष्ट्रीय मैच प्रति खिलाड़ी 103.55 हैं, जोकि प्रतियोगिता में सिर्फ बेल्जियम (116.7), अर्जेंटीना (104.35) और चिली (104.1) से ही पीछे है। निक्की बताती हैं, 'जब मैंने अपना पहला विश्व कप खेला था तो मुझे मालूम नहीं था कि यह कितना बड़ा टूर्नामेंट है, इसे कैसे खेला जाये और क्या उम्मीद की जाये। मेरा पहला विश्व कप होने के नाते दबाव अधिक था।' दो विश्व कप के बाद निक्की को लगता है कि उनका अनुभव युवा खिलाड़ियों की मदद करने में काम आयेगा। सुशीला अपना दूसरा विश्व कप खेल रही हैं। वह भी अपनी जिम्मेदारी को इसी तरह से समझती हैं, 'हम युवा खिलाड़ियों से कहती हैं कि खुलकर खेलें, उनके ऊपर कोई दबाव नहीं है। जो भी गलती होगी, हम सीनियर उसे संभाल लेंगे।' निक्की को लगता है कि जूनियर व सीनियर ग्रुप्स में पहले जैसा गैप अब नहीं है। मैदान में व उसके बाहर बोन्डिंग मजबूत हुई है जिससे टीम भी मजबूत हुई है, जो प्रदर्शन में दिखायी दे रहा है। संभावना यह है कि भारत विश्व कप में अपना आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा, विशेषकर इसलिए कि सीनियर व जूनियर में तालमेल बहुत अच्छा है। बहरहाल, सीखना एक ऐसी प्रक्रिया है जो दोनों तरफ काम आती है। कुछ जूनियर खिलाड़ियों के स्किल बहुत अच्छे हैं, कुछ की स्पीड अच्छी है और कुछ की अपनी विशेषताएं हैं। निक्की उनसे सीखने का प्रयास करती हैं। ब्यूटी डंगडुंग का भी मानना है कि पिछले कुछ माह के दौरान भारतीय टीम में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है वह केवल टैक्टिकल ही नहीं बल्कि इमोशनल भी है। खिलाड़ियों में बोंडिंग बहुत अच्छी हो गई है। सब पहले से अधिक आपस में बातें करने लगी हैं, सीनियर व जूनियर दोनों। एक दूसरे को सपोर्ट करती हैं, जिससे दोनों मैदान के अंदर व बाहर सुधार आया है। मुख्य कोच एस मरीजने के कारण टीम के स्ट्रक्चर में स्पष्टता है, रक्षा पंक्ति मजबूत हुई है और काउंटर-अटैक गेम में भी सुधार आया है।

आप की बात

औद्योगिक विकास

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में तेज विकास होगा। तेजल विकास से ही देश एवं प्रदेश की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। विकास से ही रोजगार बनेगा। आरक्षण से बेरोजगारी कभी भी दूर नहीं हो सकता है। इसलिए सरकार को अपना पूरा ध्यान विकास पर केन्द्रित करना चाहिए।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

प्राथमिक शिक्षा

उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पहले से ही बहुत जटिल थी, कोरोना के दौरान यह और भी बिगड़ गयी। हालांकि अब इसमें कुछ सुधार हो रहा है। किसी भी समाज की प्रगति का आईना वहां की प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश में जिस तरह से दशकों तक प्राथमिक शिक्षा की अवहेलना की गयी वह चिंताजनक है। हालांकि अब धीरे-धीरे शिक्षा में सुधार के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन कोरोना महामारी ने शिक्षा में सुधार के प्रयासों को काफी झटका दिया है। लेकिन इन प्रयासों को फिर से तेज करना होगा।

बीते वर्षों में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कई प्राथमिक पाठशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कक्षा तीन के विद्यार्थी से कुछ पढ़ने के लिए कहा, तो विद्यार्थी रटा-रटाया अध्याय पढ़ने लगा। सीएम ने जब दूसरा अध्याय पढ़ने के लिए कहा तो विद्यार्थी हिचकिचाने लगा। इस पर सीएम ने शिक्षक से कड़ी नाराजगी भी जतायी थी और शिक्षा को सुधारने की सख्त नसीहत भी दे रखी थी। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान जो अनुभव हुआ वह प्राथमिक शिक्षा की हकीकत है। प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है और जो शिक्षक हैं भी वे शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेते हैं। हालांकि शिक्षकों की भर्ती हुई भी है लेकिन अभी भी शिक्षकों की कमी है। प्रदेश में लाखों युवक शिक्षण की योग्यता रखते हैं लेकिन उनको मौका नहीं मिलता है। अगर सबको रोजगार से जोड़ा जाये तो शिक्षा भी दुरुस्त होगी और रोजगार भी मिलेगा। जहां तक संसाधनों की बात है तो यह कोई बड़ा मसला नहीं है। प्राइवेट स्कूल में जो शिक्षक मामूली वेतन पर शिक्षण कार्य करते हैं उनको अगर सरकारी नौकरी में कुछ ज्यादा वतन दिया जाये तो खुशी-खुशी करने लगेंगे। जो वेतन आयोग तय करता है वह गैर जरूरी है। वेतन आयोगों के कारण ही बेरोजगारी बढ़ी है। बेहतर होगा कि जरूरत के अनुसार कर्मी रखे जायें और उनको वेतन भी सरकार की आर्थिक हैसियत के अनुसार मिले।

गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, लखनऊ.

संक्षेप

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

चरगांवा, गोरखपुर। गोरखपुर के पिपराइच रोड पर तुर्रा नाला के पास कांवड़ियों के साथ चल रही डीजे ट्रॉली 11 केवीए की हाईटेंशन लाइन के विद्युत सप्लाई के संपर्क में आने पर करंट उतरने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि जंगल औराही निवासी 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घायल को इलाज के लिए, अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि डीजे ट्रॉली पर काफी ऊंचाई में रखा था, जिसकी वजह से यह हादसा हो गया।

मृतक युवक की पहचान करन चौहान पुत्र श्री राम सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार थाना क्षेत्र पिपराइच जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। बताते चले कि डी जे की ऊंचाई लगभग 16 फीट जबकि सड़क के किनारे 11 केवीए के तार की ऊंचाई जमीन से लगभग उतनी ही ऊंचाई पर है, घटना रविवार दिन में 10 बजे की है, पादरी बाजार विद्युत उपकेंद्र के जंगल धूसर फीडर से विद्युत आपूर्ति होती है घटना के समय विद्युत आपूर्ति थी, पादरी बाजार विद्युत उपकेंद्र जबकि एस एस ओ दीपक ने बताया कि घटना के पूर्व ही विद्युत आपूर्ति काट दी गई थी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ आर एस दुबे, चेयरमैन ने समर्पण हॉस्पिटल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और मिष्ठान का वितरण किया गया।

भटनी में गूंजा देशभक्ति का संदेश

जिला संवाददाता

भटनी (देवरिया)। 80वें स्वतंत्रता दिवस पर नगर एवं आसपास के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तिरंगा यात्रा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और नाटक प्रस्तुत कर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। नगर पंचायत में अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सभासदों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली तथा नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। अध्यक्ष ने कहा कि देश की एकता और विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। सुभाष इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। बहादुर यादव डिग्री कॉलेज में प्रबंधक अजय कुमार यादव एवं ब्लॉक प्रमुख पति रामाशंकर यादव ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। अजय कुमार यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ राष्ट्रप्रेम और अनुशासन को जीवन में अपनाना चाहिए। भरहेचौरा स्थित सिद्धेश्वर शीतल देव नारायण महाविद्यालय एवं सिद्धनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रबंधक एवं भाजपा नेता अजीत कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता अनेक वीरों के बलिदान का परिणाम है। हमें उनकी कुबार्नी को याद रखते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करना चाहिए। बहादुर यादव पीजी कॉलेज में प्रबंधक एवं संस्थापक कैप्टन जयराम यादव, पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र वर्मा एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य शोमेश्वर नाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों को देश की प्रगति में अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए।

आजादी के जश्न में डूबा रहा गोरखपुर

गोरखपुर। देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह जनपद में परम्परागत रूप से सादगी, हर्षोल्लास एवं आकर्षक ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह ने आयुक्त परिसर में, जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रीय एकता अखण्डता, पंथ निर्पेक्षता, सामाजिक समरसता तथा साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने पर जोर दिया गया तथा भारतीय एकता का संकल्प दोहराया गया। इस मौके पर मंडलायुक्त ने कहा कि हमारे अनगिनत देशभक्तों तथा अमर बलिदानियों ने जीवन भर संघर्ष करके और अपना सबकुछ न्यौछावर करके राजनैतिक स्वाधीनता हासिल की थी। उन्होंने अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि जिसका जो दायित्व है उसे वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी और लगन के साथ करें। उन्होंने कहा कि विकास शासन की प्राथमिकताओं में से है और प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने की अवधारणा को अंगीकृत करते हुए प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ्य, समर्थ तथा सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए कटिबद्ध है। जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण के पश्चात अपने सम्बोधन में कहा कि इस पावन राष्ट्रीय पर्व पर महापुरूषों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कृत्यों का आदरपूर्ण स्मरण किया जाये। उन्होने पंथ निर्पेक्षता की मूल अवधारणाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र व समाज का निर्माण प्रेम तथा सद्भाव से होता है एक दूसरे के धर्म जाति विचारों व महापुरूषों का आदर करने से होता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों विशेष रूप से किसानों, गरीबों, वंचितों, शोषितों एवं उपेक्षित वर्ग के साथ साथ प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए साफ नीयत, सही विकास के संकल्प को साकार कर रही है। इसके उपरान्त जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालयों में देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश

गगहा, गोरखपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण, देशभक्ति गीतों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देशभक्ति की भावना को मजबूत किया और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। लीलावती सिंह स्मारक इण्टर कालेज, भैंसहा गगहा में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा समाज में फैली कुरीतियों पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर लोगों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को आईना दिखाते हुए शिक्षा, संस्कार और जागरूकता के माध्यम से कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक राधामोहन सिंह ने की। कार्यक्रम में उप प्रबंधक सुधाकर तिवारी, प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार, उप प्रधानाचार्य दीनानाथ, वरिष्ठ शिक्षक राम सिंह यादव, संजीव श्रीवास्तव, रीहांश ठाकुर, अभिमन्यु साहनी, दीपचंद, ज्ञान प्रकाश सिंह, मोनू गुप्ता सहित शिक्षिकाएं संजना पाण्डेय, महिमा, हर्षिता पाण्डेय, अंशू यादव, अनुष्का पाण्डेय, नेहा यादव, काव्या पाण्डेय, अश्वनी साहनी एवं सीमा उपस्थित रहीं। अतिथियों एवं विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं आरपीडी एकेडमी, टिकरी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने 102 मीटर लंबे तिरंगे के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। विद्यालय प्रांगण से शुरू हुई यह यात्रा करवल मझगांवा चौराहा होते हुए टिकरी मार्ग से पुनः विद्यालय परिसर पहुंची। हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। यात्रा में उमड़ा उत्साह लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के प्रबंधक विनय शुक्ल की इस अभिनव पहल की क्षेत्रवासियों ने जमकर सराहना की और इसे देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने वाला सराहनीय प्रयास बताया। इसी क्रम में शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल, बड़गो वरईपार में प्रबंधक कृष्ण कुमार तिवारी ने ध्वजारोहण के बाद विद्यालय की ओर से निराश्रित एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरित की। इस पहल से जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन के इस मानवीय एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रयास की क्षेत्र के लोगों ने मुक्तकंठ से सराहना की। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और जरूरतमंदों की सहायता का संदेश भी दिया। शिक्षण संस्थानों की इन पहलों से स्वतंत्रता

एनएलपीडी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बाराबंकी। आलापुर स्थित नंदलाल प्रभु देवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट परिसर मे 80वें स्वतंत्रता दिवस को देशभक्ति के वातावरण में ध्वजारोहण कर मनाया गया। सर्वप्रथम ट्रस्ट अध्यक्ष प्रभु देवी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरान्त देशभक्ति की भावना, एकता तथा शिक्षा एवं सामाजिक सेवा का संकल्प दिलाया। ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीमती देवी ने महाविद्यालय एवं अस्पताल की समर्पित टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं एवं सामाजिक कल्याण के महत्व पर बल दिया। तो वही एनएलपीडी अस्पताल आलापुर मे चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, अन्य अस्पताल कर्मियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके उपरान्त ट्रस्ट द्वारा एनएलपीडी अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मरीजो को विभिन्न प्रकार की जांच व परामर्श दिया गया।

देश को आजाद कराने वाले वीर शहीदों के दिखाये रास्ते का अनुसरण करने की आवश्यकताः फवाद किदवाई

बाराबंकी। हमें देश के वीर शहीदों की शहादत को याद रखना चाहिए। कि उन्होंने इस देश को आजाद कराने के लिये अपने जीवन का बलिदान कर दिया। हम उनको नमन करते हैं। देश की एकता, अखण्डता, सांप्रदायिक सौहार्द एवं भाई चारा कायम करने का संकल्प करते हैं। यही देश की आजादी में शामिल हमारे पूवर्जों को सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। उक्त उद्गार पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वः मोहसिना किदवाई के सिविल लाइन आवास पर 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव फवाद किदवाई ने झण्डारोहण करने के पश्चात व्यक्त किये। झण्डारोहण के उपरान्त पूर्व महासचिव श्री किदवाई ने आगे कहा कि हमें महात्मा गांधी, पं0जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरदार भगत सिंह जैसे सच्चे देश भक्तों के दिखाये गये रास्ते का अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बृजेश दीक्षित, सुरेश श्रीवास्तव, रमन द्विवेदी, मजहर अजीज खाँ मज्जू, तैय्यब किदवाई, रमेश कश्यप, वीरेन्द्र यादव, शुऐब अहमद, विजय चन्द्र शुक्ला, फैसल किदवाई, संजीव मिश्रा, इरफान कुरैशी, शिव शंकर वर्मा, विनोंद कुमार सिंह, राशिद अजीज सिद्दीकी, सै0तौसीफ करार, दिलशाद वारसी, इलियास प्रधान, फैसल किदवाई आदि मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को पुनः संकल्पित करने का दिन हैः डीएम



बाराबंकी। 80वें स्वतंत्रता दिवस पर जनपद देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। सुबह से ही सरकारी एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराया। जगह-जगह देशभक्ति गीतों और नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीदों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों को नमन करते हुये कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि उन महान बलिदानों को स्मरण करने और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को पुनः संकल्पित करने का दिन है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व निरंकार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सियार के हमले ने उजाड़ दिया परिवार, पहले बेटे की मौत अब पिता ने भी तोड़ा दम

सीतापुर। संदना इलाके में सियार के हमले से घायल रघुनाथपुर तेंदुआ गांव निवासी पिता-पुत्र की मौत ने ग्रामीणों को झकझोर दिया। करीब एक सप्ताह पहले हुए हमले में गंभीर रूप से घायल बेटे की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अब रविवार को उपचार के दौरान पिता राजपाल ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार में दो मौतों से गांव में मातम है, वहीं ग्रामीणों में वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश है।

बताया गया कि सियार ने राजपाल और उनके पुत्र रघुवीर सिंह पर अचानक हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमले के बाद दोनों का उपचार चल रहा था। हालत बिगड़ने पर रघुवीर सिंह की तीन अगस्त को मौत हो गई। इसके बाद पिता राजपाल का उपचार जारी था, लेकिन रविवार को उनकी भी मौत हो गई। सूचना पर नायब तहसीलदार अजय सिंह, लेखपाल शिवम यादव, वन दरोगा अनिल कुमार यादव, कैलाशन चैकी प्रभारी मुकेश कुमार सिंह समेत पुलिस व वन विभाग की टीम पहुंची।

टीआरसी लॉ कॉलेज में विधि छात्रों ने प्रस्तुत किए गीत और नृत्य

सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी ला कालेज में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शासी निकाय अध्यक्ष डॉक्टर सुजीत चतुर्वेदी एवं विशिष्ट अतिथि अध्ययन परिषद सदस्य डॉ0 आर0एस गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पूर्व सभी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान

- देश की स्वतंत्रता अनेक वीरों के त्याग और बलिदान का परिणाम हैः डॉ. गुप्ता

किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण, नृत्य, देशभक्ति गीत एवं नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ0 गुप्ता ने कहा कि देश की स्वतंत्रता अनेक वीरों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ0 दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ0 वीर विक्रम सिंह, डॉ0 मंजय कुमार यादव, डॉ0 नवीन कुमार सिंह, डॉ0 अमजद अंसारी, डॉ0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार, अंकित मिश्रा, आराधना मिश्रा, वैशाली सिंह आदि मौजूद रहे।

सहयोगी इंटर कॉलेज स्वतंत्रता दिवस पर मेधावियों को किया गया सम्मानित

जैदपुर, बाराबंकी। खुशहालपुर स्थित सहयोगी इण्टर कालेज प्रागण मे स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कालेज अध्यक्ष सतीश चन्द्र वर्मा, प्रबन्धक अरुण वर्मा व आनन्द वर्मा ने

- साइकिल, मोमटो व प्रशास्ति पत्र देकर छात्राओ का किया उत्साहवर्धन

मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवजित कर किया। तत्पश्चात झण्डारोहण कर राष्ट्रगान किया गया। इसके उपरान्त हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2026 में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाली छात्रा महिमा वर्मा को साइकिल व प्रशस्ति पत्र व इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 मे विद्यालय में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा गरिमा वर्मा को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरान्त सहयोगी कॉन्वेंट के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तृति दी। इस मौके पर अनुज वर्मा, प्राचार्य डॉ0दारा सिंह प्रधानाचार्य शमशेर सिंह, चंद्रकांत वर्मा, धमानंद यादव, राजेश वर्मा, डॉ0 प्रज्ञा सिंह, प्रियंका, निर्मल वर्मा, प्रतिभा, अनीता वर्मा, डा0 विनोद गौतम, सुनील वर्मा, कनक वर्मा, प्रीति वर्मा, कुलदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

बंदियो ने देश भक्ति, राष्ट्रीय गीतों की दी मनमोहक प्रस्तुति

बाराबंकी। जिला कारागार में 80वां स्वतन्त्रता दिवस प्रातः 8 बजे कारागार के मुख्य द्वार पर जेल अधीक्षक कुन्दन कुमार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ किया। तत्पश्चात बंदियो द्वारा कारागार के अन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम देश भक्ति राष्ट्रीय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर महानिदेशक कारागार द्वारा कारागार कार्मिकों हेड जेलवार्डर प्रमोद कुमार मिश्रा को प्रशस्ति चिन्ह हीरक व प्रमाण पत्र तथा उप कारापाल रंजू शुक्ला, हेड जेलवार्डर राजमणि प्रजापति, जेलवार्डर अंजनी कुमार यादव, जेलवार्डर राजमणि तिवारी को प्रशस्ति चिन्ह रजत व प्रमाण पत्र सौपा। इसके साथ ही उप महानिरीक्षक कारागार अयोध्या एस0के0 मैत्रेय द्वारा जेल अधीक्षक श्री कुमार को उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यो हेतु प्रशंसा प्रमाण पत्र, जेलर डा0 आरती पटेल, उप कारापाल अनिल कुमार, वरि0सहा0 सईदा खान, कनि0 सहा0 विजय प्रताप सिंह, विद्युतकार कुलदीप कुमार दास को भी प्रशंसा प्रमाण पत्र सौपा गया।

स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षिकाओं ने ली शिक्षक हितों के लिए कार्य करने की शपथ

उन्नाव (वीओएल)। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन सफीपुर की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। ब्लॉक संरक्षक ज्ञानेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में अनीता चैधरी, अर्चना वर्मा, पूजा खन्ना, शिखा वर्मा, स्वाती तिवारी, सीमा कटियार सहित कई महिला शिक्षिकाओं ने संगठन से जुड़कर शिक्षक हितों में कार्य करने की शपथ ली। इस दौरान अनीता चैधरी को सफीपुर ब्लॉक मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजीव संखवार एवं जिला संगठन मंत्री मनोज कुमार उपस्थित रहे। जिला संगठन मंत्री मनोज कुमार ने कहा कि एक साथ बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाओं का संगठन से जुड़ना संगठन की बढ़ती विश्वसनीयता और शिक्षकों के विश्वास को दशार्ता है। स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षकों ने शैक्षणिक कार्यों के लिए स्वतंत्र वातावरण उपलब्ध कराने तथा मध्याह्न भोजन योजना सहित अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त भार को कम करने की मांग उठाई। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने विद्यालयों की आधारभूत समस्याओं को लेकर कहा कि जिन विद्यालयों में किचेन शेड जर्जर हैं या उपलब्ध नहीं हैं, वहां शीघ्र व्यवस्था कराई जाए। बारिश से क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों का भौतिक सत्यापन कराकर निष्प्रयोज्य कक्षों के स्थान पर नए कक्षों का निर्माण कराया जाए।

दौड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने समाज को नशा मुक्त भारत का दिया संदेश

जिला संवाददाता

जौराबाजार, कुशीनगर। जौरा बाजार में नशा मुक्त के अंतर्गत मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। बच्चों ने स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के लिए उत्सासपूर्वक संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नशा मुक्ति की जागरूकता को बढ़ाना था। जौरा बाजार में रविवार को बच्चों ने उत्साहपूर्वक मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेकर समाज को नशा मुक्त भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों के बीच नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। मिनी मैराथन दौड़ का शुभारंभ इंटर कालेज जौरा बाजार परिसर से किया गया।

इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख हसमुद्दीन अंसारी, समाज सेवी रूबी किन्नर, मनीष तिवारी और विनय तिवारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागी बच्चों को रवाना किया। पूर्व प्रमुख हसमुद्दीन अंसारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा एवं रचनात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में बच्चों एवं युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों ने नशा मुक्ति का संकल्प लेते हुए स्वस्थ जीवन, खेलकूद एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मिनी मैराथन दौड़ में बालक वर्ग में रोहन कुमार तथा बालिका वर्ग में पूनम निषाद ने मारी बाजी मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के आलावा पश्चिम बंगाल, झारखंड तथा बिहार प्रांत के प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजक चंदन यादव ने बताया कि मैराथन बालक वर्ग का दौड़ पांच किलोमीटर तथा बालिका वर्ग के लिए तीन किलोमीटर रखा गया था। इस तरह का आयोजन क्षेत्र में पहली बार हुआ है।

इसलिए लोगों की काफी भीड़ है। प्रतियोगिता के कारण एक घंटे तक जौरा, जोकवा मार्ग बंद रहा। इस भीषण गर्मी में कई प्रतिभागियों की तबियत खराब हो गई, और उल्टियाँ होने लगी। जिसका प्रधान प्रतिनिधि शंभु बरनवाल ने तुरंत डाक्टर बुलाकर इलाज कराया। बालक वर्ग में बनारस के रहने वाले रोहन कुमार को प्रथम स्थान, गोरखपुर के अभिषेक कुमार को दूसरा स्थान तथा मऊ के बीके पटेल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में कुशीनगर के पूनम निषाद को प्रथम स्थान, देवरिया के काजल निषाद को दूसरा स्थान तथा आजमगढ़ के किरण वर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी बिजई प्रतिभागियों को जौरा इंटर कालेज के खेल मैदान में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण कार्य समाज सेवी रूबी किन्नर, मनीष तिवारी, विनय तिवारी, नंदलाल विद्रोही, शंभु बरनवाल तथा अरविंद मिश्रा के हाथों दिया गया। इस अवसर पर कैप्टन बीरेंद्र कुशवाहा, सूरज चौहान, हरिकेश यादव, अरविंद बरनवाल, अखिलेश शर्मा, हरि यादव, विशाल प्रसाद, धर्मेंद्र यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

भीरानाथ बाबा मंदिर से गूंजा हर-हर महादेव

सीतापुर। हरगांव क्षेत्र के नरहरपुर स्थित भीरानाथ बाबा मंदिर से रविवार को दसवीं शिव कांवड़ यात्रा धूमधाम से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुई। यात्रा का शुभारंभ राज्य कारागार मंत्री सुरेश राही ने विधिवत किया। स्वर्गीय नागेंद्र सिंह तोमर द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अब उनके पुत्र समर बहादुर सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही है। यात्रा में जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, सैकड़ों मोटरसाइकिलों के साथ हजारों कांवड़िए पैदल शामिल हुए। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित और कर्मचारियों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। डीजे की धुन पर कलाकारों ने शिव-पार्वती का रूप धारण कर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इससे माहौल भक्तिमय हो गया। यात्रा में पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, आदित्य सिंह, योगेंद्र सिंह, टीपी सिंह, दिनेश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 16621 करोड़ डाले

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की खरीदारी का सिलसिला अगस्त में लगातार दूसरी महीने जारी है। अगस्त के पहले पखवाड़े में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 16,621 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बेहतर मूल्यांकन, कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजों और अमेरिका में ब्याज दरों में नरमी की उम्मीद ने निवेशकों के रुख को सकारात्मक बनाने में अहम भूमिका निभाई है। एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 20,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस तरह लगातार दो महीनों की खरीदारी ने चार माह तक चले भारी बिकवाली के रुख को पलट दिया है। इस साल विदेशी निवेशकों ने मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये और जून में 49,340 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

कम दाम पर बिकवाली से खाद्य तेलों में गिरावट

नयी दिल्ली। देश में आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के कारण बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों में गिरावट कायम रही। इस गिरावट के कारण बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से सरसों तेल के दाम में भी मामूली नुकसान रहा।

एक साथ आये जावा, येज्दी और बीएसए के राइडर्स

नई दिल्ली। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, जावा, येज्दी और बीएसए मोटरसाइकल्स ने नीमेड्स के बैनर तले देशभर में आयोजित राइड्स में हिस्सा लिया। इस पहल ने स्वतंत्रता की उस भावना का जश्न मनाया, जो मोटरसाइकिलिंग के मूल में बसी है। स्वतंत्रता दिवस की इस राइड ने 150 डीलरशिप्स के माध्यम से 2,000 से अधिक राइडर्स को एक साथ जोड़ा। ये राइडर्स अलग-अलग पृष्ठभूमि, उम्र और राइडिंग शैलियों से जुड़े थे। इस आयोजन ने आपसी भाईचारे और उस साझा जुनून को प्रदर्शित किया, जो जावा, येज्दी और बीएसए कम्युनिटी के राइडर्स को आपस में जोड़े रखता है। 'मोटरसाइकिल चलाने का असली अर्थ अपना रास्ता खुद चुनने की स्वतंत्रता और उस सफर के आनंद को दूसरों के साथ साझा करना है।

अंशुमान ठाकुर ने लॉन्च की 'द मैन हू रन्स' किताब

नई दिल्ली। एक कदम से शुरू होने वाली चीज बदलाव का सफर बन सकती है। यही 'द मैन हू रन्स' का मुख्य संदेश है। यह लंबी दूरी के धावक और लेखक अंशुमान ठाकुर की पहली किताब है, जिसे आज यहां दिल्ली में लॉन्च किया गया। यह किताब ठाकुर के उस निजी सफर को बताती है जिसमें उन्होंने दौड़ना शुरू किया और एक समर्पित लंबी दूरी के धावक बने। उन्होंने सात मैराथन पूरी की हैं और अब वे बोस्टन मैराथन के लिए क्वालिफाई करने की कोशिश कर रहे हैं। 'द मैन हू रन्स' सिर्फ दौड़ने के बारे में नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, मुश्किलों, खुद पर शक, हिम्मत और दृढ़ संकल्प के बारे में भी है जो किसी भी सार्थक सफर का हिस्सा होते हैं। अपने अनुभवों के जरिए, ठाकुर बताते हैं कि दौड़ने ने सिर्फ शरीर में, बल्कि सोच, प्राथमिकताओं, रिश्तों और खुद को समझने के नजरिए में भी कैसे बदलाव आ सकता है।

केडीएम ने 'भारत का चार्जर' मुहिम के तहत की बड़े संकल्प की घोषणा की

नई दिल्ली। केडीएम ने भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी 'भारत का चार्जर' मुहिम के तहत देश भर में एक बड़े संकल्प की घोषणा की है। देश के वीर जवानों के सम्मान और उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में मदद के नेक इरादे के साथ इस पहल की शुरुआत की गई है। हमारे सैनिक उस आजादी की हिफाजत करते हैं जो हर भारतीय को सपने देखने, कुछ नया बनाने और आगे बढ़ने का मौका देती है। देश भर में एक लाख से ज्यादा डीलरों के साथ, केडीएम इंडिया के पास अपने बिजनेस नेटवर्क को देश के लिए योगदान देने वाले नेटवर्क में बदलने की ताकत रखता है। 'भारत का चार्जर' मुहिम के तहत, बिकने वाला हर चार्जर भारत की हिफाजत करने वाले सैनिकों का शुक्रिया अदा करने और उनके बच्चों के बेहतर भविष्य में योगदान देने का एक छोटा-सा जरिया बन जाता है। पूरे देश में 1 लाख से ज्यादा डीलरों के साथ मिलकर, केडीएम इंडिया अपने बिजनेस नेटवर्क को समाज में बदलाव लाने का जरिया बना रहा है।

भारत ने दूसरे दिन 460 रन बनाये

भारत मजबूत स्थिति में, पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली; ध्रुव जुरेल और केएल राहुल की फिफ्टी

एजेंसी

गॉल। श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। गॉल में टीम ने पहली पारी में 9 विकेट पर 460 रन बना लिए हैं। बारिश के कारण साढ़े चार घंटे की देरी से खेल शुरू हुआ। इसके बाद भारत ने 43 ओवर में 172 रन जोड़े। स्टंप्स होने पर कुलदीप यादव 12 और प्रसिद्ध कृष्णा 1 रन बनाकर नाबाद रहे। देवदत्त पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का पहला शतक है। पडिक्कल ने 230 गेंदों पर 15 चौके और एक छक्का लगाया। केएल राहुल ने 82 रन की पारी खेली। ध्रुव जुरेल ने भी 51 रन बनाए। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम ने पहले दिन 2 विकेट पर 288 रन बनाए थे।

श्रीलंका से प्रभात जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। केशरा नुवांथा को 3 विकेट मिले। गॉल टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया। भारत ने 116 ओवर में 9 विकेट पर 460 रन बनाए हैं। कुलदीप यादव 12 और प्रसिद्ध कृष्णा 1 रन बनाकर नाबाद हैं। कुलदीप ने 115.3 ओवर में प्रभात जयसूर्या की गेंद पर आगे निकलकर मिड-ऑफ के ऊपर से चौका लगाया। जयसूर्या ने 39 ओवर में 109 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत ने 447 रन के स्कोर पर दो गेंदों में दो विकेट गिर गए। 112.6 ओवर में असिथा फर्नांडो ने मोहम्मद सिराज को 11 रन पर आउट किया। सिराज ने 15 गेंदों में 1 छक्का लगाया और 11 रन पर मिड-ऑफ पर कैच दे बैठे। इसके बाद 113.1 ओवर में प्रभात जयसूर्या ने मानव सुथार को 24 रन पर आउट किया। सुथार ने आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर कैच हो गई। उन्होंने 43 गेंदों में 2 चौके की मदद 24 रन बनाए। 110.3 ओवर में केशरा नुवान्था की फुल लेंथ गेंद पर मोहम्मद सिराज ने छक्का लगाया। सिराज ने थोड़ा शफल करते हुए गेंद को सही पोजिशन में लाया और गेंद के नीचे आकर बड़ा शॉट खेला। गेंद लॉन्ग-ऑन के ऊपर से सीधे बाउंड्री के बाहर चली गई। प्रभात जयसूर्या ने 109.1 ओवर में ध्रुव जुरेल को 51 रन पर आउट कर दिया। जुरेल ने गेंद को ऑन साइड में खेलने की कोशिश की, लेकिन बल्ले का ऊपरी किनारा लगा और गेंद पहली स्लिप की ओर चली गई। श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने दाईं ओर डाइव लगाकर एक हाथ से कैच पकड़ा।

जुरेल ने 68 गेंदों में 51 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। 106 ओवर के बाद भारत ने 6 विकेट पर 413 रन बना लिए हैं। ध्रुव जुरेल 42 और मानव सुथार 11 रन बनाकर क्रीज पर हैं। लाहिरू कुमारा ने 12 ओवर में 67 रन दिए हैं, लेकिन उन्हें अब तक कोई विकेट नहीं मिला है। ऑस्ट्रेलियाई अंपायर रॉड टकर की तबीयत खराब होने के कारण उन्होंने तीसरे सेशन में अंपायरिंग नहीं कर रहे हैं। उनकी जगह रिजर्व अंपायर रवींद्र विमलासिरी ने जिम्मेदारी संभाली। केशरा नुवान्था ने 98.1 ओवर में रवींद्र जडेजा को छक्का कर दिया। राउंड द विकेट से आई स्लाइडर गेंद पर जडेजा गलत लाइन में शॉट खेलने गए और गेंद पैड पर जा लगी।

श्रीलंका की अपील पर अंपायर ने उंगली उठा दी। जडेजा ने रिव्यू लिया, लेकिन गेंद लेग स्टंप से टकराती दिखी और अंपायर्स कॉल के कारण फैसला बरकरार रहा। जडेजा 25 गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हुए। यह नुवान्था का तीसरा विकेट है। दूसरे सेशन में श्रीलंका ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए भारत के 3 विकेट चटकाए। ऋषभ पंत 39, केएल राहुल 82 और देवदत्त पडिक्कल 167 रन बनाकर आउट हुए। पडिक्कल को प्रभात जयसूर्या ने स्टंपिंग कराया। टी-ब्रेक तक भारत का स्कोर 364/5 है। तीसरे सेशन का खेल 4:20 बजे शुरू होगा। प्रभात जयसूर्या ने 91.3 ओवर में देवदत्त पडिक्कल को 167 रन पर स्टंपिंग करा दी। पडिक्कल क्रीज से आगे निकलकर शॉट खेलने आए, लेकिन जयसूर्या ने गेंद को तेज और फ्लैट रखा। पडिक्कल गेंद को मिस कर गए और विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने तुरंत गिल्लियां बिखेर दीं। पडिक्कल ने 230 गेंदों में 167 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल रहा। केशरा नुवान्था ने 84.1 ओवर में केएल राहुल को 82 रन पर आउट कर दिया। गेंद ने टर्न और बाउंस लिया, जिससे राहुल शॉर्ट लेंथ पर कैच दे बैठे। ऑफ स्टंप के बाहर की फ्लैटर गेंद पर राहुल ऑफ साइड में शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद ज्यादा घूम गई।

यूपी टी-20 : काशी रुद्रास ने कानपुर सुपरस्टार्स को आठ विकेट से हराया

खेल संवाददाता



लखनऊ। कप्तान समीर रिजवी की शानदार नाबाद 71 रन की पारी के बावजूद कानपुर सुपरस्टार्स का 163 रन का स्कोर काम नहीं आया। वहीं अभिषेक गोस्वामी (नाबाद 76) और कप्तान करन शर्मा (67) के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई 135 रन की मैच जिताऊ साझेदारी के दम पर गत चैंपियन काशी रुद्रास ने यूपी टी-20 लीग सीजन-4 के चौथे मुकाबले में

यूपी टी-20 लीग सीजन-4

कानपुर सुपरस्टार्स को आठ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। वहीं कानपुर सुपरस्टार्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में काशी ने 164 रन का लक्ष्य 18.1 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल किया। आज मैच में काशी रुद्रास के कप्तान करन शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

काशी के गेंदबाजों ने शुरुआत में दबाव बनाया, लेकिन कानपुर के कप्तान समीर रिजवी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाल लिया। समीर रिजवी ने अपनी नाबाद 71 रन की शानदार पारी में सिर्फ 47 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौके और दो छक्के लगाए। आदर्श सिंह और प्रियांशु पांडेय ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। आदर्श ने 23 गेंदों पर 22 और प्रियांशु ने 23 गेंदों पर 26 रन बनाए। दोनों के आउट होने के बाद रिजवी ने एक छोर संभाले रखा। कानपुर सुपरस्टार्स ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरे और निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 163 रन बनाए। 164 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी रुद्रास को तीसरे ओवर में पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज उवेश अहमद को तेज गेंदबाज विनीत पंवार ने आउट किया। उनका कैच कानपुर के कप्तान समीर

सुहास एलवाई ने घंटा बजाकर कराई मैच की शुरुआत

रिजवी ने शानदार अंदाज में लपका। इसके बाद करन शर्मा ने अभिषेक गोस्वामी के साथ पारी को संभाला। दोनों ने पहले पावरप्ले में संभलकर बल्लेबाजी की और फिर रन गति बढ़ाते हुए कानपुर के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। अभिषेक गोस्वामी ने 52 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन बनाए। वहीं कप्तान करन शर्मा ने 44 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 67 रन की शानदार पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 84 गेंदों पर 135 रन की मैच जिताऊ साझेदारी कर काशी को जीत लगभग तय कर दी।

अभिषेक गोस्वामी को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंत में उपेंद्र यादव ने सात गेंदों पर नाबाद 18 रन बनाकर काशी को 18.1 ओवर में दो विकेट पर 167 रन तक पहुंचाया और टीम ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत सुहास एलवाई (आईएएस), सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने टॉस कराकर और पारंपरिक अंदाज में घंटा बजाकर की। इस अवसर पर यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर और गवर्निंग काउंसिल के सदस्य संजीव कुमार सिंह भी मौजूद रहे। सुहास एलवाई ने कहा कि यूपी टी-20 लीग प्रदेश में क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवा खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उत्तर प्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देते हैं। उन्होंने दोनों टीमों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई। डॉ. संजय कपूर ने कहा कि यूपी टी-20 लीग लगातार प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का मंच देने का काम कर रही है। लीग का उद्देश्य रोमांचक क्रिकेट के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है।

कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ रुपये घटी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में बीते सप्ताह गिरावट के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से करीब एक लाख करोड़ रुपये की कमी आई। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 489.92 अंक यानी 0.62 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 204.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के

बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन पांच कंपनियों के बाजार मूल्य में कुल मिलाकर करीब एक लाख करोड़ रुपये की कमी हुई। दूसरी ओर भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत बढ़ गई। इस कंपनियों के मूल्यांकन में कुल 55,149.45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार पूंजीकरण 34,263.28 करोड़ रुपये घटकर 8,53,506.85 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 31,869.13 करोड़ रुपये घटकर 17,70,056.06 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 25,891.88 करोड़ रुपये घटकर 9,85,829.96 करोड़ रुपये पर आ गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,165.37 करोड़ रुपये घटकर 11,20,802.10 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 2,792.65 करोड़ रुपये घटकर 10,17,577.98 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 26,438.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,23,330.31 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 20,592.13 करोड़ रुपये बढ़कर 12,43,016.11 करोड़ रुपये हो गई। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 3,548.79 करोड़ रुपये बढ़कर 6,77,197.34 करोड़ रुपये रहा।

पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से तय होगी सर्राफा बाजार की अगली दिशा

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में मजबूती बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, विश्लेषकों ने कहा कि इस दौरान उतार-चढ़ाव बने रह सकते हैं।

बाजार प्रतिभागी औद्योगिक धातुओं के संकेतों के लिए अमेरिकी आवास और व्यापार आंकड़ों, ब्रिटेन, यूरो क्षेत्र और जापान के मुद्रास्फीति आंकड़ों के साथ ही चीन के आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक के मौद्रिक नीति संकेतों के लिए फेडरल रिजर्व की एफओएमसी बैठक की टिप्पणियों पर भी नजर रखी जाएगी। सोने और चांदी का नजरिया सकारात्मक बना हुआ है और इनके क्रमशः 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और 2.54 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक जाने की उम्मीद है। घरेलू मोर्चे पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अक्टूबर आपूर्ति वाला सोना वायदा पिछले सप्ताह 2,686 रुपये या लगभग दो प्रतिशत चढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एमसीएक्स पर सितंबर अनुबंध वाली चांदी 4,458 रुपये या 1.9 प्रतिशत बढ़कर 2.35 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इस सप्ताह सोने में मजबूती के साथ कारोबार हुआ और इसमें एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, हालांकि एक वक्त यह दो प्रतिशत से अधिक बढ़ गया था, जिसके बाद उच्च स्तरों पर मुनाफावसूली देखने को मिली। अगस्त में एमसीएक्स सोने में लगभग 9.5 प्रतिशत की तेजी आई, जिससे निकट अवधि में उच्च स्तरों पर एक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव और बीच-बीच में मुनाफावसूली हो सकती है।

कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति, अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि कंपनियों के तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के बाद अब निवेशकों की नजर वैश्विक घटनाक्रमों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी रहेगी। निकट अवधि में होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम और ब्रेंट कच्चे तेल की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण कारक होंगे। उन्होंने कहा कि तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त हो चुका है और आने वाला सप्ताह आंकड़ों के लिहाज से अपेक्षाकृत हल्का रहेगा। ऐसे में निवेशकों का ध्यान वैश्विक मौद्रिक नीति, कच्चे तेल और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर रहेगा। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे से भी फेडरल रिजर्व के नीतिगत परिदृश्य को लेकर संकेत मिलेगा।

सरकार ने रिफाइनरी इकाइयों को एलपीजी उत्पादन लक्ष्य तय किया

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान आयातित रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद अब सरकार ने घरेलू तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) उत्पादन बढ़ाने के लिए पहली बार अलग-अलग रिफाइनरी इकाइयों और तेल-गैस कंपनियों के लिए अधिकतम उत्पादन लक्ष्य तय किए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के 13 अगस्त के आदेश के तहत 21 रिफाइनरी और अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए कुल 63,810 टन प्रतिदिन का तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) उत्पादन क्षमता निर्धारित की गई है। यह 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के घरेलू एलपीजी उत्पादन का दोगुना से भी अधिक है। साथ ही यह आंकड़ा देश की 70 प्रतिशत दैनिक खपत के बराबर है। ये लक्ष्य आपूर्ति में कमी की स्थिति में लागू होंगे। भारत में

वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 3.32 करोड़ टन एलपीजी की खपत हुई, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 1.31 करोड़ टन रहा। करीब 2.13 करोड़ टन एलपीजी का आयात करना पड़ा। यानी देश अपनी एलपीजी जरूरत का 64 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है। सरकार का यह कदम उस संकट की पृष्ठभूमि में आया है, जब पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से एलपीजी का आयात प्रभावित हुआ था। उस दौरान घरेलू एलपीजी की आपूर्ति बनाए रखने के लिए रिफाइनरी कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति सीमित करने तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रिफिल बुकिंग की अवधि बढ़ाने जैसे कदम उठाने पड़े थे।

शाह ने पुण्यतिथि पर वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी उनकी मूल्य आधारित राजनीति की सराहना की

नयी दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि उनकी मूल्य आधारित राजनीति ने पहली बार अंत्योदय और सुशासन की परिकल्पना को धरातल पर उतारकर वास्तविकता में बदला। शाह ने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि अटल जी ऐसे राष्ट्रभक्त राजनेता थे, जिन्होंने अपने जीवन का हर क्षण राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षणों और कारगिल युद्ध के जरिए पूरी दुनिया को भारत की शक्ति से परिचित कराया, वहीं दूसरी ओर उनकी मूल्य आधारित राजनीति ने पहली बार अंत्योदय और सुशासन की परिकल्पना को धरातल पर साकार किया। शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री का विराट व्यक्तित्व और नेतृत्व हमेशा भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री बनने वाले भाजपा के पहले नेता वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को ग्वालियर में हुआ था और 16 अगस्त, 2018 को नयी दिल्ली में उन्होंने आखिरी सांस ली थी।

डेक्सलैब्स एआई एजुकेशन लखनऊ में एआई स्किल सेंटर का शुभारंभ

लखनऊ। डेक्सलैब्स एआई एजुकेशन, जो विद्यालयी छात्रों में एआई साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु समर्पित एक पहल है। इंदिरा नगर, लखनऊ में अपने नए एआई स्किल सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर के अनेक विद्यार्थी, शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन एक दिवसीय प्रतिभा, शिक्षा एवं भविष्य-उन्मुख शिक्षा के उत्सव में सम्मिलित हुए। डेक्सलैब्स एआई स्किल सेंटर का उद्देश्य विद्यालयी छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है, साथ ही उनमें रचनात्मकता, तकनीक एवं उद्यमिता जैसे कौशल विकसित करना है। शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक प्रतिभागी छात्र को निःशुल्क डेक्सटेस्ट की सुविधा दी गई, जिससे उनकी योग्यता एवं भविष्य-तत्परता का आकलन किया जा सकेगा, साथ ही छात्रों एवं अभिभावकों को विशेषज्ञ द्वारा करियर परामर्श भी प्रदान किया। डेक्सटेस्ट के प्रदर्शन के आधार पर चयनित छात्र सेंटर के साध्यकालीन कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु 100% तक की छात्रवृत्ति के भी पात्र बन सकते हैं। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण अंतर-विद्यालयी प्रतिभा प्रतियोगिता, जिसमें लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के छात्र नृत्य, कला एवं संगीत श्रेणियों में भाग लिया। जिसमें प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को एकल हेतु रुपये 3,000 तथा समूह/युगल हेतु रुपये 5,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

पेज एक का शेष

सुरक्षित भारत

के कारण विकास, विश्वास और प्रयास का तिरंगा लहरा रहा है। लेकिन इस चुनौती को हमने कम नहीं आंकना है। इस चुनौती से हमें और भी सावधान रहने की जरूरत है। वर्षों तक देश की सत्ता में माओवादी सोच के लोग गलियारों में अपनी जगह बनाकर के बैठे थे। सरकारी कमेटियों में सलाहकार के रूप में भी ये माओवादी सोच ने नीतियों को प्रभावित किया था। जंगलों में हमें हथियारी नक्सलों का खात्मा बुलाने में उस संकट से देश को मुक्त कराने में सफलता मिली है। लेकिन हथियारी नक्सल तो गए, लेकिन दिमागी नक्सल, यह दिमागी नक्सल मौके की तलाश में है। हिंसा अराजकता के वो रास्ते खोज रहे हैं। समाज को गलत राह पर घसीटने के लिए भांति-भांति के दांव कर रहे हैं। इन दिमागी नक्सलियों को पहचानना होगा। इन दिमागी नक्सलियों को आइसोलेट करना होगा और राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने की मुख्यधारा की ओर देश की युवा पीढ़ी को जोड़ना होगा।

विश्व के

जताया। नेतन्याहू ने अपने संदेश में भारत और अपने प्रिय मित्र प्रधानमंत्री मोदी को देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इजराइल ने एक वर्ष के अंतराल पर स्वतंत्रता हासिल की थी और दोनों प्राचीन राष्ट्र अपने लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए मिलकर भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे नवोन्मेष और मित्रता की कोई सीमा नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू की शुभकामनाओं के लिए उनका आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि भारत-इजराइल विशेष रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी जिससे नए अवसर पैदा होंगे तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध और गहरे होंगे।

युवाओं के

इनोवेशन और रोजगार को एकीकृत दृष्टिकोण के साथ और मजबूती दी जाएगी। जेन-जी और जेन-अल्फा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एग्रीटेक, फिनटेक, डीपटेक और मेड टेक जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज, हर जिले में स्टेडियम, हर ब्लॉक में मिनी स्टेडियम तथा गांवों में खेल मैदान और ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का युवा पलायन की समस्या से मुक्त होकर अपने ही प्रदेश में रोजगार और उद्यम के नए अवसर तलाश रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की बहन-बेटियों को असुरक्षा से आजादी दिलाने के साथ उन्हें सम्मान और स्वावलंबन का अवसर दिया गया है। आज बेटियां बाजार जा सकती हैं, पढ़ाई के लिए अकेले जा सकती हैं और अपने कार्य से सुरक्षित घर लौट सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर काम कर रही है। स्वयं सहायता समूह, बीसी सखी, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, एफपीओ और मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों से जुड़ रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश के बजट और अर्थव्यवस्था में करीब तीन गुना वृद्धि हुई है। प्रति व्यक्ति आय भी तीन गुना बढ़ी है। प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 65 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बनी हैं। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नौ वर्षों में नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार मिला है। प्रदेश में चार करोड़ से अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होने की बात भी मुख्यमंत्री ने कही।

आम नागरिक

दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास की योजनाएं बनाते समय स्थानीय परिस्थितियों और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से नियमित समन्वय बनाए रखने को कहा, ताकि समस्याओं की वास्तविक स्थिति समय पर सामने आ सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में उच्च स्तर से निर्णय की आवश्यकता है, उनमें भी अनावश्यक पत्राचार या देरी से बचते हुए समयबद्ध प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का मूल्यांकन केवल बजट खर्च होने या परियोजना पूरी होने से नहीं, बल्कि जनता को मिलने वाले परिणामों के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को योजनाओं की उपयोगिता और धरातल पर उनके प्रभाव की भी समीक्षा करने को कहा। चोरगलिया प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी-चोरगलिया-सितारगंज मार्ग पर शेर नाला में निर्मित 120 मीटर स्पान डबल लेन आरसीसी कंक्रीट पुल को जनता को समर्पित किया। करीब 9.93 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस पुल को क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है। शेर नाला में बरसात के दौरान जलस्तर बढ़ने से पूर्व में इस मार्ग पर यातायात प्रभावित होता रहा है। तेज बहाव की स्थिति में स्थानीय नागरिकों को आवाजाही में कठिनाई के साथ वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ता था। इससे दैनिक यात्रियों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां और क्षेत्रीय संपर्क भी प्रभावित होते थे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली

आरबीएफ ईंट भट्ठे पर ट्रैक्टर चालक था। अन्य तीनों संदीप (18), पवन (24) और रामकिशोर उर्फ बलराम (30) उसी भट्ठे पर ईंट लादने-उतारने का काम करते थे। हादसे के समय सभी ईंट लेकर जा रहे थे। मृतकों में पीतांबर, संदीप, पवन तीनों एक गांव के इलियाजपुर मजरा पदरांवा, थाना कोठी, बाराबंकी के रहने वाले थे जबकि रामकिशोर उर्फ बलराम पड़ोस के गांव सरायनजर का रहने वाला था। मृतक पीतांबर के परिवार में पत्नी नीलम तथा अनिमेष शांति व नीलेश तीन बच्चे है। पिता बेटी शांति की शादी के लिए रिश्ता देख रहे थे।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनय कुमार पाण्डेय
जिलाध्यक्ष
प्राथमिक शिक्षक संघ
जनपद श्रावस्ती

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राम बिहारी वाजपेई
प्रधानाचार्य
जगत जीत इंटर कॉलेज
इकौना

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आशीष कुमार सिंह
प्रधान प्र.ग्राम पंचायत दोस्त पुर बुढ़बारा,
विकास खण्ड छतोह रायबरेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद, टूण्डला (फिरोजाबाद)

नगर पालिका परिषद टूण्डला द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित नागरिकों से अपील-

1. जल ही जीवन है इसका दुरूपयोग न करें।
2. पॉलीथीन का प्रयोग निषेध है इसका प्रयोग न करें। पॉलीथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
3. स्वयं स्वच्छता रखें एवं दूसरों को भी साफ -सफाई रखने के लिए प्रेरित करें।
4. गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग रखें तथा कूड़ा गाड़ी में अलग-अलग डाले एवं होम कम्पोस्टिंग भी करें।
5. खुले में शौच न जाये। शौचालय का प्रयोग करे।
6. सार्वजनिक पोखरों, तालाब, मैदान, सड़क, नाला, व नाली के ऊपर अतिक्रमण न करे।
7. जन्म - मृत्यु का पंजीयन समय से कराये एवं भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
8. अपने नगर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।
9. वृक्षारोपण से हमारा पर्यावरण हरा-भरा और स्वस्थ बनेगा। इसके द्वारा हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और सुखद भविष्य दे सकते है एक वृक्ष अवश्य लगाये।

समस्त मा. सभासदगण

(आशुतोष त्रिपाठी)	(भंवर सिंह)
अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद
टूण्डला।	टूण्डला।

पत्रांक:- 369/न०पा०प०टूण्डला/2026-27 दिनांक:- 14.08.2026

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अवध राज गुप्ता	अक्षय त्रिपाठी
पीटीओ	जिलाधिकारी
परिवहन विभाग जनपद बहराइच	बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मोहम्मद मुस्तफा
(कोटेदार)
नगर पंचायत परशदेपुर
रायबरेली

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश कुमार यादव
प्रधानाचार्य
चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कालेज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप दूबे	विश्वजीत श्रीवास्तव
थाना अध्यक्ष	पुलिस अधीक्षक
थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच	जनपद बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती बन्दना ग्राम प्रधान
प्रधान प्रतिनिधि **राम देव**
ग्राम पंचायत परशुराम पुर ठेक हाई बिकास खण्ड सलोन रायबरेली

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुभाष सत्या	मधु सत्या
भाजपा नेता	पूर्व ब्लॉक प्रमुख

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हरेन्द्र कुमार मिश्रा	विश्वजीत श्रीवास्तव
प्रभारी निरीक्षक	पुलिस अधीक्षक
थाना रूपईडीहा बहराइच	जनपद बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एन.एच. पब्लिक स्कूल
नगर पंचायत परशदेपुर डीह, रायबरेली

120 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर

जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली

आप सभी सम्मानित ग्राहको एवं नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं

विशेष अपील : मात्र 3% की प्रभावी ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण सुविधा का लाभ उठाये।

विवेक विक्रम सिंह
अध्यक्ष
जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. एस.के. वर्मा	अक्षय त्रिपाठी
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक नाक कान गला स्पेस्लिस्ट,	जिलाधिकारी
जिला चिकित्सालय जनपद बहराइच	बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील कुमार	अक्षय त्रिपाठी
आरटीओ प्रशासन एवं परिवर्तन	जिलाधिकारी
परिवहन विभाग जनपद बहराइच	बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप कुमार	अक्षय त्रिपाठी
आर.आई. जनपद बहराइच	जिलाधिकारी
परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश	बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. प्रभाकर मिश्रा	अक्षय त्रिपाठी
सीनियर फिजीशियन-जनक नंदिनी हॉस्पिटल	जिलाधिकारी
जेल रोड जनपद बहराइच	बहराइच

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

नगर पालिका, बहराइच स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त, 2026) के शुभ अवसर पर अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्द करती है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है, साथ ही नगरवासियों से अपील करते हैं-

1. घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सूखा-गीला कचरा अलग-अलग करके सूखा कचरा नीले व गीला कचरा हरे पात्र में ही डालें।
2. जल ही जीवन है, उसे बर्बाद एवं दूषित न करें, नलों को खुला न छोड़े।
3. जन्म मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
4. पालिका सार्वजनिक/सरकारी भूमि/ सम्पत्ति पर स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण/ कब्जा न करें।
5. सफाई कर्मी के आने से पूर्व ही अपने घरों का कूडा आदि निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि सफाई कार्य में सहयोग मिल सके। सडकों, नालियों एंव रास्तों पर कूड़ा-करकट न डालें।
6. भवन निर्माण से पूर्व भवन के मानचित्र की एन.ओ.सी. कराना सुनिश्चित करें।
7. शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक/ पालीथिन का उपयोग प्रतिबंधित है। जनहित में इसका उपयोग न करें।
8. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों/यूरिनल निर्मित पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करें।
9. शासन द्वारा एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत 15 अगस्त, 2026 से 15 दिसम्बर 2026 तक गृहकर व जलकर पर आरोपित ब्याज पर शतप्रतिशत छूट दी जानी है। इस हेतु 15 अगस्त, 2026 से 15 नवम्बर 2026 तक गृह स्वामियों द्वारा आवेदन कर उक्त छूत का लाभ प्राप्त करें।

(प्रमिता सिंह)	(सुधा देवी)
अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद बहराइच	नगर पालिका परिषद बहराइच

दिनांक 13 अगस्त 2026

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनुप्रिया पटेल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
भारत सरकार

श्री राम निवास वर्मा
विधायक
नानपारा विधानसभा
नानपारा अपना दल यश

15 अगस्त 2026
स्वतंत्रता दिवस
हर घर तिरंगा, हर दिल भारत।
नमन उन वीरों को, जिनके बलिदान से मिला हमें स्वाधीनता का मान

शिक्षक अभिभावकों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज पलिया कलां (खीरी)

डी.एल. भार्गव (प्रधानाचार्य)
गोविंद गर्ग (प्रबंधक)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, इटावा

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा बी ग्रेड प्राप्त
(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध)

विशेषताएँ:-
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ
- कम्प्यूटर लैब की सुविधा
- ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट की व्यवस्था
- जनपद का प्राचीन एवं उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान
- खेल कूद एवं साँस्कृतिक गतिविधियों का श्रेष्ठ आयोजन

सत्येन्द्र कुमार वर्मा — अध्यक्ष, प्रबंध समिति
ओमकार नाथ वर्मा — मंत्री, प्रबन्ध समिति
प्रो. (डॉ.) महेन्द्र सिंह — प्राचार्य

श्री गुरु रामदास हॉस्पिटल

पलिया रोड, निकट गिरि पेट्रोलियम, निघासन - खीरी

सुविधाएं - सामान्य रोग विभाग, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग हड्डी एवं जोड़ रोग, दांत रोग, बाल रोग, फिजियो थेरेपी, एक्स-रे ई.सी.जी., ऑक्सीजन, 24x7 इमरजेन्सी सुविधा

सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पलिया बस आपरेटर्स एसोशिएशन पलिया कलां (खीरी)

अमरजीत सिंह खैरा (अध्यक्ष)
सतेन्दर पाल सिंह (सचिव)
इन्द्रजीत सिंह गिल (कोषाध्यक्ष)

खजुरिया गौरीफन्टा एवं दुधवा लखीमपुर बस आपरेटर्स एसोशिएशन पलिया कलाँ (खीरी)

हरी सिंह सन्धु (अध्यक्ष)
जोरा सिंह खैरा (सचिव)
चरनजीत सिंह खैरा (कोषाध्यक्ष)

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP

NAAC Accredited
NBA
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
150000+ Alumni

ADMISSION OPEN 2026-2027

BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Legal Studies
- Pharmacy
- Architecture
- Dental Science
- Computer Applications
- Basic Sciences
- Education
- Hotel Management
- Agricultural Sciences
- Media & Communication
- Ph.D. in all Disciplines

Meritorious Scholarships Offered

Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google

Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI

NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI | MBA- DS & AI | IMBA- DS & AI
BBA - Marketing | M.TECH (CSE) - AI

BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties

BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH

BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746

SCHOLARSHIP @25%
All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges

AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus

TOP RECRUITERS
amazon, Google, IBM, adani, zomato, Grab, accenture, TCS, pwc, Microsoft, Infosys, HARMAN, Paytm, EY, Capgemini, NEWGEN, wipro, accenture

BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222

शिवपाल सिंह यादव — प्रबंधक
आदित्य यादव — निदेशक, सुघर सिंह मेमोरियल शिक्षा प्रसार समिति सैफई

स्वतंत्रता दिवस

के अवसर पर शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनायें

यूपी बोर्ड संबंद्ध
सुघर सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कालेज

बीटीसी कालेज
एस.एस. मेमोरियल एजूकेशन एकेडमी
(कालेज कोड-210011)

सीबीएसई बोर्ड संबंद्ध
एस.एस. मेमोरियल सीनियर सेकेण्ड्री पब्लिक स्कूल
सैफई-इटावा

एस.एन. यादव — प्रधानाचार्य
राजेश राजपूत — प्रधानाचार्य
डॉ. अवधेश श्रीवास्तव — कार्यकारी निदेशक/प्राचार्य

कार्यालय
नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करते है।

01. जल अमूल्य है इसकी बचत करें और बिना उपयोग नलों की टोंटिया खुली न छोड़े।
02. सड़कों पर मवेशियों को न बांधे इससे सड़कें खराब होती है।
03. कूड़ा सड़क पर न डालें उसको कूड़ेदान में डालकर नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।
04. नगर को स्वच्छ रखने के लिए डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग दे। कूडे को नगर पंचायत सफाई कर्मी को ही दे कूडे किसी भी दशा में नाली / नाले सड़क अथवा खुले स्थान न फेकें और न ही जलायें, कूडा खुले में फेंकने से सड़क गन्दी होती है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
05. अपने पालतू पशुओं को आवारा न छोड़े इससे नगरवासियों को परेशानी होती है।
06. पेड़-पौधों को नष्ट न करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधे जरूर लगायें।
07. समस्त प्रकार के पालीथीन बैग तथा थमाकोंल से निर्मित समस्त उत्पादों का प्रयोग न करें। यह शासन द्वारा पूर्णतः प्रतिबन्धित है तथा इसका उत्पादन प्रयोग परिवहन तथा भण्डारण करना संज्ञेय अपराध है, पकड़े जाने पर जुर्माना / सजा अथवा दोनों तरह से दण्डित किया जा सकता है।
08. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय, सार्वजानिक शौचालय / यूनियन निर्मित, पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करें।
09. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें

दिनेश कुमार शुक्ला — अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत निघासन लखीमपुर-खीरी

सभासदगण
श्रीमती रामश्री, श्री श्याम सुन्दर, श्री गुड्डू राज, श्री अमित वर्मा, श्री राम खेलावन, श्रीमती सुमन देवी, श्री उमेश मौर्या, श्री दयाशंकर पाल, श्री मुन्ना खान, श्री बाबू राम मौर्य, श्रीमती गायत्री देवी, श्री असलम खान, श्री विनोद कश्यप, श्रीमती नीलू गिरि, श्रीमती शिव देवी, श्रीमती मुन्नी देवी, (नामित) श्री सुनील कुमार मौर्य (नामित), श्री रामकुमार मौर्य (नामित)।

बद्री प्रसाद मौर्य — अध्यक्ष, नगर पंचायत निघासन लखीमपुर-खीरी

स्वच्छ निघासन सुन्दर निघासन समृद्ध निघासन

कार्यालय
नगर पंचायत बढ़ापुर (बिजनौर)

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 पर नगर वासियों से अपील

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नगर पंचायत बढ़ापुर को प्रथम स्थान दिलाने हेतु नगर पंचायत बढ़ापुर का सहयोग करें।
2. संक्रमित बीमारियों से बचाव हेतु समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में परीक्षण करायें।
3. पालीथीन का प्रयोग न करें पालीथीन को हटाने में नगर पंचायत बढ़ापुर का सहयोग करें।
4. जन्म-मृत्यु पंजीकरण समय से करायें जलकर, जलमूल्य, गृहकर, आदि सभी प्रकार के टैक्स समय से जमा कर रसीदें प्राप्त करें।
5. खुले में शौच न जायें, नगर पंचायत द्वारा बनाये गये सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करें।
6. कूड़ा कचरा निश्चित स्थान पर रखें कूड़ेदान में ही डालें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़ापुर बिजनौर

कार्यालय नगर पालिका परिषद पडरौना, जनपद-कुशीनगर

श्री नरेन्द्र मोदी जी — मा. प्रधानमंत्री, भारत सरकार
परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज — मा. मुख्यमंत्री, उ. प्र. सरकार

श्री विजय कुमार दुबे जी — मा. सांसद-कुशीनगर
श्री आरपीएन सिंह जी — मा. सांसद-राज्यसभा
श्री रामपाल सिंह जी
श्री मनीष जायसवाल जी — मा. विधायक-पडरौना
श्री दया सिंह चौहान जी
श्री अरविंद शर्मा जी

विकास के पथ पर अग्रसर नगर पालिका परिषद पडरौना

हर घर तिरंगा

15th August स्वतंत्रता दिवस

नगर पालिका परिषद पडरौना की तरफ से स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं

महेन्द्र सिंह तंवर — जिलाधिकारी, कुशीनगर
वैभव मिश्रा — अपर जिलाधिकारी, कुशीनगर
राजीव निगम — उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी
विनय जायसवाल — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पडरौना

सम्मानित सभासदगण
सम्मानित मनोनीत सभासदगण

नगर पालिका परिषद नगीना

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की समस्त नगीना वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं दिली मुबारक बाद

जनहित में अपील-

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूडा इधर उधर न फेकें नगर को स्वच्छ बनाये रखने में पालिका का सहयोग करें।
2. पालिका कार्यालय में आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपड़े जूते एवं चप्पल आदि दें जिससे गरीब लोगों को निशुल्क वितरण किया जा सके।
3. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है इसको प्रयोग करने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा
4. निकाय द्वारा कूडे का डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है आप कूडे को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें कूडा इधर उधर न फेंके।
5. अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियाँ फैलने की सम्भावना होती है।
6. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

(ताहिरा बेगम)
अध्यक्ष
एवं समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद नगीना